सुप्रभात
रांची, बुधवार
29.03.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | चैत्र, शुक्ल पक्ष, अष्टमी, संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 253



12 बिग बी ने हाथ में पट्टा बांध फैंस का किया अभिवादन

### चैत्र नवरात्र: अष्टमी महागौरी



'ॐ ऐं ह्रीं क्लीं महागौर्ये नम ॥

देवी का आठवा स्वरूप है महागौरी। गौरी यानी पार्वती, महागौरी यानी पार्वती का सबसे उत्कृष्ट स्वरूप। अपने पापकर्मों के काले आवरण से मुक्ति पाने और आत्मा को फिर से पवित्र और स्वच्छ बनाने के लिए महागौरी की पूजा और तप किया जाता है। ये चरित्र की पवित्रता की प्रतीक देवी हैं, सफलता अगर कलंकित चरित्र के साथ मिलती है तो वो किसी काम की नहीं, चरित्र उज्जवल हो तो ही सफलता का सुख मिलता है।

## रामनवमी पर अंतिम मंगलवारी जुलूस



बैठक में बोले सीएम- जियाडा क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करें

# अतिक्रमण रोकने को सीमांकन कर बोर्ड लगाने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (जियाडा) की बैठक में कहा कि जियाडा के अंतर्गत आने वाली जमीन का सीमांकन और बोर्ड लगायें, ताकि उसका अतिक्रमण नहीं हो। उन्होंने जियाडा क्षेत्र में बिजली,पानी, सड़क जैसी इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने को कहा। मंगलवार को सीएम श्री सोरेन ने बोर्ड की 11वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए उक्त निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जियाडा में जिन कंपनियों को भूमि दी गयी है, उन्होंने यहां कोई प्लांट स्थापित नहीं है, उन्हें नोटिस दें। उन्होंने यह भी कहा कि आसपास के क्षेत्रों में जिन उत्पादों की ज्यादा डिमांड और उत्पादन होता है, वैसे ही उत्पादों से जुड़े सामग्री बनाने वालों को जियाडा परिसर में जमीन आवंटित करने में प्राथमिकता दी जाये।

**बैठक में 11 एजेंडों पर चर्चा :** जियाडा की बोर्ड मीटिंग में 15 एजेंडों पर चर्चा हुई। (शेष पेज 11 पर)

### 24 कैदियों की रिहाई पर बनी सहमति

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक में आजीवन सजा काट रहे 50 कैदियों की रिहाई की समीक्षा हुई। इस दौरान अदालतों, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक, जेल अधीक्षक और प्रोबेशन पदाधिकारी के मंतव्य पर विचार–विमर्श के बाद 24 कैदियों के रिहा करने पर सहमति बनी। सीएम ने कहा कि जो भी कैदी रिहा किये जाते हैं, उनका डाटा बैंक बनाया जाये। रिहाइ के बाद कैदियों की गतिविधियों की ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग की व्यवस्था होनी चाहिए। (शेष पेज 11 पर)

## वेलेंटाइन डे के दिन प्रेमी ने की थी हत्या, गर्भपात के पुर्जे से खुलासा

**रांची।** राजधानी रांची के चुटिया इलाके में रह रही 22 वर्षीय आदिवासी बेटी हैवानियत की शिकार हो गयी। रांची पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर मिस्ट्री का खुलासा कर सनसनी फैला दी। दो माह के बाद रांची पुलिस को उसके घर से एक पुर्जा मिला, वह पुर्जा गर्भपात का था। इसी पुर्जे के आधार पर पुलिस कातिल तक पहुंची और आरोपी पंकज को ओरमांझी इलाके से गिरफ्तार कर लिया। आदिवासी बेटी रश्मि मुंडा चुटिया इलाके से 13 फरवरी 2023 से गायब हुई थी। इस संबंध में उसके परिजनों ने चुटिया थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस युवती को लापता जान खोज रही थी। पर, कागज के एक पुर्जे ने न सिर्फ आरोपी को पकड़ाया, बल्कि ओरमांझी थाना क्षेत्र के उकरिद पहाड़ी से 27 फरवरी, 2023 को बरामद कंकाल का भी खुलासा कर लिया। (विस्तृत पेज तीन पर)



आरोपी गिरफ्तार, 27 को मिला था युवती का नरकंकाल

दूसरे दिन भी राजीव अरुण एक्का से इडी ने पूछा

## कौशल विकास समेत अन्य घोटाले में किसका कितना कमीशन था

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने मंगलवार को भी आइएएस अधिकारी राजीव अरुण एक्का से पूछताछ की। पूछताछ में राजीव अरूण एक्का इडी के तीखे सवालों से 11 घंटे तक जूझते रहे। सूत्रों के अनुसार, ईडी ने उनसे जानना इडी ने राजीव अरूण एक्का से पूछा है कि विशाल चौधरी के यहां जब छापेमारी की गई थी तो उसकी कंपनी फ्रंटलाइन और विनायका ग्रुप में कई दस्तावेज मिले थे। फ्रंटलाइन कंपनी के माध्यम से कौशल विकास कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। विनायका ग्रुप के माध्यम से अन्य कामकाज होता है। ऐसे में कौशल विकास घोटाले में किसको कितना कमीशन मिलता था। इडी ने पूछा कि सरकार की योजनाओं का टेंडर आखिर विशाल चौधरी के ही कंपनी को क्यों मिलती थी।

जांच एजेंसी को विशाल चौधरी से कई अहम सबूत हाथ लगे हैं। हाल के दिनों में 10 करोड़ रुपये के ट्रांजेक्शन संबंधी दस्तावेज हासिल करने में भी ईडी सफल रही है। खबर है कि विशाल चौधरी से पूछताछ में झारखंड के आधा दर्जन से अधिक आइएएस और आइपीएस अफसरों के काले धन की पोल खुल सकती है। (शेष पेज 11 पर)

### नहीं रहे सरना धर्मगुरु डॉ प्रवीण उरांव, शोक

**रांची।** राष्ट्रीय सरना धर्मगुरु, झारखंड आंदोलनकारी सह आजसू के संस्थापक सदस्य डॉ प्रवीण उरांव का रांची स्थित आवास में ह्दय गति रुकने से मंगलवार को निधन हो गया। निधन से कुछ घंटों पहले डॉ प्रवीण ने फेसबुक में आदिवासी समाज के लिए अपना संदेश लिखा जिसमें सरहुल के महत्व को बताया था। साथ ही सरना झंडा की पवित्रता का जिक्र किया था। उनके निधन से सीएम हेमंत सोरेन समेत तमाम राजनेताओं और सरना समाज के लोग मर्माहत हैं। डॉ उरांव संजय गांधी मेमोरियल कॉलेज रांची के एक्जाम कंट्रोलर के पद पर थे। इस संबंध में उनके जीजा सुखदेव भगत ने बताया कि रातू महाराजगढ़ काठीटाड़ उनका पैतृक घर है। उनका जन्म एक अगस्त, 1965 में पालकोट प्रखंड के बघिमा में हुआ था। प्रवीण उरांव का प्रारंभिक पढ़ाई बघिमा स्कूल में हुई थी।

## अतीक अहमद को उम्रकैद सजा सुनते ही रो पड़ा डॉन

एजेंसी

**प्रयागराज।** माफिया सरगना अतीक अहमद को मंगलवार को प्रयागराज की एमपी-एमएलए कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनायी। 17 साल पुराने उमेश पाल अपहरण केस में यह सजा सुनायी गयी है। उसके साथ तीन अन्य को भी उम्रकैद हुआ है। पुलिस रिकॉर्ड में अतीक गैंग पर 101 मुकदमे दर्ज हैं, पर पहला मामला है, जिसमें अतीक को दोषी ठहराया गया और सजा सुनायी गयी। सजा का एलान होते ही माफिया डॉन फूट-फूट कर रोने लगा। (शेष पेज 11 पर)

### इन्हें सजा सुनायी गयी

माफिया अतीक अहमद, उसके करीबी शौकत हनीफ और दिनेश पासी को जिला न्यायालय की एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट के विशेष न्यायाधीश डॉक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला ने आजीवन कारावास की सजा सुनायी। अदालत ने आईपीसी की धारा 364 ए के तहत 3 आरोपियों को दोषी पाया। दोषियों पर 5-5 हजार का अर्थदंड भी लगाया गया है। इसके अलावा इन्हें एक-एक लाख रुपए क्षतिपूर्ति भी देनी होगी। फैसला सुनाये जाते समय अतीक और अशरफ के साथ फरहान भी मौजूद रहा।



दो और को उम्रकैद, अशरफ समेत 7 बरी
उमेश पाल की मां बोलीं- फांसी हो

29 मार्च का इफ्तार शाम 6:05 बजे
30 मार्च का सेहरी भोर 4:21 बजे







| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 73,000 रु./प्रति किलो |



# रामगढ़, हजारीबाग, चाईबासा, साहेबगंज, पाकुड़ व दुमका के लिए तैयार हो रहा क्लीन एयर एक्शन प्लान

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव वाई के दास ने बताया कि राज्य के तीन शहरों रांची, जमशेदपुर और धनबाद के लिए क्लिन एयर एक्शन प्लान पर काम जारी है। इसके जरिये स्वच्छ वायु प्रबंधन के लिए लोकल अरबन बॉडी के जरिये पहल शुरू है। अब नेशनल क्लिन एयर प्रोग्राम के तहत राज्य के रामगढ़, हजारीबाग, चाईबासा, साहेबगंज, पाकुड़ और दुमका के लिए भी क्लिन एयर एक्शन प्लान तैयार किया जा रहा है। सीड्स और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा कन्वर्जिंग बेस्ट प्रैक्टिसेस टू अचीविंग क्लिन एयर पर रांची में आयोजित दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस के समापन पर उन्होंने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के मिशन लाइफ के तहत स्वच्छ पर्यावरण के लिए सतत जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया गया है। बोर्ड इस पर जागरूकता फैलाने और लोगों की सहभागिता के लिए ठोस कदम उठा रहा है। इससे स्वच्छ हवा सबों के लिए सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। धनबाद नगर निगम के म्यूनिसिपल कमिश्नर सत्येंद्र कुमार के अलावा बीआईटी मेसरा, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और अन्य प्रमुख संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने स्वच्छ हवा के लिए उठाए जाने वाले कदमों पर जानकारी दी। सीड्स की प्रोग्राम मैनेजर ऋचा झा के मुताबिक एयर क्वालिटी को बेहतर करने की योजना एवं समाधानों की पूरी प्रक्रिया में नागरिकों को जोड़ा जाना जरूरी है।

दो दिनी कार्यक्रम में नवनत कुमार स्टेट अर्बन डेवलपमेंट एजेंसी, संजय कुमार श्रीवास्तव असिस्टेंट साइंटिफिक ऑफिसर, जेएसपीसीबी, राघव झा केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, डॉ सोमराज चक्रवर्ती असिस्टेंट जनरल मैनेजर सेल, डॉ मनीष कुमार डायरेक्टर रिसर्च एंड डेवलपमेंट सीड, बासुदेव गंगोपाध्याय असिस्टेंट वाईस-प्रेसिडेंट हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, शिबोज्योति दत्ता हेड एनवायरमेंट सेंटर फॉर एक्सीलेंस टाटा स्टील, डॉ तनुश्री भट्टाचार्य बीआईटी मेसरा आदि ने भी संबोधित किया। कॉन्फ्रेंस में प्रस्तुत किये गये बेस्ट प्रैक्टिसेज और सोल्यूशंस को अन्य जिलों में भी अपनाने पर जोर दिया गया।

# हाईकोर्ट को रांची डीसी ने दिया भरोसा- एक माह में दुरुस्त कर देंगे मेन रोड की यातायात व्यवस्था

खबर मन्त्र संवाददाता





रांची। कचहरी चौक स्थित अटल वेंडर मार्केट में दुकान आवंटित करने से संबंधित गोपाल प्रसाद बर्मन और अन्य की याचिका की सुनवाई मंगलवार को हाईकोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान रांची डीसी और नगर आयुक्त कोर्ट में सशरीर उपस्थित थे। न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट में रांची डीसी ने कहा कि अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए रोड मैप तैयार किया गया है। एक माह में इसी रोड मैप के सहारे यातायात व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी। इस पर कोर्ट ने मौखिक कहा कि मेन रोड सहित रांची शहर में सुगम यातायात बहाल की जाए, ताकि सभी लोगों को राहत मिले। इस पर रांची डीसी ने एक माह का रोड मैप देते हुए कोर्ट को बताया है कि 1 माह में मेन रोड में सुगम यातायात की सुविधा बहाल होगी।

रांची डीसी ने कोर्ट को बताया कि रांची शहर को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए 6 जोन में बांट दिया गया है। ट्रैफिक व्यवस्था पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। शहर में फ्लाईओवर निर्माण को लेकर एलएनटी को कहा गया है कि सड़क पर लगाए गए बैरिकेडिंग कि लंबाई बढ़ाए ताकि सुगम यातायात व्यवस्था बनी रहे। ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए होमगार्ड के जवानों की नियुक्ति के लिए भी सरकार को कहा गया है।

सड़कों के किनारे लगाए गए चार्टर्ड साइकिल को भी हटाया जाएगा। सड़कों पर लगाए गए होर्डिंग, बैनर, अनावश्यक बिजली के खंभे आदि को भी हटाकर स्मूथ ट्रैफिक व्यवस्था की जाएगी। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 3 मई निर्धारित करते हुए रांची डीसी को सुगम ट्रैफिक व्यवस्था के लिए उठाए गए कदमों स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। इसके अलावा अगली सुनवाई में भी कोर्ट ने रांची डीसी एवं नगर आयुक्त को फिर से सशरीर उपस्थित रहने का निर्देश दिया।

## मंत्री की अनुपस्थिति में सदर हॉस्पिटल का नया ब्लाक आम जनता को समर्पित




खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। सदर हॉस्पिटल मंगलवार को आमलोगों को समर्पित कर दिया गया। हॉस्पिटल के नए ब्लॉक का उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री की उपस्थिति में किया जाना था। इसकी सभी तैयारियां भी पूरी कर ली गई थी। परंतु वक्त पर न तो स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पहुंचे और न ही सांसद। इतना ही नहीं, हर जगह उपलब्ध रहने वाले विधायक सीपी सिंह ने भी इस समारोह में नहीं पहुंचे। इसी बीच सिविल सर्जन रांची डॉ विनोद कुमार ने स्वास्थ्य मंत्री से अनुमति लेते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़ाया और हॉस्पिटल के नये भवन को आम लोगों के लिए हैंडओवर कर दिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर सुविधा देने की शुरूआत की गई है। आने वाले समय में इसे और अपग्रेड किया जाएगा। बताते चलें कि 15 साल बाद हॉस्पिटल का पूरा ब्लॉक शुरू हो पाया है। सिविल सर्जन ने बताया कि ग्राउंड फ्लोर में ओपीडी और इमरजेंसी की सुविधा दी गई है। इमरजेंसी 24 घंटे संचालित रहेगा।

## एसीबी कोर्ट में 30 साल बाद शैलेंद्र सिंह के खिलाफ आरोप गठित

रांची। जाली कागजात पर सरकारी नौकरी प्राप्त करने के मामले के आरोपी बिहार के रोहतास जिला निवासी शैलेंद्र सिंह उर्फ सुरेंद्र सिंह (66) के खिलाफ केस दर्ज होने के 30 साल बाद आरोप तय किया गया है। शैलेंद्र सिंह ने 29 साल की उम्र में जाली प्रमाणपत्र पर रोहतास के राजकीय औषधायलय गोड़ारो में फरवरी 1984 को योगदान दिया था। आरोपी पर नौकरी में आने के बाद कई लोगों को जाली बहाली भी करवाने का आरोप है। मामले में शैलेंद्र सिंह समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ कैबिनेट (निगरानी) के निर्देश पर निगरानी के तत्कालीन एसपी ब्रज नंदन प्रसाद सिंह बिकाट ने पीई दर्ज की थी। इसी शिकायत पर 28 मार्च 1992 को प्राथमिकी दर्ज की गई। प्राथमिकी के पहले ही आरोपी ने नौकरी छोड़ दी थी।

# किताब के पन्ने में मिला डॉक्टर का पुर्जा रश्मि की जिद बनी उसकी मौत की वजह

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। घर से गायब युवती के परिजनों को पुत्री के गायब हो जाने के बाद किसी पर कोई शक नहीं था। उन्होंने पुलिस को बताया था कि उसका किसी से अफेयर नहीं था। परिजनों को लगा था कि वो नाराज होकर अपनी किसी सहेली के घर चली गई होगी। इसलिए घर लौटने का इंतजार करते रहे।

युवती के परिजन अपनी बेटी के सकुशल लौट जाने की राह देख रहे थे। इस घटना को करीब डेढ़ महीने बीत चुके थे। इसी बीच 25 मार्च को एक परिजन ने युवती के घर में पड़े कुछ किताब के पन्ने को यूं ही पलटना शुरू किया तो उसके अंदर से एक डॉक्टर का पर्चा मिला। उस पर्चे को देखकर परिवार वाले सहम गए और चुटिया थाना प्रभारी के पास पहुंचे। वह पर्ची लड़की के गर्भपात से जुड़ी हुई थी। युवती के परिवार वालों को यह जानकारी तक नहीं थी कि उसका कभी गर्भपात भी हुआ है। पुलिस की एक टीम उस नर्सिंग होम में पहुंची जहां उसका गर्भपात किया गया था। रजिस्टर चेक करने पर उसमें एक ऐसा नाम सामने आया जो चौंकाने वाला था, उस रजिस्टर में पंकज का नाम लिखा हुआ था। युवती के पति के रूप में पंकज ने अपना नाम गर्भपात के समय अस्पताल में दर्ज करवाया था।

**गिरफ्तारी के बाद पंकज ने कबूला जुर्म :** लड़की के गर्भपात की रसीद हाथ में आते ही चुटिया पुलिस ने आनन-फानन में ओरमांझी पुलिस से संपर्क किया। इस मामले की जानकारी मिलते ही ओरमांझी पुलिस में पंकज को बिना देरी किए हिरासत में ले लिया। जब उसे चुटिया थाना लाया गया और लड़की के गर्भपात का कागज दिखाकर उससे पूछताछ शुरू हुई तो वह टूट गया और उसने वारदात की पूरी दास्तां बयां की। पंकज ने बताया कि 13 फरवरी को युवती उसके पास आ गई और साथ में ही रहने की जिद करने लगी। जिसके बाद वो उसे लेकर ओरमांझी आ गया। रात में साथ रहने को लेकर उसके साथ उसका झगड़ा हुआ। और दोनों में जमकर हाथापाई भी हुई। इसी दौरान युवती की मौत हो गई।

## खबर एक नजर में

### राजधानी में दो शव बरामद

रांची। राजधानी रांची के नामकुम थाना क्षेत्र के नामकुम ओवरब्रिज के नजदीक से युवक का शव बरामद किया गया है। शव एक पेड़ से लटका था, आशंका जताई जा रही है कि युवक ने आत्महत्या की है। युवक की पहचान आनंद मिंज के रूप में की गयी है और वह सामलौंग का रहनेवाला है। इस मामले की जानकारी के बाद नामकुम थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। वहीं दूसरी ओर जगन्नाथपुर थाना पुलिस ने ओबरिया पुल के नीचे से एक युवक का शव बरामद किया है। युवक की पहचान नही हो पाई है। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।

### कैदी वैन में झड़प को लेकर एफआईआर दर्ज

रांची। अपराधी लवकुश शर्मा और राज वर्मा के बीच सोमवार को कैदी वाहन में मारपीट की घटना के बाद यह खुलासा हुआ है कि अपराधी लवकुश शर्मा समेत अन्य अपराधी सुरक्षाकर्मी को घायल कर कैदी वाहन से भागने की फिराक में थे। इसे लेकर सदर कोर्ट के हाजत में प्रतिनियुक्त एएसआई शिवजी राम ने बरियातू थाना में मामला दर्ज कराया है। एफआईआर में शिवजी राम ने कहा है कि कोर्ट में पेश करने के बाद कैदियों को वापस केंद्रीय कारा पहुंचाने के लिए सशस्त्र बल के सरकारी कैदी वाहन से ले जाया जा रहा था। कैदी वाहन में कुल 14 कैदी थे। जैसे ही कैदी वाहन रिम्स चौक के आगे बरियातू थाना के पास पहुंचा कि कैदियों का दोनों पक्ष झगड़ने लगे। कैदी वाहन के पिछले गेट को भी तोड़ने का इनलोगों ने प्रयास किया। एफआईआर में सुरक्षाकर्मियों ने दावा किया है कि यदि बरियातू थाना परिसर में कैदी वाहन को नहीं लाया जाता, तो ये लोग वाहन में सुरक्षाकर्मियों को भी जख्मी करते और वाहन का पिछला गेट तोड़कर फरार हो जाते।

### प्रिंस पाइप्स ने नकली पाइपों के विरुद्ध छापा मारा

रांची। प्रिंस पाइप्स एंड फिटिंग्स लिमिटेड ने प्रिंस ब्रांड के नकली सीपीवीसी पाइपों को पकड़ने के लिए छापा मारा। झारखंड के रांची व गोड्डा जिले के पथरगामा थाने में शिकायत दर्ज करा दी गयी है। इसके तहत तीन दुकानों से नकली एसडब्ल्यूआर पाइप जब्त किये गये। इन्हें सील कर दिया गया। भगत पॉलिमर के मालिक शेखर सुमन और बबलू भगत आरोपी हैं। इस छापेमारी का नेतृत्व डॉ ऋषि कुलश्रेष्ठ ने किया। कई स्थानों पर नकली सामान बेचे जाने की पुष्टि होने के बाद य इस टीम ने ट्रेडमार्क अधिनियम के तहत प्रवर्तन की कार्रवाई के लिए पुलिस से संपर्क किया।

### एयरपोर्ट पर क्रेटा कार टायर किलर से टकराई

रांची। मंगलवार को राजधानी रांची से जहां बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के बाहर उस समय अफरा तफरी मच गई जब वहां से आ रहे एक क्रेटा कार अचानक टायर किलर से टकरा गई। यह घटना उस समय घटी जब टायर किलर का टेस्टिंग एयरपोर्ट के कर्मचारियों के द्वारा किया जा रहा था। घटना में कार टायर किलर में फंस गई। क्रेटा कार को निकाला गया। वैसे कार चालक और उसमें बैठे सवारी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

### आजसू कोकर मंडल का हुआ गठन

रांची। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के निर्देश पर प्रदेश भर में पार्टी का पुनर्गठन हो रहा है। मंगलवार को अखिल झारखंड छात्र संघ रांची महानगर अंतर्गत कोकर मंडल में बैठक की गई। जिसमें मंडल इकाई गठित की गई। कोकर अध्यक्ष- विशाल सिंह, उपाध्यक्ष- सुजल, साहिल, महासचिव- सौरव, सचिव- रिक्की, करण, सोशल मीडिया प्रमुख-विक्की के अलावा कार्यकारिणी सदस्य अभिराम, सूरज, रोशन, सनी, सुनील, दीपक, संदीप, अमित, अंकित, विकास, अभिषेक को शामिल किया गया है। इस अवसर पर अभिषेक झा, प्रेम कुमार, मनजीत सिंह और आकाश झा आदि थे।

### रांची मंडल की 2 ट्रेनों का रूट बदला

रांची। रांची रेल मंडल से होकर चलने वाली 2 ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलेंगी। ट्रेन संख्या 13351 धनबाद अल्लापुजा एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारम्भ 31/03/2023 से यात्रा प्रारम्भ 24/04/2023 तक अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग पेरम्बूर होकर चलेगी। मार्ग परिवर्तन के कारण इस ट्रेन का चेन्नई सेंट्रल स्टेशन पर ठहराव नहीं होगा। वहीं ट्रेन संख्या-13352 अल्लापुजा धनबाद एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारम्भ 02/04/2023 से यात्रा प्रारम्भ 27/04/2023 तक अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चेन्नई बीच होकर चलेगी। इस ट्रेन का चेन्नई सेंट्रल स्टेशन पर ठहराव नहीं होगा। साथ ही परिवर्तित मार्ग पर ट्रेन का पेरम्बूर एवं चेन्नई बीच स्टेशन पर ठहराव होगा।

### नयी सिटी बस खरीदने का किया स्वागत

रांची। झारखंड यात्री संघ ने रांची में सरकार द्वारा 244 नयी सिटी बस खरीदने के निर्णय का स्वागत किया है। संघ के अध्यक्ष प्रेम मित्तल ने कहा है कि यात्री संघ राजधानी रांची में सार्वजनिक परिवहन प्रणाली स्थापित करने के लिए बड़े पैमाने पर सिटी बस चलाने की मांग वर्षों से कर रहा था। मंगलवार को हुई यात्री संघ के पदाधिकारियों की बैठक में आशा व्यक्त की गई कि निगम आवश्यक एवं जरूरी मार्गों पर सिटी बसे चलाने के साथ ही यात्रियों से निर्धारित भाड़ा तय करेगी। बैठक में सत्येन्द्र कुमार मल्लिक, राजकुमार गुप्ता, ज्ञानदेव झा, अशोक मुरारका, निर्मल कुमार, प्रेमलता सुरीन, समरेश कुजूर, पूनम तिर्की, एके लाल, कृष्णा शर्मा, रमेश अग्रवाल, शैलेश सिन्हा, सुरेश मलिक, अमिता भाटिया थे।

### श्रम सचिव 6 अप्रैल को हाईकोर्ट में हाजिर हों

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने श्रम, नियोजन एवं रोजगार विभाग के सचिव को सशरीर हाजिर होने के निर्देश दिया है। अदालत ने उन्हें 6 अप्रैल को कोर्ट के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया है। वीटीपी ईशमत अंसारी के द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने यह निर्देश दिया है।

### रंजीत कोहली ने गवाह के लिए मांगा समय

रांची। सीबीआई कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव से जुड़े केस की मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई में तारा शाहदेव के यौन उत्पीड़न केस में बचाव पक्ष रंजीत कोहली ने गवाह पेश करने के लिए कोर्ट से समय मांगा है। कोर्ट ने कोहली के आग्रह को स्वीकार कर गवाह पेश करने के लिए 11 अप्रैल का समय दिया।

## ऊर्जा निगम में पुरानी व्यवस्था लागू करे सरकार : अजय राय

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ऊर्जा निगम में आउटसोर्सिंग खत्म कर पुरानी व्यवस्था लागू करने का वादा पूरा करें। उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री ने अपनी चुनावी सभाओं में आउटसोर्स खत्म करने का वादा किया था। उनका किया गया वादा आज भी अधूरा है।

अजय राय ने कहा कि आज पूरी विद्युत व्यवस्था मानव दिवस कर्मियों के कंधे पर है पर उनकी सुधि लेने वाला कोई नहीं। साथ ही न्यायालय के आदेश के तहत 10 वर्ष पूरा करने वाले मानव दिवस कर्मियों का समायोजन करने के बजाए विभाग अनर्गल प्रलाप कर रहा है।

## ब्राउन शुगर के साथ तीन गिरफ्तार

रांची। राजधानी रांची के पुंदाग ओपी इलाके में नशे के सौदागरों के खिलाफ छापेमारी अभियान रांची पुलिस के द्वारा जारी है। पुंदाग पुलिस ने इस मामले में तीन ब्राउन शूगर तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में राजेश, रॉकी और अजय लोहार है। गिरफ्तार तीनों युवकों से पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है आखिर राजधानी रांची में ऐसे कितने लोग शामिल हैं, जो इस तरह के धंधे में लिप्त हैं।

# रामनवमी पर्व को लेकर रांची पुलिस किया फ्लैग मार्च, उपद्रवियों पर रखी जा रही नजर

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण संपन्न कराने से मकसद से रांची पुलिस मुस्तैद है। 30 मार्च को देशभर में रामनवमी मनाया जाएगा। रांची शहर और उसके आस-पास के पूरे इलाके में पुलिस ने हाई अलर्ट जारी कर दिया है। रामनवमी पर्व को लेकर आम लोगों में सुरक्षा व्यवस्था के प्रति विश्वास उत्पन्न करने के उद्देश्य से आज शहर में एसएसपी, सिटी एसपी और थाना प्रभारी समेत कई पुलिस कर्मी शहर में फ्लैग मार्च किया है।

फ्लैग मार्च के दौरान एसएसपी किशोर कौशल ने लोगों को शांति के साथ रामनवमी पर्व मनाने की अपील की, साथ ही कहा कि रांची पुलिस असामाजिक तत्वों पर नजर रख रही है। पर्व को लेकर अफवाह फैलाने वालों अथवा भड़काऊ कार्य करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## जनता के दु:ख-दर्द को समझने वाले नेता थे प्रवीण उरांव: सुदेश

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। झारखंड आंदोलनकारी, राजी पहड़ा सरना प्रार्थना सभा के संस्थापक प्रवीण उरांव जी की जरुरत इस राज्य को लंबे समय तक थी, लेकिन यह हो न सका। प्रवीण उरांव ने झारखंडी अस्मिता एवं संस्कृति को सहेजने को लेकर जो प्रयत्न किया, वो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रकाश पुंज का काम करते रहेगा। प्रवीण उरांव के असामयिक पर दुःख व्यक्त करते हुए झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने ये बातें कही। उन्होंने कहा कि झारखंडियों के दुःख-दर्द को समझने वाले नेता थे प्रवीण उरांव। पार्टी के देवशरण भगत ने कहा कि झारखंड अलग राज्य आंदोलन के साथ-साथ झारखंडी संस्कृति को अलग पहचान दिलाने के लिए जो त्याग और बलिदान उन्होंने दिया, उसके लिए राज्य उनका सदैव आभारी रहेगा।

# रामनवमी की शोभायात्रा कल, चप्पे-चप्पे पर पुलिस और तैनात रहेंगे दंडाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। राजधानी रांची और जिले के विभिन्न इलाकों में गुरुवार को रामनवमी की शोभायात्रा निकाली जायेगी। सुरक्षा व्यवस्था और विधि-व्यवस्था दोनों भंग न हो इसके लिए राजधानी और रांची जिले के विभिन्न इलाकों में शोभायात्रा के दौरान चप्पे-चप्पे पर पुलिस और दंडाधिकारी तैनात रहेंगे। इस संबंध में मंगलवार को रांची डीसी और एसएसपी के संयुक्त आदेश जारी कर दिये गये हैं।

एक दिन पूर्व बुधवार को विद्युत श्रृंगार प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। वहीं 31 मार्च को चैती दुर्गा की शोभा यात्रा निकाली जायेगी। उक्त अवसर पर शान्ति व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। अफवाहों से बचने के लिए कहा गया है। अफवाह फैलानेवाले पर सख्ती बरती जायेगी। सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया है कि अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर सावधानी बरतें एवं किसी तरह के अफवाह होने पर उसका निराकरण त्वरित करें। जिले के सभी अनुमण्डल पदाधिकारी इस दिशा में आवश्यकता के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

पर्व के अवसर पर निर्धारित दिनों के लिए शराब की दुकानों को नियमानुसार बंद रखने का निर्देश दिया गया है। सहायक आयुक्त, उत्पाद, राँची को अवैध शराब बेचने वालों के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाने को कहा गया है।

## पोल्ट्री फार्म मालिक पर लगाया 2.15 करोड़ हड़पने के आरोप, प्राथमिकी दर्ज

रांची। रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र में रहने वाले दाना सप्लाई करने वाली कंपनी के मालिक ने पटना के एक पोल्ट्री फार्म मालिक पर 2 करोड़ 15 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगा है। नरेंद्र जाधव ने रांची के कोतवाली थाने में पटना के रवीश सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। श्री कृष्ण न्यूट्रिशन प्राइवेट लिमिटेड के जनरल मैनेजर नरेंद्र राजेंद्र जाधव ने रांची के कोतवाली थाने में दिए अपने आवेदन में यह बताया है कि उनकी कंपनी मुर्गी दाना के उत्पादन का कार्य करती है।

# प्री-पेड में बदल दिये गये रांची के 1100 स्मार्ट मीटर

**रांची में 52 हजार स्मार्ट लगाने का काम पूरा, टेस्टिंग और स्विचिंग काम तेज**

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राजधानी में लगाए जा रहे प्री-पेड स्मार्ट मीटर को लेकर जेबीवीएनएल ने उपलब्धि हासिल की है। रांची में पायलट प्रोजेक्ट के तहत लगाए गए 1100 स्मार्ट मीटर प्री-पेड मोड में आ गया है। टेस्टिंग के बाद कंज्यूमरों को इसका मैसेज आना शुरू हो गया है। कंज्यूमर निकट की एटीपी मशीन (जहां बिजली बिल जमा होता है) या फिर गूगल-पे या बीबीपीसी पर जाकर रीचार्ज करा सकते हैं। वहीं, शहर में लगाये जा रहे स्मार्ट मीटर की टेस्टिंग और स्विचिंग का काम तेज कर दिया गया है, ताकि जल्द से जल्द उनकी रीडिंग हो सके। अब तक साढ़े तीन लाख में से 52 हजार स्मार्ट मीटर लगाने का काम हो चुका है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत रांची शहरी कंज्यूमरों का पुराना मीटर हटाकर नया स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है।

**अब किराना व डिपार्टमेंटल स्टोर में भी जमा हो सकेगा बिजली बिल :** जेबीवीएनएल बिजली कंज्यूमरों के लिए बिल जमा करने के लिए एटीपी मशीन में लंबी कतारें को देखते हुए नया एप तैयार कर रहा है। इसके तहत राज्य के किराना स्टोर और डिपार्टमेंटल स्टोर में भी बिजली बिल जमा कराया जा सकेगा। स्टोर संचालकों को एक एप मुहैया कराया जाएगा, जिसे वे अपने मोबाइल में डाउनलोड कर बिजली बिल जमा करा सकेंगे। इससे कंज्यूमर कभी भी कहीं भी अपना बिजली बिल जमा करा सकेंगे।

**सैनिक कल्याण बोर्ड की मैनेजिंग कमिटी का गठन नहीं होने पर राज्यपाल ने जतायी नाराजगी**

# राज्य सरकार प्रत्येक वर्ष सैनिक कल्याण बोर्ड के लिए वार्षिक अनुदान राशि उपलब्ध करायेः गवर्नर

**राज्यपाल का निर्देश : हर छह माह में आयोजित हो सैनिक कल्याण बोर्ड मैनेजिंग कमिटी की बैठक**

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने झारखंड में सैनिक कल्याण बोर्ड की मैनेजिंग कमिटी का गठन नहीं होने पर आश्चर्य व दुःख व्यक्त किया है। राज्यपाल की अध्यक्षता में मंगलवार को सैनिक कल्याण बोर्ड की मैनेजिंग कमिटी की बैठक हुई। राज्यपाल ने कहा, मैनेजिंग कमिटी के गठन नहीं होने के कारण अगस्त 2020 के बाद से आज तक इसकी बैठक नहीं हो पायी है। उन्होंने निर्देश दिया है कि हर छह माह में सैनिक कल्याण बोर्ड की मैनेजिंग कमिटी की बैठक हो। इस दौरान राज्यपाल ने सैनिक कल्याण बोर्ड द्वारा सैनिकों के कल्याणार्थ किए जाने वाले विभिन्न विषयों पर चर्चा की। राज्यपाल ने पूर्व सैनिकों को भगवान तुल्य बताया। कहा, उनके आश्रितों को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो, यह सुनिश्चित करने का प्रयास हो।

बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी, वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय सिंह, गृह विभाग के प्रधान सचिव वंदना डाडेल समेत सैनिक कल्याण बोर्ड के पदाधिकारी उपस्थित थे।

**विस्तृत डाटाबेस तैयार किया जाये :** राज्यपाल ने कहा कि पूर्व सैनिकों को सभी प्रकार की सुविधाएं देने के लिए डाटाबेस तैयार किया जाये। इस डाटाबेस में प्रत्येक परिवार की अहम आवश्यकता का उल्लेख हो। राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष सैनिक कल्याण बोर्ड के लिए वार्षिक अनुदान राशि उपलब्ध करायी जाए। बैठक में यह भी कहा गया कि पूर्व सैनिकों के आश्रितों को राज्य सरकार की नौकरियों में क्षैतिज आरक्षण दिये जाने पर राज्य सरकार द्वारा समीक्षा की जायेगी। राजधानी के महात्मा गांधी मार्ग स्थित सैनिक मार्केट परिसर के सौंदर्यीकरण एवं विकास के लिए परामर्शी की सेवाएं ली जाएगी।

# शिक्षा आवश्यक है तो सही उम्र में शादी भी जरूरी, नहीं तो आगे चलकर पछताओगे : मनुश्री महाराज

## श्री शतचंडी महायज्ञ सह श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूरे विधि विधान से हुई पूजा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** ओटीसी ग्राउंड स्थित राज्य ग्रामीण विकास संस्थान (सर्ड) के आवासीय कैंपस में चल रहे श्री शतचंडी महायज्ञ सह श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन मंगलवार को मां कालरात्रि का पूजन पूरे विधि-विधान से किया गया। यज्ञ मंडप में यज्ञाचार्य नागेंद्र नाथ ओझा व सह यज्ञाचार्य निरंजन दास मिश्र ने सभी यजमानों की उपस्थिति में मां भगवती के इस स्वरूप की पूजा की और वैदिक मंत्रों से उनका आवाहन किया।

महायज्ञ में वृंदावन से पधारे संत मनुश्री सिंह महाराज ने मां भगवती के भजन से अपने सत्संग कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद उन्होंने श्रद्धालुओं में जीवन-दर्शन का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि आज शिक्षा व नौकरी की भागमभाग में बच्चे शादी के सही उम्र पार कर जाते हैं। एक बूढ़ा को एक बूढ़ी मिलती है और फिर बांझपन तक झेलना पड़ता है। अगर शिक्षा जरूरी है तो सही उम्र में शादी भी जरूरी है। बहुत से लोग ऐसे हैं जो नौकरी वाली लड़की खोजने में अपनी शादी की उम्र गंवा देते हैं। ऐसे लोगों पर लानत है। मनुश्री महाराज ने ऐसे लड़कों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उनके पढ़े लिखे व नौकरी से अच्छी-कमाई करने का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने पहली जिंदगी तैयारियां, पढ़ाई, नौकरी में गुजारी, शेष जिंदगी भी उनकी भागमभाग में ही गुजरेगी। तुम इतने स्वार्थी हो गए कि एक संतान नहीं दे पाए। ज्ञान होना जरूरी है, लेकिन ज्ञान का दुरुपयोग होना जरूरी नहीं है। इतनी भी इच्छाएं न पाल लो कि जिंदगी ठीक से जी न पाओ। उन्होंने वैसे लड़कों से अपील की कि वे नौकरी वाली लड़की की इच्छा के बजाय, पढ़ी-लिखी व शिक्षित लड़की से शादी करें, तो उनके वंश, उनके घर परिवार को एक सही दिशा मिल पाएगी। ज्ञानी सबको होना चाहिए, शिक्षित सबको होना चाहिए। स्त्री को ज्यादा से ज्यादा शिक्षित होना चाहिए। क्योंकि उन्हें अपने घर में अपने बच्चों व सबको आगे बढ़ाना है।बच्चियां पढ़ रही हैं, अच्छी एजुकेशन ले रही हैं। एजुकेशन के साथ अच्छा चरित्र भी होना जरूरी है। सत्संग समारोह में करमवीर सिंह, धर्मेंद्र तिवारी, प्रदीप वर्मा, शिवपूजन पाठक, रमेश सिंह, सीडीपीओ रांची ऊषा सिन्हा, ब्रजेश कुमार, सुनील कुमार, राजीव रंजन सिंह, चिंटू, मुनचुन राय, रेखा सिंह, सेवानिवृत्त उपायुक्त विनय कुमार दत्ता, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर अतिथि के रूप में मौजूद थे।

**मां भगवती की कृपा हो जाये तो क्या नहीं हो सकता :** सत्संग के दौरान संत मनुश्री महाराज ने मां भगवती की महिमा पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मां भगवती की कृपा हो जाय जो तो क्या नहीं हो सकता है। कथाओं से हम जान रहे हैं कि चाहे ब्रशा हो, विष्णु हो या महेश हो, सबको मां भगवती की आवश्यकता पड़ी है। आपकी दुर्गती का नाश करने वाली दुर्गा हैं। जीवन में किसी तरह का कष्ट है और आप दुर्गा की अराधना करेंगे तो आप शक्तिशाली बनेंगे। यह भी बताया कि अगर आपको कृष्ण चाहिए तो आपको राधा की अराधाना करनी होगी। जब ब्राशांड में कोई व्यक्ति र बोलता है तो नारायण ब्रशांड में कहीं भी विचरण करते हैं वे रूक जाते हैं, रा पर घूम जाते हैं और धा आते ही दौड़ जाते हैं। उन्होंने कहा कि राधा से एक ही निवेदन रखना कि वे कृपा बनाए रहें। उनकी कृपा से ठाकुर जी मिल सकते हैं।

**दुष्ट संघारक है मां कालरात्रि :** आचार्यों ने कहा कि मां कालरात्रि का नाम लेने भर से ही भूत, प्रेत सहित सभी नकारात्मक शक्तियों का नाश हो जाता है। यह मां अपने भक्तों को अकाल मृत्यु से बचाती हैं। इस तिथि से ही सभी सिद्धियों की भी प्राप्ति होती है। तंत्र-मंत्र की साधना करने वाले भी मां कालरात्रि की विशेष पूजा करते हैं। मां दुर्गा के इस स्वरूप को महायोगीश्वरी, शुभंकरी व महायोगिनी भी कहा जाता है। महायज्ञ में सुबह मंडप पूजन, वेदी पूजन के बाद मां का आवाहन किया गया। शाम में मां की आरती हुई। कार्यक्रम के अंत में मंगलवार की रात सत्संग मंडप में मौजूद सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मूंग के हलवा का प्रसाद ग्रहण किया।

### ऊं ऐं ह्रीं क्लीं चामुंडायै विच्चे, ऊं कालरात्रि दैव्ये नमः

मां दुर्गा के इस सातवें स्वरूप मां कालरात्रि के लिए प्रसिद्ध मंत्र ऊं ऐं ह्रीं क्लीं चामुंडायै विच्चे, ऊं कालरात्रि दैव्यै नमः है। इसे सिद्ध मंत्र कहा जाता है। इस मंत्र का सवा लाख बार जप करने से मां की विशेष कृपा प्राप्त होती है। तीनों लोकों में हहाकार मचाने वाले असुर शुंभ-निशुंभ व रक्तबीज का अंत करने के लिए मां दुर्गा को महाकाली का रूप धारण करना पड़ा था। रक्तबीज के खून का एक कतरा भी जमीन पर गिरने नहीं दिया, जिससे दूसरा रक्तबीज पैदा नहीं हुआ और इस तरह मां ने असुरों का संहार किया। तब से ही इन्हें मां कालरात्रि के रूप में पूजा जाता है।

## खबर एक नजर में

### चंदवे पाठशाला स्कूल का रंगारंग भव्य वार्षिक उत्सव मनाया गया



**रांची।** चंदवे पाठशाला स्कूल का मंगलवार को शिव मंदिर प्रांगण में वार्षिक उत्सव मनाया गया। वार्षिक उत्सव समारोह के मुख्य अतिथि कांके के विधायक समरी लाल थे। मौके पर स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा झारखंड के सांस्कृतिक छऊ नृत्य व भारत के विविध संस्कृति का पर्दशन दिखाया गया। पाठशाला स्कूल के कई विद्यार्थी ने मैट्रीक परीक्षा में टॉप कर चुके हैं। उन्हें मूल प्रमाण पत्र व अवार्ड मुख्य अतिथियों के द्वारा दिया गया। मौके पर रामकृष्ण मिशन के आचार्य राजीव चैतन्य महाराज, पूर्व जिला परिषद मीणा देवी, प्रो ममता अग्रवाल, डॉ नंदकिशोर अग्रवाल, डॉ राहुल कुमार ,डॉ जगदीश सौरभ, पाठशाला स्कूल के निदेशक नरेश कुमार सिंह, रांची पिठोरिया आरएसएस नेता सुबोध साहू , पाठशाला स्कूल के प्रिंसिपल प्रीतम सिंह, रंजन कुमार ,अमित साहू , राजेश मास्टर और पूर्व मुखिया विनोद समेत अन्य उपस्थित थे।

### डीएनएस फाउंडेशन ने आंगनबाड़ी केंद्र में बांटी पाठ्य सामग्री



**रांची।** डीएनएस फाउंडेशन की ओर से रांची के रातू स्थित लोहना ग्राम पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र में रविवार को तीस बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री वितरित की गयीं। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मुखिया मैरी भगत और लक्ष्मी नारायण भगत के अलावा डीएनएस फाउंडेशन की निदेशक गीता सिन्हा शामिल हुईं। इस मौके पर मुखिया ने डीएनएस फाउंडेशन की पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि गरीब बच्चों की मदद के लिए सबको आगे आना चाहिए। फाउंडेशन की निदेशक गीता सिन्हा ने कहा कि उनकी संस्था का उदेश्य शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाना है। यही कारण है कि रांची, पलामू समेत राज्य के कई क्षेत्रों में वैसे बच्चों को तलाश कर किताबें और स्टेशनरी उपलब्ध करायी जा रही हैं, जिनके माता-पिता के पास अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए किताबें और स्टेशनरी खरीदने के लिए पैसे नहीं होते।

### मध्यस्थता से सुलझा भूमि विवाद

**रांची।** मध्यस्थता के माध्यम से वाद संख्या ओ.एस. 341/2021 को सफलतापूर्वक सुलझा लिया गया। यह वाद माननीय न्यायालय अंजु कुमारी मिंज के न्यायालय से मध्यस्थता के लिए आया था, जिसे मध्यस्थ नीलम शेखर को मध्यस्थता के लिए सौंपा गया। यह वाद टाईटल सूट था। वादी द्वारा अपनी जमीन के लिए प्रतिवादीगण के विरूद्ध न्यायालय में दायर किया गया था। उक्त वाद उपरोक्त जमीन प्रतिवादी द्वारा 1964 में गलत तरीके से अपने नाम से रजिस्ट्री करा ली गयी थी। यह समझौता उस रजिस्ट्री को रद्द कराकर वापस वादी को मालिकाना हक सौंपने पर के लिए सम्पन्न हुआ। जिला विधिक सेवा प्राधिकार(डालसा) के रांची के सचिव ने यह जानकारी दी। बताया कि उक्त वाद को सुलझाने में मध्यस्थ नीलम शेखर एवं दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### डीएवी हेहल में दो दिवसीय वैदिक चेतना शिविर का समापन

**रांची।** मंगलवार को डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में आयोजित दो-दिवसीय वैदिक चेतना शिविर की समापन हो गया। इसके पहले सुबह सात बजे शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने अलग-अलग हवन कुंडों में आचार्य धर्मप्रकाश शास्त्री के ब्रशणत्व में वैदिक मंत्रों से हवन किया। इसके बाद सभागार में पण्डित सत्यकाम आर्य ने अपने मधुर भजनों के माध्यम से वैदिक चेतना शिविर को संगीतमय बनाया।आचार्य विमलेंद्र शास्त्री ने आर्य समाज एवं उसकी भूमिका विषय पर अपना सारगर्भित व्याख्यान दिया। आचार्या मनु और आचार्य प्रकृत ने वैदिक संस्कृति के अनुरूप संयमित जीवन शैली जीने के सोपान बताये। योगाचार्य धर्मवीर आर्य ने सूक्ष्म योगासनों का अभ्यास करवाया।

### प्रतिज्ञा का फाउंडेशनल लिटरेसी एवं न्यूमेरसी मेला

**रांची।** बच्चों के बीच आधारभूत शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिज्ञा संस्था द्वारा फाउंडेशनल लिटरसी एवं न्यूमेरसी मेला का फाइनल आयोजित किया गया। मेले के प्रथम चरण में कर्रा प्रखण्ड के 12 विद्यालयों से 700 बच्चों ने भाग लिया। विद्यालय स्तरीय प्रीतस्पर्धा को पार करके 140 से ज्यादा बच्चों ने आज प्रखण्ड स्तर के फाइनल आयोजन में भाग लिया। प्रखण्ड स्तरीय मेले में निपुण भारत के लक्ष्य के अनुसार 21 खेल आयोजित करते हुए बच्चों के बीच संख्यातमक और भाषा ज्ञान बढ़ाया गया। कर्रा प्रखण्ड के इएएड श्री गंगा प्रसाद ने मेले का उद्घाटन किया।

### सदभावना समिति की हुई बैठक

**रांची।** सर्वधर्म सदभावना समिति के तत्वावधान में मंगलवार को थड़पखना स्थित भोलू भाई के आवास पर मोईज अख्तर भोलू की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें बतौर मुख्य अतिथि लालपुर थाना प्रभारी राजीव कुमार रहे। बैठक में चैती दुर्गा पूजा समिति, सर्वधर्म सदभावना समिति, सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी, सदभावना मंच के प्रमुख पदाधिकारीगण शामिल हुए। बैठक में आगामी रामनवमी, चैती दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित चैती जुलूस के साथ-साथ पवित्र रमजान को आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ एक साथ मिल जुलकर ऐतिहासिक रूप से मनाए जाने का संकल्प लिया गया।

## स्पीड न्यूज

### अवनींद्र सिंह सेवानिवृत्त प्राचार्य को विशिष्ट प्राचार्य सम्मान

**रांची।** राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय चिलदाग के सेवानिवृत प्राचार्य अवनींद्र सिंह को अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से विशिष्ट प्राचार्य सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें संस्कृति ज्ञान परीक्षा के माध्यम से राष्ट्र की भावी पीढ़ी को सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों से जोड़ने के लिएअमूल्य योगदान के लिए गायत्री शक्तिपीठ धुर्वा रांची में दिया गया। इस अवसर पर शांतिकुंज हरिद्वार से आए त्रिलोचन साहू एवं झारखंड के जोनल प्रभारी रामनरेश प्रसाद ने उन्हें अंगवस्त्र, मोमेंटो एवं आध्यात्मिक साहित्य देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में भाई दीपक दयाल, रांची उपजोन प्रभारी भाई जटाशंकर झा एवं भाई रघुनंदन साहू सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### स्कूलों में सोलर प्लांट लगाने पर जोर

**रांची।** इंटीग्रेटेड रिसोर्सेस एंड एक्शन फॉर डेवलपमेंट संस्थान (आईआरएडीई) ने सोलर प्लांट को लेकर मंगलवार को कैपिटल हिल में कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें रांची जिला में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने और स्कूलों में सोलर प्लांट लगाने को लेकर चर्चा हुई। तीन चरणों में हुए कार्यक्रम में कई कंपनियों के सीईओ और शिक्षाविद मौजूद थे। किरीत पारीख, अमित कुमार, एसके श्यामदर्शी, अश्विनी अशोक और चंद्रशेखर सिंह के पैनल ने स्कूलों में सोलर प्लांट लगाने के बारे में विस्तार से सोलर प्लांट को लेकर जानकारी दी।

## वाईबीएन विवि में मोटे अनाजों पर आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा

# श्री अन्न पोषक तत्वों से परिपूर्ण

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** वाईबीएन विश्वविद्यालय ने मंगलवार को विज्ञान भारती, आइआइटी खड़गपुर, रांची विश्वविद्यालय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के सहयोग से एकदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी वर्तमान मानव जीवन शैली में पारंपरिक मोटे अनाजों के बहुआयामी महत्व पर आयोजित था। इसमें मुख्य वक्ता भारत की सुप्रसिद्ध विज्ञान लेखिका एवं कवयित्री डॉ शुभ्रता मिश्रा थीं।

संगोष्ठी में वक्ताओं ने मानव जीवन में पारंपरिक मोटे अनाजों (श्री अन्न) की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि हमें मिलेट्स के प्रति लोगों लोगों को जागरूक करना बहुत जरूरी है। उन्होंने स्वस्थ्य रहने के लिए मोटे अनाज को अपने रूटीन का हिस्सा बनाने की सलाह दी। श्री अन्न पोषक तत्व जैसे कैल्शियम, आयरन एवं प्रोटीन से परिपूर्ण होता है और स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए मोटे अनाजों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण हैं। इस संगोष्ठी में वाइस चांसलर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रजिस्ट्रार, डीएसडब्लयू, स्कूल आफ साइंस की डीन डॉ आशा मिश्रा, स्कूल ऑफ नर्सिंग डीन कम प्रिंसिपल डॉ ए. सुमती, डॉ कमल कांत पात्रा, डॉ अनिमा किसपोट्टा, डॉ मिस्फिका हसन, डॉ धुर्व कुमार सिंह, डॉ सुष्मिता महापात्रा, डॉ अंजनी सिंह, डॉ रिचा मिश्रा एवं साइंस, पारामेडिकल, जैव प्रौद्योगिकी, कृषि और नर्सिंग के छात्रों ने हिस्सा लिया।

### प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ दें और परिणाम की चिंता न करें : शांडिल्य

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) की वूडबॉल की 16 सदस्यीय टीम जो जयपुर में 2 से 6 अप्रैल तक आयोजित किए जाने वाली अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में शामिल होगी। टीम मेरठ में 1 से 9 अप्रैल तक आयोजित होने वाले अंतर विश्वविद्यालय शूटिंग प्रतियोगिता में भागीदारी के लिए 10 सदस्यीय दल विश्वविद्यालय प्रांगण से रवाना हुई। मौके पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य और कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने कुल 26 सदस्यीय दल को शुभकामनाएं दी। कुलपति डॉ टीके शांडिल्य ने प्रतिभागियों से कहा कि पूर्व की भांति विवि की यह अपेक्षा है कि आप इस प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करें।

## साईं नाथ विवि ने विश्व टीबी दिवस पर रोग मुक्ति का दिया संदेश



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** साईं नाथ नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा विश्व टीबी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विश्वविद्यालय कैंपस एवं समीप के गांव के लोगों को टीबी के बारे में बताने के साथ-साथ यह भी जानकारी दी कि टीबी का उनके स्वास्थ्य, परिवार, समाज एवं देश की अर्थव्यवस्था में क्या प्रभाव पड़ता है। नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुनीता प्रकाश ने बताया कि टीबी एक गंभीर रोग है, जो मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करता है। ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) का कारण बनने वाले जीवाणु खांसी और छींक के माध्यम से हवा में छोड़ी गयी छोटी बूंदों के माध्यम से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति इस रोग से बचाव और इसके उपचार की जानकारी देते हुए कहा कि टीबी यह एक संक्रामक बीमारी है, लेकिन लाइलाज नहीं है। समय रहते इसका इलाज करने पर यह ठीक हो सकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में नर्सिंग कॉलेज के छात्र छात्राओं, स्टाफ आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## सरला बिरला के छात्रों ने की अनुभवात्मक शिक्षा को अंडमान-निकोबार की यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने अनुभवात्मक शिक्षा का आनंद लेने के लिए अंडमान और निकोबार आइलैंड की एक सप्ताह की यात्रा की। यात्रा के दौरान छात्रों को इस द्वीप समूह की समृद्ध संस्कृति और इतिहास को जानने का अवसर मिला। छात्रों ने वहां राजधानी पोर्ट ब्लेयर की यात्रा की। बच्चे कालापानी के नाम से विख्यात सेल्यूलर जेल भी गये। उसी दिन शाम को छात्रों ने सेल्यूलर जेल में ही ऐतिहासिक घटना को प्रकाश और ध्वनि का रोमांचक शो देखा।

समुद्र तट का क्रिस्टल क्लियर जल अंडमान द्वीप समूह का मुख्य आकर्षण था। छात्र दुनिया के शीर्ष समुद्र तटों हैवलॉक द्वीप, नील द्वीप, राधानगर बीच, एलीफेंट बीच आदि भी गये। वहां उन्होंने बीच पर स्कूबा डाइविंग, जेट स्की की सवारी, स्नोर्केलिंग का मजा लिया तथा पानी के खेलों में रुचि रखने वालों ने अनेक प्रकार के खेलों का आनंद उठाया।

विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने छात्रों के लिए एक शैक्षणिक और ज्ञानवर्धक यात्रा की व्यवस्था के लिए स्कूल द्वारा किये गये प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने कहा कि इस यात्रा ने छात्रों को नयी जगहों और संस्कृति को जानने का अवसर प्रदान किया है। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की यात्राएं छात्रों को आत्मनिर्भर बनाती हैं और उन्हें वैश्विक नागरिक बनने में मदद करती हैं।

# धूमधाम से निकाली गयी अंतिम मंगलवारी की शोभायात्रा

## श्री महावीर मंडल डोरंडा केंद्रीय समिति ने किया आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** श्री महावीर मंडल डोरंडा केंद्रीय समिति के अध्यक्ष संजय पोद्दार मंत्री पप्पू वर्मा के नेतृत्व में तीसरी मंगलवारी शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गयी। राजेंद्र चौक स्थिति श्री शिव मंदिर महावीर मंदिर में शोभायात्रा समाप्त हुई। यहां पूजा अर्चना के बाद सभी अखाड़े अपने-अपने परंपरागत मार्गों से वापस लौट गए।

शोभायात्रा के पूर्व सभी अखाड़ों में झंडा स्थापित किया गया एवं अखाड़ों में हनुमान जी की पूजा अर्चना कर प्रसाद का वितरण किया गया। शोभायात्रा में बजरंग प्रसाद गुप्ता, सुरेश प्रसाद, जोगेश्वर दुबे, राकेश पाल,बिटु कुमार, मनोज नायक, मनोज वर्मा, अंकित सिंह, रोहित ठाकुर, दीपू वर्मा, अलख निरंजन लाल, सुभम वर्मा, नीरज गुप्ता, सनी कुमार, अमर भारती, विजय वर्मा, सनी गुप्ता, सभी अखाड़ों एवं मंडल के सभी पदाधिकारी सहित हजारों की संख्या में राम भक्तों उपस्थित थे।

### श्री महावीर मंडल रांची ने शोभायात्रा व अखाड़ेधारियों का किया स्वागत

रांची। श्री महावीर मंडल राँची के अगुवाई में मंगलवार को अंतिम मंगलवारी शोभायात्रा निकाली गयी। इस अवसर पर राजधानी रांची के विभिन्न क्षेत्रों से आए सभी मंगलवारी शोभायात्रा एवं सभी अखाड़ाधारियों का महावीर चौक रांची में भव्य स्वागत किया गया। श्री महावीर मंडल रांची के द्वारा अंतिम मंगलवारी शोभायात्रा में आए सभी अखाड़ाधारियों का स्वागत माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र देकर किया गया।

### व्यवसायी संघ ने राम सेना की अगुवाई में निकाली भव्य शोभा यात्रा

रांची। श्री हनुमान मंदिर दादुल घाट अरगोड़ा बाईपास चौक स्थित श्री महावीर मंडल रामनवमी स्वागत समिति व्यवसाई संघ ने अंतिम मंगलवारी को अपनी राम सेना के अगुवाई में भव्य शोभा यात्रा निकाली। जय श्री राम के नारों, जय घोष, जय कारा के साथ निकाली गयी इस शोभा यात्रा के कारण पूरा अरगोड़ा बाईपास चौक राममय हो गया।

### महाष्टमी को सुंदर झांकियों के साथ निकलेगी शोभायात्रा

**रांची।** 29 मार्च बुधवार को महावीर मंडल डोरंडा केंद्र समिति के नेतृत्व में रात्रि 8:00 बजे से महाष्टमी का भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। महाअष्टमी और इसके शोभायात्रा को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। इस मौके पर भव्य झांकी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है। झांकी प्रतियोगिता के बाद विजेताओं के बीच पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

### महासप्तमी की पूजा विधि विधान से संपन्न

**रांची।** श्री चैती दुर्गा पूजा समिति, डोरंडा के तत्वावधान में आयोजित माँ भवानी का भव्य पूजनोतसव के क्रम में मंगलवार को महासप्तमी की पूजा पूरे विधि-विधान के साथ की गयी। पुरोहित अजीत पाठक के सान्निध्य में यजमान देवाशीष दत्ता व श्रीमती तान्या दत्ता ने पूजन अनुष्ठान संपन्न कराया।

### पूजा पंडाल का हुआ भव्य उद्घाटन

**रांची।** श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति का पूजा पंडाल का भव्य उद्घाटन किया गया। उद्घाटन मैं मुख्य अतिथि के रूप मैं एसएसपी कौशल किशोर, एडीएम राजेशवर नाथ अलोक के द्वारा पूजा पंडाल का भव्य उद्घाटन किया गया। इसमें अतिथि रूप मैं बिन्दुल वर्मा, अशोक पुरोहित,ललित ओझा, निर्मल शर्मा शामिल थे।

### देवालय मंदिर में नवरात्र पूजा का आयोजन

**रांची।** लालपुर के लोअर बर्दवान कंपाउंड स्थित देवालय मंदिर में उल्लास और भक्ति के साथ नवरात्र पूजा का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में मंगलवार को भी मंदिर परिसर में प्रसाद का वितरण किया गया। बुधवार और गुरुवार को भी अष्टमी और नवमी के अवसर पर दोपहर में खिचड़ी का भोग लगाया जायेगा। साथ ही, शाम में हलवा-पूरी और खीर के प्रसाद का भोग के बाद वितरण किया जायेगा।

### 'मन के मनके' पुस्तक का हुआ लोकार्पण

**रांची।** लालपुर स्थित होटल सिटी पैलेस में मंगलवार को 'मन के मनके' पुस्तक का लोकार्पण किया गया। पुस्तक का संपादन डॉ शुभ्रा सिंह एवं प्रतिमा त्रिपाठी ने किया है। साझा काव्य संकलन में कई रचनाकारों की स्वरचित रचनाएं समाहित है। मंच की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ सुरिंदर कौर नीलम द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर कवि राकेश रमन ने मंच को सुशोभित किया। वरिष्ठ कवियत्री रेणु झा रेणुका, कवि देव बिहारी शर्मा, निर्मला कर्ण,रंजना वर्मा उन्मुक्त एवं विभा वर्मा वाची उपस्थित थे। सरस्वती वंदना बिंदु प्रसाद रिद्धिमा ने की। मनीषा सहाय सुमन ने मंच का संचालन किया। इस अवसर पर सुरिंदर कौर नीलम ने कहा कि समंदर से निकले भावों के अनमोल शब्द मोती मन के मनके में गोते लगा रहे हैं। कवि का मन समंदर और आकाश से भी अधिक विस्तार लिए हुये है। वहीं, रेणु झा ने कहा कि केवल योजना बना लेने भर से कोई कार्य सफल नहीं होता है। उसकी सफलता के लिए अटूट विश्वास, धैर्य, समर्पण और निस्वार्थ मन से प्रतिबद्धता भी आवश्यक है।

## सदका ए फित्र प्रति व्यक्ति कम से कम साठ रुपये अदा करें : इमारत ए शरिया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** दारूल कजा इमारत शरीया राँची के काजी शरीअत मुफ्ती मोहम्मद अनवर कास्मी ने कहा है कि सदका-ए- फित्र में जो लोग गेहूं या उसका आटा देना चाहें वे प्रति व्यक्ति एक किलो छह सौ बानवे ग्राम (1.692) के हिसाब से अदा करें और जो लोग उसकी कीमत देना चाहें वेह इस वर्ष 2023 में प्रति व्यक्ति कम से कम साठ (60) रूपैय के हिसाब से अदा करें। जिन को गुंजाइश हो उन्हें गेहूं के अलावा जौ, पनीर, किशमिश और खजूर से भी सदका-ए-फित्र अदा करना चाहिए ताकि गरीबों को अधिक लाभ हो। जो लोग जौ, पनीर, किशमिश या खजूर देना चाहें वह वर्तमान वजन के अनुसार तीन किलो तीन सौ चौरासी ग्राम (3.384) प्रति व्यक्ति के हिसाब से अदा करें। इस की राशि अदा करने की सूरत में इस वर्ष 2023 में प्रति व्यक्ति जौ में कम से कम एक सौ चौवन रुपये (154) खजूर में एक हजार एक सौ पचासी रुपये (1185) किशमिश में एक हजार सोलह रुपये (1016) और पनीर में एक हजार एक सौ पचासी रुपये (1185) अदा करें। उन्होंने कहा कि यह रांची शहर के औसत मूल्य के आधार पर तय किया गया है। राँची के अलावा बाकी स्थानों में एक किलो छह सौ बानवे ग्राम औसत गेहूं या उसका आटा इसी तरह तीन किलो तीन सौ चैरासी ग्राम जौ, पनीर, किशमिश और खजूर की जो कीमत होती है उस के हिसाब से अदा क्या जाय। यह कम से कम है जो इस से बढ़ा कर देना चाहें वेह दे सकते हैं।

### रमजान का महीना सब्र का महीना : मौलाना अब्दुल माजिद

**रांची।** रमजान सब्र और गम(दूसरो के गम को समझने) का महीना है। रमजान नेकियों का महीना है। धैर्य(सब्र) के बिना कोई भलाई(नेकी) नहीं की जा सकती हैं। न तो रोजा रखा जा सकता है और न ही कोई इबादत की जा सकती है। मस्जिद हामीम हरमू के इमाम व खतीब मौलाना अब्दुल माजिद ने रमजान के पाक मुहाने के संबंध में जानकाकरी देते हुए बताया कि रमजान गुनाहों से तौबा का महीना है। और बिना धैर्य(सब्र)के कोई भी गुनाह से नहीं बचा जा सकता। सब्र कि एक किस्म इंसान अपने रब और उसके रसूल का फरमाबरदार हो जाए। और हर हाल में अल्लाह और उसके रसूल की नाफरमानी करने से बचे।

स्पीड न्यूज

## मृतक के आश्रित को खाद्यान देकर किया गया सहयोग

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह ने बीते कुछ दिन पहले लपरा निवासी सज्जाद आलम की मृत्यु ट्रैक्टर बनाने के क्रम में चंदवा थाना क्षेत्र के निंद्रा ग्राम में हो गया था। जिसे थाना प्रभारी ने आश्रित परिवार को तत्कालीन राहत खाद्यन्न सामग्री दिया गया।

## खलारीः मुंडा धौड़ा में जलमीनार की रखी गयी आधारशिला

**खलारी।** खलारी पूर्वी क्षेत्र की जिप सदस्य शालया परवीन ने सोमवार को 15वें वित्त निधि से चूरी मध्य पंचायत के मुंडा धौड़ा में जलमीनार का शिलान्यास किया। जिप सदस्य ने कहा कि क्षेत्र में जल संकट को दूर करना उनकी प्राथमिकता है। मौके पर मुखिया सुनीता देवी, मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी, सुनील सिंह, सोनू पांडे, राजकुमार उरांव, नेहा कुमारी आदि मौजूद थे।

## बेड़ोः रामनवमी पर चाक-चौबंद होगी सुरक्षाः बीडीओ

**बेड़ो।** रामनवमी के अवसर पर विधि व्यवस्था के संधारण हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार व अंचलाधिकारी सुमंत तिर्की के द्वारा प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारियों पुलिस पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी तथा विद्युत विभाग के कर्मियों के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक निर्देश दिया गया। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी अपने प्रतिनियुक्त स्थलों में पुलिस पदाधिकारियों के साथ भ्रमणशील रहेंगे और विधि व्यवस्था का संधारण करेंगे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में चित्रकला प्रतियोगिता

**कांके।** समाजसेवी अनूप कुमार महतो के द्वारा रामनवमी के पावन अवसर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर काठीटांड़ में एक कक्षा से दशम वर्ग के छात्र एवं छात्राओं के लिए रामायण थीम पर आधारित चित्रकला का आयोजन किया गया। मौके पर प्रधानाचार्य अजय कुमार द्विवेदी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों की प्रतिभा को निखारा जा सकता है।

## ओरमांझी में चैती दुर्गा पूजा की धूम

**ओरमांझी।** पूजा समिति ओरमांझी द्वारा दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर चैती दुर्गा पूजा धूमधाम से की जा रही है। सोमवार को बेलवरण पूजा किया गया। वहीं मंगलवार को सप्तमी पूजा किया गया। माता की आरती व पूजा में काफी संख्या में भक्तों की भीड़ देखी जा रही है। इसके अलावे कुच्चू में भी दुर्गा मां की प्रतिमा स्थापित कर चैती दुर्गा पूजा धूमधाम से की जा रही है। चैती दुर्गा पूजा व रामनवमी को लेकर क्षेत्र में भक्ति व उत्साह को महौल है। माता का दर्शन करने ओरमांझी पहुंचे पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने लोगों को चैती दुर्गा पूजा व रामनवमी की बधाई दी है।

## बेड़ो सीएचसी में आज लगेगा स्वास्थ्य मेला

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड विकास पदाधिकारी बेड़ो डॉ प्रवीण कुमार के द्वारा डॉ सुमित्रा कुमारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं अमिता सिन्हा बीपीएम के साथ बैठक कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो में लगने वाले स्वास्थ्य मेला को अच्छी तरह से लगाने का आग्रह किया है। इस मेला में मिलने वाली सुविधाओं के विषय में जानकारी लिया। स्वास्थ्य मेला 11.00 बजे से लगेगा। इसमें 18 तरह की चिकित्सा सुविधाएं नि:शुल्क प्रदान की जाएंगी।

## टुंढूल गांव में प्रतिभा बाल विकास स्कूल का उद्घाटन

**पिस्कानगड़ी।** प्रखंड के टुंढूल गांव में प्रतिभा बाल विकास इंग्लिश मिडियम स्कूल का उद्घाटन मुख्य अतिथि जैक बोर्ड के अध्यक्ष डॉ अनिल महतो ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा का प्रसार करना सराहनीय कदम है। मौके पर भरत महतो, कौशल्या देवी, करुणा देवी, शीतल ओहदार, महाबीर महतो मौजूद थे।

# रामभक्तों ने निकाली मंगलवारी झांकी

## ओरमांझी, कुच्चू और हुटुप में निकाली गई भव्य झांकी

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के ओरमांझी, कुच्चू व हुटुप में मंगलावार को रामनवमी को लेकर मंगलवारी झांकी निकाली गई। पूजा समिति ओरमांझी द्वारा निकाली गई मंगलवारी झांकी में वीर हनुमान की वेशभुषा धारण किए रामभक्त आकर्षण का केंद्र रहा। वहीं तलवारा भाले लिए काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई थी। कई रामभक्तों द्वारा अस्त्र-षस्त्र चालन का प्रदर्शन किया। वहीं हनुमान के वेश धारण किए रामभक्त द्वारा गदा शक्ति का प्रदर्शन किया गया। बाजे-गाजे के साथ दुर्गा मंदिर परिसर से निकाली झांकी ग्राम बस्ती होते हुए शंकर चैक से बाजर



ओरमांझी में निकली मंगलवारी झांकी में हनुमान वेशभूषा धारण किए रामभक्त।

मैदान गई। फिर काली मंदिर से दुर्गा मंदिर पहुंची। कुच्चू मंगलवारी झांकी में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी भी शामिल हुए थे। इधर ओरमांझी झांकी में शामिल पूजा समिति के पदाधिकारियों के साथ पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, अजय सिंह, भीम मुंडा, सुरेश मेहता, शंकर गुप्ता, नंदकिशोर साहू, उमाशंकर साहू, सुनील महतो, रंजीत बैठा, विनय दुबे, सुनील नायक, मिथलेश पांडेय, निर्मल महतो, राजकुमार लहेरी, राजू चौरसिया, प्रयाग महतो, योगेंद्र मुंडा, यमुना गुप्ता सहित महिलाएं व बच्चे जय श्रीराम व जय हनुमान की जयकारा लाग रहे थे।

# झारखंड आंदोलनकारी के निधन पर शोक



खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** राष्ट्रीय सरना धर्मगुरु, राजी पड़हा प्रार्थना सभा के केंद्रीय महासचिव व झारखंड आंदोलनकारी 58 वर्षीय डॉ प्रवीण तिर्की हमारे बीच नहीं रहे। मंगलवार की दोपहर 12 बजे तिलता स्थित आवास में हार्ट अटैक के बाद उन्होंने समीप के न्यू हेल्थ केयर हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली। पत्नी प्रो मनती उरांव दार्जिलिंग में हैं। डॉ तिर्की काठीटांड़ निवासी सेवा निवृत्त शिक्षक स्व बालकृष्णा उरांव के पुत्र थे। माता कालीमिन्हा तिर्की थीं। डॉ तिर्की का जन्म एक अगस्त 1965 में हुआ था। वह चार भाई में मांझिल थे। उनके परिवार में तीन बहनें हैं। तीनों की शादी हो चुकी है। डॉ प्रवीण फिलहाल संजय गांधी मेमोरियल कॉलेज, पंडरा में भूगोल के प्रोफेसर थे। वह अलग राज्य के आंदोलन में कई बार जेल भी गये। उनकी प्रारंभिक शिक्षा कोलेबिरा हाई स्कूल में हुई थी। कार्तिक उरांव कॉलेज गुमला से स्नातक, रांची यूनिवर्सिटी से पीजी और पीएचडी की डिग्री हासिल की थी। उनकी आकस्मिक निधन से झारखंड समेत देश के अन्य राज्यों में शोक की लहर दौड़ गयी। बुधवार को दिन के 2 बजे उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा।

### इन्होंने जताया शोक

राजकुमारी माधुरी मंजरी, पद्मश्री मधु मंसुरी, आदिवासी विकास परिषद के राष्ट्रीय महासचिव डॉ लक्ष्मण उरांव, पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव, विधायक नवीन जायसवाल, डॉ हरि उरांव, डॉ करमा उरांव, लवहरनैन उरांवए पूर्व मंत्री देवकुमार धान, जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, आजसू नेता भरत कांसी, नारायण उरांव, सुमित उरांव, सोमनाथ उरांव, अमर उरांव, फूलकुमारी देवी, बासुदेव उरांव, शमीम मंसुरी, महावीर विश्वकर्मा, सेवानिवृत्त डीएसपी अशोक तिर्की, जयगोविंद मुंडा, अरविंद पांडेय, पृथ्वीनाथ शाहदेव व चारे भगत आदि।

## चैती दुर्गा पूजा को लेकर कलश यात्रा

**सोनाहातू।** चैती दुर्गा पूजा समिति महातीर्थ सतीघाट पांडुडीह में मंगलवार को नवपत्रिका प्रवेश के दौरान कलश यात्रा निकाली गयी। स्वर्ण रेखा नदी से पवित्र जल कलश में लेकर महिलायें और बालिकायें गाजेबाजे के साथ सतीघाट पांडुडीह पूजा स्थल तक आयीं। पंडित अजय शुक्ला, गणेश तिवारी ने विधि-विधान के साथ कलश यात्रा प्रारंभ कराये। नवपत्रिका ओर कलश को मंदिर में स्थापित किया गया। कलश यात्रा में पूर्व उप प्रमुख अनिता देवी, उपासी देवी, रीता देवी, कमला देवी, सावित्री देवी, गौतम सिंहदेव, अशोक महतो, बसंत महतो, डॉ विश्वनाथ महतो, विपिन महतो आदि शामिल थे।

## सुकुरहुटू में रामनवमी डोल मेला 31 को

**कांके।** मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्म उत्सव के अवसर पर सुकरहुटू कांके के मेला टांड़ मैदान में रामनवमी के मौके पर रंगारंग नागपुरी गीतों का कार्यक्रम 30 मार्च को शाम 6 बजे से होगा। वहीं कांके क्षेत्र के ऐतिहासिक रामनवमी डोल मेला 31 मार्च को सुबह 10 बजे से लगेगा। अध्यक्ष राजकुमार महतो, मुख्य संरक्षक अजय बैठा, अंजय, उनील महतो, उपसचिव रूपलाल महतो ने बताया कि डोल मेला अपना 105वां वर्षगांठ मना रहा है।

# पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू।** प्रखंड के सावडीह गांव में प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक सुदेश महतो, जिप सदस्य मंजू सिंह मुंडा ने संयुक्त रूप में किया। 6 शय्या वाले इस उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण 55 लाख से जिला 15वें वित्त आयोग निधि से किया जाना है। मौके पर विधायक ने कहा कि अस्पताल भवन निर्माण से यहां की जनता को



बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया होगी। मौके पर जिप सदस्य मंजू सिंह मुंडा, चितरंजन महतो, तारणी सिंह मुंडा, बिदुभूषण सिंह मुंडा, मुखिया प्रताप सिंह मुंडा, शक्ति सिंह मुंडा, रमेश सिंह मुंडा, सुषेन सिंह मुंडा, दिलीप कोईरी, हेम सिंह मुंडा, करम सिंह महतो, महकम महतो, मलखान महतो, सुरेश महतो, जतरु सिंह मुंडा, राजेश्वर महतो मौजूद थे।

# इटकी में अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** रामनवमी महोत्सव को लेकर केंद्रीय महावीर मंडल के तत्वावधान में मंगलवार को इटकी में महावीरी झंडों के साथ नगर भ्रमण व अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 36 गांव के अखाड़ाधारी भाग लिये व अपने खेल का हैरतअंगेज प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार



महावीर मंडलए कड़रु रांची को दिया गया। जबकि महावीर मंडल, कुंदी को द्वितीय, भंडरा को तृतीय व चचगुरा महावीर मंडल को चौथा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कारों का वितरण मंडल अध्यक्ष दीपक सिंह व लाल रामेश्वर शाहदेव ने किया।

## शिव-दुर्गा मंदिर में अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता

**मांडर।** शिव दुर्गा मंदिर प्रांगण में सोमवार रात्रि श्री महावीर मंडल द्वारा अस्त्र शस्त्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर थाना प्रभारी बीनय कुमार यादव उपस्थित हुए।

# बुंडूः नशे में धुत पति ने गला घोंटकर पत्नी को मार डाला

खबर मन्त्र संवाददाता

बुंडू। बुंडू थाना अंतर्गत हुमटा गांव के गितिलडीह टोले में गत रात दारू के नशे में टूल पति ने अपनी पत्नी एवं तीन अबोध बच्चों की मां की गला घोंट कर हत्या कर दी। मृतिका का नाम सोनामनी देवी (25 वर्ष) एवं आरोपी पति का नाम सिपाही मुंडा उर्फ पुशवा मुंडा (30 वर्ष) है। घटना सोमवार की रात 11 बजे की है। ग्रामीणों के अनुसार रात को जब अधिकतर ग्रामीण सौ गये थे तब लोगों ने आरोपी के घर से बच्चों के जोरजोर से रोने की आवाज सुनी। आसपास के ग्रामीण जब उसके घर पहुंचे तो वह नशे में धुत था और उसकी पत्नी चारपाई पर पड़ी थी। बताया गया कि रात में पति नशे में धुत होकर घर पहुंचा और किसी बात को लेकर पत्नी से झगड़ने लगा। इसके बाद उसने पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी।

## कमड़े में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

रातू। थाना क्षेत्र के कमड़े निवासी हनुमान प्रसाद राजगढ़िया के मकान में बतौर किरायेदार 23 वर्षीय रमेश राणा ने एकतरफा प्यार में पागल होकर सोमवार की देर रात चौथे तल्ले में लोहे के एंगिल में गमछे को फंदा बना उस पर झुल आत्महत्या कर ली। वह पश्चिम बंगाल घटल अनंदपुर मेदिनीपुर निवासी रामपक्षे राणा का पुत्र था। मृतक का भाई रंजन राणा के बयान पर रातू थाने में यूडी केस दर्ज किया गया है।

# स्वास्थ्य मेलाः जांच के बाद ग्रामीणों को मिला हेल्थ किट

**चान्हो।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे मंगलवार को अयोजित स्वास्थ्य मेला का उ्घाटन विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के हाथों फीता काटकर किया। विधायक ने स्वास्थ्य मेला मे लगे पूरे स्वास्थ्य संबंधित स्टॉलो मे जाकर स्वास्थ्य से संबंधित विषय की जानकारी लिया। इस दौरान जरूरतमंद लोगो के बीच हेल्थ किट का वितरण किया ए साथ ही समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करके सभी चीजों का जयाजा लिया। इसी बीच नवजात शिशुओं के माताओ के बीच बेबी किट का भी वितरण किया। मौके पर चान्हो स्वास्थ्य प्रभारी नमिता टोप्पो, प्रखंड कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष इस्तियाक अंसारी, अजीत सिंह, मगलेसवर उरांव, अब्दुल्ला अंसारी, इरशाद खान मौजदू थे।

## इटकी में 285 लोगों के स्वास्थ्य की हुई जांच

**इटकी।** आजाद बंगला स्थित स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित स्वास्थ्य मेला में दो सौ पचासी लोगो की स्वास्थ्य की जांच की गई। मेला में नेत्र जांच, ईएनटी, दंत, एचआईवी परामर्श, शुगर जांच, यूनानी चिकित्सा पद्धति के अलाव आयुष्मान कार्ड सहित अन्य के स्टॉल लगाए गए थे। डॉक्टरों द्वारा लोगों के स्वरथ्य की जांच कर जरूरतमंद लोगों को दवा दी गयी। मेला का उद्घाटन बीडीओ गौतम प्रसाद साहू व उप प्रमुख परवेज आलम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मेला में सीओ रश्मि लकड़ा, डॉ सुमित्रा कुमारी, बीपीएम अमिता लाल मौजूद थे।

# बेहतर स्वास्थ्य के लिए जैविक खाद का करें उपयोग

## जैविक खेती और मोटा अनाज उत्पादन को लेकर कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**ठाकुरगांव।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद राष्ट्रीय आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, क्षेत्रीय केंद्र रांची द्वारा जैविक खेती और मोटा अनाज के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य



केंद्र मुरूपीरी परिसर में कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि नरेंद्र राम द्वारा किया गया। मौके पर अतिथियों ने कहा कि आज हम सभी केमिकल युक्त खाद्य पदार्थ का उपयोग करने को विवश हैं। इससे हमलोग गंभीर रोग से ग्रसित हो रहे हैं। बेहतर स्वास्थ्य और लंबी आयु के लिए हमें पुराने दौर में लौटना होगा। इसके लिए जैविक खाद का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करना होगा। साथ ही बताया गया कि मोटा अनाज मकई, गोंदली, मड़ुवा, करैनी धान में हमारे शरीर की जरूरत के सारे पोषक तत्व मिल जाते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अश्विनी कुमार, रामकिशुन राम, शशिभूषण चौधरी, संजय नायक, राजीव रंजन राम, संतोष कुमार सहित अन्य मौजूद थे।


झारखण्ड सरकार

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग जिला नियोजनालय,लातेहार।

भर्ती कैम्प दिनांक : 01.04.2023

सूचना

जिला नियोजनालय, लातेहार के द्वारा दिनांक 01.04.2023 को लातेहार पब्लिक स्कूल के परिसर के सामने मैदान में पूर्वाहन् 10:00 बजे से अपराहन 02:00 बजे तक भर्ती कैम्प का आयोजन किया जाना है। जिसमें लातेहार पब्लिक स्कूल, लातेहार के प्रतिष्ठान ने उपस्थित रहने की सहमति जताई है, जो निम्नवत है :–

| S. No. | Name of Company | Name of Post | Qualification | Gender | Pay Scale | No. of Post | Age | Others Benefits |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | लातेहार पब्लिक स्कूल, लातेहार | Assistant Teacher(Hindi) | M.A./B.Ed. | Male + Female | 12K-15000K | 04 | 25+ | - |
| | | Assistant Teacher(English) | M.A./B.Ed. | | 12K-15000K | 04 | 25+ | - |
| | | Computer Teacher | BCA/MCA/BE/B.Tech | | 12K-15000K | 02 | 25+ | - |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www. rojgar.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों, आधार कार्ड, रोजगार निबंधन कार्ड एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चूंकि रिक्ति निजी क्षेत्र (Private Sector) की है, अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा। कोविड–19 हेतु निर्गत दिशा निर्देशों / SOP का दृढतापूर्वक अनुपालन किया जाना आवश्यक है अतः सामाजिक दूरी का पालन, फेस मास्क, सेनिटाइजर एवं ग्लब्स इत्यादि का उपयोग करेंगें।

नियोजन पदाधिकारी,
जिला नियोजनालय, लातेहार।

PR 293753 Labour Employment and Traning(22-23)D



Garhwa Nagar Parishad
Address: Near Jyoti Shree Cinema Hall, Sahijana Road, Garhwa
Phone No.:

Reference No.- GNP/RFP-01/2022-23 2nd Call — Date: 23.03.2023

Tender Notice, IMPORTANT INFORMATION

| Sr. No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction & Commissioning of Fecal Sludge Treatment Plant of Capacity 17 KLD at Garhwa town (Jharkhand) followed by Operation and Maintenance including desludging operations for 5 years |
| 2. | Estimated Cost (INR) | Construction Cost: ₹ 2,47,95,439 Operation & Maintenance Cost: ₹ 1,58,86,388 Total: ₹ 4,06,81,827 |
| 3. | Bid Security (INR) | ₹ 406818.00/-. (Rupees Four Lakhs Six Thousand Eight Hundred Eighteen Only) |
| 4. | Cost of Bid Document (INR) | ₹ 25,000/- (Rupees Twenty Five Thousand Only); non-refundable |
| 5. | Time of Completion | 1 year of construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defect liability period including one month of trial run and 5 years of O&M post DLP |
| 6. | Date of e-publication of tender | 28.03.2023 |
| 7. | Document downloading start Date | 28.03.2023 |
| 8. | Start date for seeking clarification | 28.03.2023 |
| 9. | End date for seeking clarification | 05.04.2023 |
| 10. | Pre bid meeting date, Time & Venue | 06.04.2023 |
| 11. | Bid submission end date | 13.04.2023 |
| 12. | Last day for the submission of Bid Security, cost of bid document | 17.04.2023 |
| 13. | Bid opening date (online | 18.04.2023 |
| 14. | Mode of Submission of Bids | e-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in) |
| 15. | Name &Address of office Inviting Tender | Executive Officer, Garhwa Nagar Parishad |
| 16. | Helpline Number | 8409053313, 7004403551 |

Complete bid document is available on website http://Jharkhandtenders.gov.in

Executive Officer
Garhwa Nagar Parishad

PR 293771 Urban Development(22-23)#D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं० 822114
Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com

ई० प्रोक्योरमेन्ट अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना (3rd Call)

Short E-Tender Notice Reference No.- DWSD/SVS/CLUSTER/GAR-20/2022-23 — Dated– 27/03/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Department | Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand, Ranchi |
| 2 | Date & time of Publication of Tender on Website | 29/03/2023 12:30 P.M. |
| 3 | Date & time of Pre-bid Meeting | 31/03/2023 12:30 P.M. |
| 4 | Last date/Time for receipt of Bid | 08/04/2023 05:00 P.M. |
| 5 | Last date/Time for receipt of EMD Cost & BOQ Cost (in Hard copy) | 10.04.2023 10:30 AM to 05:00 P.M. (i) Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa. (ii) Office of the Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation, Circle, Medininagar (iii) Regional Chief Engineer Drinking Water & Sanitation Dept. Ranchi Zone, Ranchi. |
| 6 | Date & time of Opening Tender | 11/04/2023 04:00 P.M. |
| 7 | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, DW&S Division, Garhwa. |
| 8 | Name & Address of Tender Opening officer | Executive Engineer, DW&S Division, Garhwa. |
| 9 | Contact No. Of Procurement officer | 9973003856 |
| 10 | Help No. Of e-Procurement Cell | 0651-2490920 |

**Detailed Survey, designing and drawing, Construction of 14729 Nos FHTC in different block of Garhwa District comprising of suitable R.C.C./Frame Structure ESR, Distribution Line, Source (as required) & 5 years Operation and Maintenance all complete job "On Turnkey basis" under D.W.&S.Division, Garhwa.**

| Sl.No. | Group No. | No. of Panchayat | No. of Village | No. of Scheme | No. of FHTC | Estimated cost (in Rs) | Earnest Money (in Rs.) | Cost of BOQ (in Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SVS/CLUSTER-13 | 1 | 1 | 105 | 2483 | 9,21,99,000.00 | 9,22,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 2 | SVS/CLUSTER-16 | 1 | 1 | 57 | 6385 | 5,03,36,000.00 | 5,04,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 3 | SVS/CLUSTER-23 | 2 | 3 | 96 | 2980 | 9,17,22,000.00 | 9,18,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 4 | SVS/CLUSTER-32 | 3 | 5 | 94 | 2881 | 9,54,98,000.00 | 9,55,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |

- **Estimated Cost & EMD Cost may vary.**
- **Further details can be seen on website-http://jharkhandternders.gov.in**

Executive Engineer
D.W.&S.Division, Garhwa

PR 293784 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D



झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्याः- 304/2022-23/RWD/CHATRA — दिनांक :- 28.03.2023

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ CHATRA/14/ SRPKG- 02/2022-23 | (i) मोकतमा फॉरेस्ट डाक बंगला से ग्राम डहुरा भाया अकौना तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.350 कि0मी0) (ii) आरा से आसानी होते हुए ओमरी (अहुरी) तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 8.500 कि0मी0) (iii) धमनिया मोड़ से ग्राम कारी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 4.500 कि0मी0) (iv) बभने से डाढ़ा भाया पकरिया तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 5.000 कि0मी0) (v) बकचुमा पक्की सड़क से बिरहोर कॉलोनी होते हुए चारू से दुल्हा जिला परिषद तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 1.125 कि0मी0) (vi) धानगिरी से पोस्तिया तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 1.980 कि0मी0) | 10,11,07,507.00 | दस करोड़ ग्यारह लाख सात हजार पाँच सौ सात रू0 मात्र | 15 माह |
| 2. | RWD/ CHATRA/15/ SRPKG- 03/2022-23 | (i) राजेश द्वार (सिमरिया एन0एच0–100) से पथफेरवा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.600 कि0मी0) (ii) सबानो (रानीपोखर) से केन्दु भवानी मठ भाय मंगरदाहा पुल तक पथ का विशेष कार्य (लं– 8.200 कि0मी0) (iii) चौथा से पथलकुदवा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 6.000 कि0मी0) (iv) तेतर मोड़ से डाड़ी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.700 कि0मी0) | 12,67,19,412.00 | बारह करोड़ सड़सठ लाख उन्नीस हजार चार सौ बारह रू0 मात्र | 15 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– **06.04.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– **19.04.2023** अपराहन 5.00 बजे तक।
4. **(क)** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **चतरा** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– **20.04.2023** अपराहन 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (20.04.2023 अपराहन 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– **21.04.2023** अपराहन 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक / राष्ट्रीयकृत बैंक / अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **चतरा** के पक्ष में एवं **चतरा** में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मेन्ट सेल

PR 293790 Rural Work Department(22-23)#D

खबर मन्त्र
रांची.बुधवार .29 मार्च 2023
अभिव्यक्ति
epaper.khabarmantra.net

# भटकाते मुद्दें

देश में दो घटनाओं के कारण राजनीतिक पारा चढ़ा हुआ है। पहली बात कांग्रेस के पूर्व सांसद राहुल गांधी को दो साल की सजा दिया जाना, दूसरा राहुल गांधी के द्धारा देश के बाहर भारतीय लोकतंत्र पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करना। सहज भाव से देखे तो पहला मुद्दा एकदम न्यायिक है और न्यायिक मामलों पर भारतीय राजनेता एकदम चुप्पी साध लेते हैं लेकिन इस मामले में ऐसा नहीं हो रहा है। आखिर सजा की प्रकिया और सजा का मामला पूरे तौर पर न्यायालय से जुड़ा होने के बाद भी कांग्रेस जिस प्रकार प्रधानमंत्री को दोषी ठहराकर सहानुभूति अर्जित करना चाह रही है वह राजनीतिक में मान्य हो सकता है लेकिन इसके राजनीतिक लाभ को लेकर संशय बरकरार है। दूसरा मुद्दा देश के बाहर लोकतंत्र को लेकर खतरा बताने का है तो यह एक कागजी मुद्दा है जिसके बारे में आजादी के बाद से आज तक सबसे अधिक बोला गया लेकिन भारतीय जनमानस और लोकतांत्रिक प्रक्रिया का यह सौभाग्य है कि लोकतंत्र लगातार मजबूत हो रहा है। अगर 1977 की आपातकाल को छोड़ दें तो आज देश में लोकतांत्रिक मूल्यों का उदाहरण भरा पड़ा है। पूरे प्रकरण में सड़क से लेकर संसद तक जो हंगामा हो रहा है उसमें 2024 के चुनाव की आहट है। यह सही है लेकिन आज देश दुनिया में सबसे तेज विकसित होता देश है और इस दृष्टि से हमें राजनीति के साथ-साथ उन सभी कार्यो पर ध्यान देना चाहिए जो विकास की गति तेज करते हैं। इन कार्यो में एक है संसदीय कार्य। यह कैसा दुर्भाग्य है कि सत्ता और विपक्ष दोनों संसद के कार्यवाही को लेकर गंभीर नहीं दिख रहा है। बजट सत्र देश को दिशा देने वाला महत्वपूर्ण सत्र है जिसमें उठे मुद्दों और निराकरण से जो नीतियां बनती है उससे देश की विकास यात्रा सुगम होती है लेकिन दुर्भाग्य से यह विरोध जन मुद्दों से भटकती और भटकाती नजर आ रही है।

# बढ़ता कोरोना

भारत में कोरोना वायरस से संक्रमण के 1805 नए मामले मिले हैं जिसके बाद देश में 134 दिन के बाद उपचाराधीन मरीजों की संख्या 10 हजार के पार पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सोमवार सुबह आठ बजे अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, दैनिक संक्रमण दर 3.19 प्रतिशत है जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 1.39 प्रतिशत है।

मंत्रालय के मुताबिक, देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या 10,300 हो गई है। बीते 24 घंटे में संक्रमण से छह लोगों की मौत होने से मृतक संख्या बढ़कर 5,30,837 हो गई है। चंडीगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश में एक-एक संक्रमित की मौत हुई है जबकि केरल में संक्रमण से दो लोगों की मौत की सूचना है। आंकड़ों के मुताबिक, संक्रमितों की संख्या 4.47 करोड़ (4,47,05,952) हो गई हैं। मंत्रालय ने बताया कि उपचाराधीन मरीजों की संख्या कुल मामलों का 0.02 प्रतिशत है जबकि संक्रमण से उबरने की राष्ट्रीय दर 98.79 फीसदी है। अबतक 4,41,64,815 लोग संक्रमण से ठीक हो चुके हैं जबकि मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत देश में अब तक कोविड-19 रोधी टीके की 220.65 करोड़ खुराकें दी जा चुकी हैं।

निश्चित तौर पर केरल,महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, तमिलनाडु और दिल्ली सहित कई राज्यों में कोरोना का संक्रमण तेज हो गया है। इसको लेकर केन्द्र सरकार ने एक एडवाइजरी भी राज्यों को जारी किया गया है जिसमें एतियात बरतने की बात कही गयी है। विशेषकर विदेश से आने वाले लोगों पर भी कड़ी नजर रखने की बात कही गयी है। दुनिया में आज भी लगभग एक लाख लोग हर दिन कोरोना से संक्रमित हो रहे हैं। यह चिंता की बात है और आमजनों के लिए सावधानी की भी।

# सीय- राम मय सब जग जानी...

**श्रीराम** विष्णु के अवतार हैं। सृष्टि के कथानक में भगवान विष्णु के अवतार लेने के कारणों में भक्तों के मन में आए विकारों को दूर करना, लोक में भक्ति का संचार करना, जन-जन के कष्टों का निवारण और भक्तों के लिए भगवान की प्रीति पा सकने की इच्छा पूरा करना प्रमुख हैं। सांसारिक जीवन में मद, काम, क्रोध और मोह आदि से अनेक तरह के कष्ट होते हैं और उदात्त वृत्तियों के विकास में व्यवधान पड़ता है।

रामचरितमानस में इन स्थितियों का वर्णन करते हुए गोस्वामी तुलसीदास कहते हैं कि जब-जब धर्म का ह्रास होता है, नीच और अभिमानी राक्षस बढ़ जाते हैं और अन्याय करने लगते हैं, पृथ्वी और वहाँ के निवासी कष्ट पाते हैं तब-तब कृपानिधान प्रभु भाँति-भाँति के दिव्य शरीर धारण कर सज्जनों की पीड़ा हरते हैं। एक भक्त के रूप में तुलसीदास जी का विश्वास है कि सारा जगत राममय है और उनके मन में बसा भक्त कह उठता है ***सीय राममय सब जग जानी करहुं प्रणाम जोरि जुग पानी।*** सारे जगत में चारों ओर राम को देखना भक्ति की पराकाष्ठा भी है और समदर्शी हो कर ऊपर से दिखने वाले विरोधों और उनसे उपजने वाली विपदाओं से उबरने का उपाय भी।





**- गिरीश्वर मिश्र**

> अलग नाम का उपयोग पहचान के लिए होता है परंतु यदि वह किसी लाभ से जुड़ जाय तो वह अलगाव का आधार बन कर समानता पर छा जाता है। जब ह्यमैंपनह्न का अहसास तीव्र होता है और हम अपने अकेले मैं को सबसे परे और सबके ऊपर रखने के लिए उद्यत होते हैं तो समानता ढँकती और बिसरती जाती है। दूसरी ओर भिन्नता प्रखर होती जाती है। तब हम भिन्नता को बचाए और बनाए रखने की कोशिश में लग जाते हैं।

आज के दौर में समानता से ज्यादा अनोखे, अद्वितीय, सबसे अलग, औरों से कुछ हट कर खुद को दिखने-दिखाने का रिवाज जोरों पर चल पड़ा है। वेश-भूषा, आचार-विचार, बात-व्यवहार सबमें अपने लिए आत्यंतिक फर्क साबित करना आज श्रेष्ठता का मानदंड होता जा रहा है। हम विविधता का उत्सव मनाने को सदैव व्याकुल रहने लगे हैं। औरों से अलग होना निश्चय ही बहुमूल्य होता है क्योंकि वह नवीनता लाता है। नवीनता मन के लिए रमणीय होती है और इसलिए वह प्रिय भी हो जाता है। अस्तित्व की मौलिक एकता से विविधता की ओर आगे बढ़ती मनुष्य की दिग्विजय यात्रा निश्चय ही मोहक और चित्ताकर्षक है। परंतु भिन्नता के अति आग्रह या दुराग्रह कुछ कठिन सवाल भी खड़ा करने लगता है क्योंकि सिर्फ. विविधता और भिन्नता की सिद्धि के लिए विविधता को बढ़ाते जाने से जीवन-यात्रा नहीं सधती।

धरती पर जिस भौतिक दुनिया में हम रहते हैं वहाँ बड़ी भारी मात्रा में नाना प्रकार के पदार्थ मौजूद हैं और वे सभी अपने गुण धर्म में एक दूसरे से अलग भी हैं। मनुष्य जीवन के स्तर पर भाषा, धार्मिक विश्वास, खान-पान आदि में भी यह विविधता व्याप्त है। यह विविधता जिस तरह बढती जा रही है उसका कोई ओर-छोर नहीं दिखता। इसलिए उसकी गणना करना आसान नहीं है। इंद्रियानुभव पर जोर देने वाले वैज्ञानिक युग में इस तरह के विश्लेषण की अंतहीन सम्भावनाएँ हैं और उसके तरह-तरह के परिणाम भी होते हैं।

हमारा शरीर भी अन्यान्य अंगों और उपांगों से बना है और वे सभी भिन्न-भिन्न कार्य करते हैं। हाथ, पैर, आँख, नाक और कान न केवल अपनी रचना में एक दूसरे से भिन्न हैं बल्कि इन सबका अलग-अलग उपयोग है और सामान्यतः एक दूसरे की जगह भी नहीं ले सकते। ये सभी स्वभावतः भौतिक जगत के भिन्न-भिन्न विषयों से जुड़े होते हैं। यह विविधता अनेक तरह के कार्यों को सम्पादित करना सम्भव बनाती है। निश्चय ही क्षमता का यह विस्तार जीवनी शक्ति या प्राणवत्ता से अनिवार्य रूप से जुड़ी होती है। इस तरह विविधता के अंतर्सम्बन्ध को पहचानना जीवन के अस्तित्व के लिए अनिवार्य है। भिन्नता पैदा करना या भेद देखना चीजों को एक को दूसरे के विपरीत खड़ा करता है। इससे उपजने वाला अलगाव दूरियाँ पैदा करता है और हम जो भिन्न है उसमें दोष-दर्शन करने लगते हैं। दूसरी ओर जो समान लगता है उससे स्नेह, निकटता और मित्रता का रिश्ता बनाने लगाते हैं। धीरे-धीरे समय के साथ भिन्न छिजें कब खिसक कर विरोध के खेमे में पहुँच जाती हैं इसका अंदाजा ही नहीं लगता। आज की दुनिया की प्रमुख समस्याएँ भिन्नता और विरोधजनित असंतोष, तनाव और हिंसा के रूप में उभरती दिख रही हैं। अलग नाम का उपयोग पहचान के लिए होता है परंतु यदि वह किसी लाभ से जुड़ जाय तो वह अलगाव का आधार बन कर समानता पर छा जाता है। जब ह्यमैंपनह्न का अहसास तीव्र होता है और हम अपने अकेले मैं को सबसे परे और सबके ऊपर रखने के लिए उद्यत होते हैं तो समानता ढँकती और बिसरती जाती है। दूसरी ओर भिन्नता प्रखर होती जाती है। तब हम भिन्नता को बचाए और बनाए रखने की कोशिश में लग जाते हैं। मैं के अखंड विस्तार में जो मेरा है उससे जो भिन्न या ममेतर है उसके साथ टकराव खड़ा हो जाता है। मैं का अहंकार फुंफकार मारता है। उसे ह्यअन्यह्न फूटी आँख भी नहीं सुहाता और तब द्वंद्व का बीजारोपण होता है और कलह की पौध पनपती है।

एक और अनेक के बीच के रिश्ते राचीन काल से मनुष्य की सोच के केंद्र में रही है। पुरा काल के सृष्टि के आख्यानों में एक यह भी है की ईश्वर या परमात्मा को अकेले अच्छा नहीं लग रहा था ( स एकाकी न रमते ) और तब उसने एक से अनेक होने की इच्छा की (एकोहं बहुस्याम) और फिर जो भी दूसरा रचा गया उसमें वह स्वयं प्रवेश कर गया। इस आख्यान का एक आशय परमात्मा की उपस्थिति की व्याप्ति को दशार्ना है। ईशावास्योपनिषद भी यही कहता है झ ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किंचित जगत्यां जगत्- अर्थात यह दुनिया ईश्वर की वासस्थली है। इसलिए यहाँ हर जगह ईश्वर की उपस्थिति है। इस विचार की पराकाष्ठा शंकराचार्य के अद्वैत वेदांत में हुई जिसमें यह प्रतिपादित किया गया- सर्वं खल्विदम् ब्रह्म झ अर्थात जो कुछ है वह ब्रह्म ही है। सर्वव्यापी ब्रह्म, ईश्वर या परमात्मा की संकल्पना जीवन जीने के लिए एक सुदृढ़ आधार प्रदान करती है। गोस्वामी तुलसीदास जी भी जगत को सीय-राममय कह कर भी सम्भवतः यही भाव व्यक्त कर रहे हैं। वे ह्यसारा जगत एक ही तत्व वाला है या एक ही तत्व का प्रकाश है ह्न इस विचार की प्रतिष्ठा करते दिखते हैं। वस्तुतः यह मान कर ही सृष्टि मात्र में गुणवत्ता और शक्ति की प्रतिष्ठा हो सकेगी और हम उनका वास्तविक मूल्य समझ सकेंगे। आज हम पृथ्वी, जल, वायु आदि सभी को उपभोग्य वस्तु और खुद को उपभोक्ता मान कर बिना विचारे बहिचक उनका शोषण करते हैं।

## खास बात

### नवरात्रि में शक्ति का आवाहन



**के खुशी**

**नवरात्र शक्ति** के आवाहन का देवपर्व है। शक्ति के अवतरण के लिए आधारभूमि तैयार करने का दिव्य साधनाकाल। कलश स्थापना के साथ सुमधुर घंटा ध्वनि व धूप-बत्ती की सुगंध के साथ नौ दिन तक देवी दुर्गा की स्तुति के नवरात्र काल को अध्यात्म के क्षेत्र में मुहूर्त विशेष की मान्यता प्राप्त है। नौ दिवसीय विशिष्ट साधनाकाल मुख्यरूप से साल में दो बार आता है-चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से नवमी तक वासंतिक नवरात्र एवं आश्विन शुक्ल प्रतिपदा से नवमी तक शारदीय नवरात्र। सनातन हिंदू संस्कृति में नवरात्र की संकल्पना बहुत सोच-विचार कर की गयी है। ऋतु परिवर्तन के बोधक चैत्र व आश्विन माह हमारी दो मुख्य फसलों रबी व खरीफ के उत्पादन के होते हैं। नयी कृषि उपज के हवन के द्वारा मां शक्ति की आराधना का विधान हमारे मनीषियों की अनुपम जीवन दृष्टि का परिचायक है। जहां प्रस्तुत वासंतिक नवरात्र से भारतीय नववर्ष (नव संवत्सर) का शुभारम्भ होता है, वहीं शारदीय नवरात्र में देशभर में दुगापूर्जा की धूम रहती है।

वैदिक दर्शन के अनुसार पदार्थ अपने मूल रूप में वापस आकर फिर से अपनी रचना करता है। इसीलिए हमारे ऋषियों ने नवरात्र को प्राणों का उत्सव माना है, जिसके द्वारा महिषासुर (जड़ता), शुम्भ-निशुम्भ (अहंकार और शर्म) और मधु-कैटभ (राग और द्वेष) को नष्ट किया जा सकता है और मनोग्रस्तता (रक्तबीज), तर्क-वितर्क (चंड-मुंड) और कुदृष्टि (धूम्रलोचन) को केवल प्राण ऊर्जा के स्तर को ऊपर उठाकर ही दूर किया जा सकता है। प्रार्थना, उपवास, ध्यान और मौन के माध्यम से नवरात्र का पर्व जिज्ञासु को अपने सच्चे स्रोत की ओर यात्रा कराता है। प्रार्थना से मन निर्मल होता है, ध्यान के द्वारा अस्तित्व की गहराइयों में डूबकर आत्म साक्षात्कार होता है, उपवास के द्वारा शरीर विषाक्त पदार्थ से मुक्त होकर स्वस्थ होता है व मौन से हमारे वचनों में शुद्धता आती है। यह आंतरिक यात्रा मनुष्य के बुरे कर्मों का शमन करती है।

# लव कुश की पहचान

## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**घटनास्थल** पर बाल्मीकि जी पहुंच चुके थे। बाल्मीकि जी ने सारी बात खोलकर रख दी। उन्होंने कहा कि सीता राम जी की पत्नी है। ये लव-कुश आश्रम पर ही रहते थे ये आश्रमवासी थे।

प्रसंग की व्याख्याः सीता की कहानी भक्ति की कहानी है। रामराज्य के बाद यानी ज्ञान के बाद ही भक्ति की शुरूआत होती है। भक्ति सीता की तरह होती है कि हर तरह की कष्ट उठाने के लिये तैयार होती है। कड़ा से कड़ा काम खराब से खराब काम उसे मिल जाए उसे करने के लिये उसे खराब नहीं लगता है। यही सीता का चरित्र है। सीता के जो दो लड़के है यह भक्ति के संतान के रूप में ज्ञान और वैराग्य के रूप में नजर आते हैं। भक्ति का प्रभाव होता है कि उसके द्धारा जो उत्पन्न होता है वो ज्ञान और वैराग्य होता है। उसकी ज्ञान और वैराग्य का प्रतीक के रूप में लव कुश हैं।

**लीला संवरण**

चारो भाइयों के दो लड़के थे। श्री राम के पुत्रों का नाम लव और कुश था। लक्ष्मण के पुत्र अंगद और चित्रकेतू भरत के तक्ष और पुष्कल तथा शत्रुध्न के सुबाहु और शत्रुहंता था। इस प्रकार अयोध्या का काम सुचारू रुप से चल रहा था। जब यज्ञ की शुरुआता हुई तब राजसूय यज्ञ के आंरभ में ही अश्वमेघ का घोड़ा छोड़ा गया था। लव-कुश की घटना जब बीत गयी, अयोध्यावासी वापस आ गये तो एक चर्चा जोड़ पकड़ी। (ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

**डग्स** के खिलाफ लड़ाई सिर्फ किसी एक सरकार की लड़ाई नहीं जन-जन की लड़ाई है।

ड्रग्स देश की सुरक्षा और भविष्य का दुश्मन है...मोदी जी के मार्गदर्शन में गृह मंत्रालय इसके समूल नाश के लिए संकल्पित है।

**– अमित शाह, केन्द्रीय गृह मंत्री**

## आपके ट्वीट

**कांग्रेस** के इस तथाकथित सत्याग्रह में सत्यके प्रति कोई आग्रह नहीं है केवल अपने को कानून से ऊपर समझने के अहंकार का पूर्वाग्रह और पिछड़ी जातियों के प्रति अपमान का दुराग्रह दिख रहा है।

**–सुधांशु त्रिवेद्धी**





**मैं** भारत की आवाज के लिए लड़ रहा हूं।

मैं हर कीमत चुकाने को तैयार हूं।

**–राहुल गांधी**

# स्कूल ऑफ रामा लाईफ मैनेजमेंट कोर्स से मिलेगी युवाओं को दिशा



**अंकिता बनर्जी**

**रामकथा** का रिश्ता सीधे लोकमानस से है, उसके सुख-दुःख,आस-निरास से है। रामकथा क्या है जैसे प्रश्न का उत्तर किताबों से ज्यादा लोक व्यवहारों में खोजा जाना चाहिए। ऐसा मानना है भगवान श्रीराम के जीवन पर शुरू हुए विश्व के पहले वर्चुअल विद्यालय स्कूल ऑफ राम का। स्कूल ऑफ राम, राम कहानी से जीवन प्रबंधन के गुर सिखाएगा। स्कूल ऑफ राम के संस्थापक, संयोजन काशी हिंदू विश्वविद्यालय में अध्यनरत, विद्या भारती के पूर्व छात्र प्रिंस का कहना है की पहले लोग एक-दूसरे का अभिवादन, प्रणामऔर नमस्कार की जगह राम-रामजी या जै रामजी की 'जय सियाराम' कहकर किया करते थे। अभिवादन में 'जै रामजी' और 'कुशल-क्षेम' के रूप में अपनी-अपनी राम कहानी का अर्थ समझ आता है। इसका मतलब यह होता है कि राम स्मरणीय है, इस हद तक कि दो जन जब आपस में मिलें या भेंट करें तो उनकी मुलाकात की शुरूआत रामनाम से हो। दूसरा अर्थ यह होता है कि राम की कोई कहानी है- ऐसी कहानी जिससे व्यक्ति की आपबीती का कोई अनोखा रिश्ता है। ऐसा रिश्ता कि राम की कहानी कहने का मतलब किसी से अपनी आपबीती कहना हो जाता है।

प्रिंस ने कोर्स के सबंध में बताया कि रामायण की इन्हीं लोककथाओं को जीवन प्रबंधन का आधार बनाकर स्कूल ऑफ राम ने एक कोर्स का प्रारूप तैयार किया है। जिसमें प्रतिदिन रामायण से जुड़ी किसी एक प्रेरणादायक कहानी से जीवन प्रबंधन का एक गुर लोगों को सिखने को मिलेगा। इस कोर्स का हिस्सा कोई भी बन सकता है। कोर्स 16 जनवरी से शुरू होगा, जिसके लिए आवेदन प्रक्रिया 13 जनवरी से शुरू हो रही है। यह कोर्स 101 दिन तक वर्चुअल ही संचालित होगा।

## सामयिक

**हर घर में पुनः दोहराई जाएंगी रामायण की प्रेरणादायक कहानियां**

ऐसा क्या है रामकथा में जो उसे आपबीती बनाकर लोककथा बनने की क्षमता देता है? यह प्रश्न यों भी पूछा जा सकता है- राम की आपबीती में ऐसा क्या है कि वह जगबीती बन जाती है? एक बार फिर से लोक व्यवहारों का सहारा लें तो इस प्रश्न का सहज ही उत्तर मिल जाएगा। भोजपुरी-भाषा इलाकों में कोई भोजन बनाने चले या भोजन करने बैठे तो अक्सर कुछ ना-नुकुर या कुछ कहासुनी हो जाती है। ऐसे समय में कोई माता सरीखी महिला सीख के तौर पर दोहराती है- 'राम बनके जेवनार। सीता बनके रसोई।' इसका अर्थ है कि भोजन करना तभी सार्थक होता है जब वह राम भाव से किया जाए। रसोई बनाना भी तभी सार्थक होता है जब सीता भाव से बनाई जाए।

रामकथा घर-गृहस्थी चलाने की कथा है। इसका अर्थ यह निकल कर सामने आ रहा है कि रामकथा एक और अनेक के स्वहित के आपसी टकराव की ही कथा है। इस टकराव में घर-गृहस्थी को घेरने वाले संकटों की कथा, उन संकटों से निकलने के लिए उपाय की कथा।

स्कूल ऑफ राम का मानना है कि कोर्स के शुरू किए जाने वाले इस प्रयास से युवा पीढ़ी को कम शब्दों में रामकथा का ज्ञान प्राप्त होगा। साथ ही रामायण के छोटे-छोटे प्रसंगों से जीवन प्रबंधन के बड़े-बड़े सूत्र भी सीखने को मिलेंगे।

कोर्स की महत्वपूर्ण बातें

रामायण के प्रेरणादायक प्रसंगों से प्रतिदिन मिलेगा लाइफ मैनेजमेंट (जीवन प्रबंधन) का एक नया सूत्र।

रामायण के प्रसंगों को आधार बनाकर युवाओं को देगें जीवन प्रबंधन का प्रशिक्षण।

101 दिन तक चलता है यह कॉर्स।

अब हर घर में पुनः दोहराई जाएंगी रामायण की प्रेरणादायक कहानियां।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### विसंगतियों की शिक्षा

**आर्थिक** मंदी के चलते मध्य वर्गीय परिवार के लिए मोबाइल-कंप्यूटर खरीद पाना बस की बात नहीं है। शिक्षा नीति योजना के संभावित परिणामों पर विचार किये बिना ही लागू कर दी गयी। घर बैठे ऑनलाइन शिक्षा ने लाभ की अपेक्षा अधिकतर विद्यार्थियों को शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक रूप से कमजोर अवश्य कर दिया है। यह बड़ी चिंता का विषय है।

**–अनिल कौशिक, रांची**

### शासन की जवाबदेही

**पुलिस** और आबकारी विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार और मिलीभगत के बिना अवैध शराब का उत्पादन और बिक्री सम्भव नहीं। अनेक मामलों में उच्च स्तर पर सरकारी संरक्षण उजागर हुआ है। बिहार में नशाबंदी लागू कर नीतीश सरकार ने कमाल किया है। आबकारी कर से धन अर्जित करने वाली सरकार का दायित्व है कि उपभोक्ता को गुणवत्तापूर्ण शराब उपलब्ध कराये।

**–सुखबीर, जमशेदपुर**

# भये प्रगट कृपाला दीन दयाला...



**रविरंजन**

**चैत्र** माह के नौवें दिन राम नवमी का पर्व मनाया जाता है। इस दिन का हिंदू धर्म के लोगों के लिए विशेष महत्व होता है। माना जाता है कि इस दिन भगवान राम का जन्म हुआ था। रामनवमी के दिन मां दुर्गा और श्री राम और मां सीता का पूजन किया जाता है। इस दिन देवी मां के 9वें स्वरूप सिद्धिदात्री की उपासना की जाती है।

अयोध्या के महाराजा दशरथ की कोई संतान नहीं थी। उन्होंने पुत्र प्राप्ति के लिए यज्ञ करने की योजना बनाई। यज्ञ प्रारंभ के समय उन्होंने अपनी चतुरंगिनी सेना के साथ श्यामकर्ण नामक घोड़ा छोड़ दिया। अब उनका यज्ञ प्रारंभ हुआ। उनके यज्ञ में सभी ऋषि-मुनि, तपस्वी, विद्वान, राजा-महाराजा, मित्र और उनके गुरु वशिष्ठ जी भी शामिल हुए। सभी लोगों की उपस्थिति में यज्ञ प्रारंभ हो गया।

मंत्रोच्चार से चारों दिशाएं गूंज उठीं और यज्ञ की आहुति से महकने लगीं। यज्ञ के लिए विशेष खीर बनाया गया। यज्ञ के समापन के समय महाराज दशरथ ने अपने सभी अतिथियों, ऋषि-मुनियों, ब्राह्मणों आदि को दान देकर सकुशल विदा किया। यज्ञ के समापन के बाद दशरथ जी ने यज्ञ के समय बने खीर को अपनी तीनों रानियों को प्रसाद सवरूप खिलाया। उसके प्रभाव से उनकी तीनों रानियां गर्भवती हो गईं।

## पर्व

चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को पुनर्वसु नक्षत्र में राजा दशरथ की बड़ी रानी कौशल्या ने एक शिशु को जन्म दिया। वह शिशु बेहद आकर्षक, तेजस्वी और नील वर्ण वाला था। वह और कोई नहीं, साक्षात श्रीहरि विष्णु के स्वरुप राम थे। इसके पश्चात रानी कैकेयी ने एक और रानी सुमित्रा ने दो तेजस्वी पुत्रों को जन्म दिया। चार पुत्रों को पाकर महाराज दशरथ अत्यंम प्रसन्न हुए, पूरे राज्य में उत्सव मनाया गया। प्रजा, दरबारियों, मंत्रियों आदि को उपहार दिए गए। ऋषि-मुनियों, ब्राह्मणों आदि को दान दक्षिणा दिया गया।

कुछ समय पश्चात उन चारों शिशुओं का नामकरण संस्कार किया गया। महर्षि वशिष्ठ ने दशरथ जी के बड़े पुत्र का नाम राम, दूसरे का भरत, तीसरे का लक्ष्मण और सबसे छोटे पुत्र का नाम शत्रुघ्न रखा। चारों बालकों की किलकारियों से पूरा महल गूंज उठता था। महाराज दशरथ अपनी तीनों रानियों के साथ अपने बालकों पर पूरा स्नेह लुटाते थे। पूरी अयोध्या में आनंद से सराबोर थी। समय के साथ जब चारों भाई बड़े हुए तो उनकी शिक्षा प्रारंभ हुई।

गुरु विश्वामित्र ने ही भगवान राम को धनुर्विद्या और शास्त्र विद्या का ज्ञान दिया। वहीं, ऋषि वशिष्ठ ने श्रीराम को राज-पाट और वेदों की शिक्षा दी। उन्होंने ही श्रीराम का राज्याभिषेक कराया था।

राम नवमी की व्रत विधिः

रामनवमी के दिन सुबह जल्दी उठ जाएं और स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें।अब पूजा स्थल पर पूजन सामग्री एकत्रित कर लें।

पूजा में तुलसी पत्ता और कमल का फूल जरूर होना चाहिए।

उसके बाद श्रीराम नवमी की षोडशोपचार पूजा करें।खीर और फल-मूल को प्रसाद के रूप में तैयार करें।पूजा के बाद घर की सबसे छोटी महिला सभी लोगों के माथे पर तिलक लगाएं।

राम नवमी के दिन विधिवत हवन भी किया जाता है। नवरात्रि का ये आखिरी दिन होता है इसलिए कई लोग इस दिन कन्याओं को भोजन भी कराते हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## रामगढ़ में निकाला मंगला जुलूस



रामगढ़। रामनवमी के अवसर पर मंगलवार को शहर में श्रीरामनवमी महासमिति ने भव्य मंगला जुलूस निकाला। जुलूस में भगवा वस्त्र पहने युवा हाथों में अस्त्र शस्त्र लिये बड़ी संख्या में शामिल हुए। जुलूस बाजार टांड़ से शुरू होकर चट्टी बाजार, झंडा चौक, थाना चौक, सुभाष चौक होते हुए फुटबॉल ग्राउंड के निकट पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस में शामिल युवा जय श्रीराम का नारा लगाते हुए आकर्षक कर्तब दिखा रहे थे।

## बुधिया गुट ने किया जनसंपर्क




भुरकुंडा। 2 अप्रैल को होनेवाले रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के द्विवार्षिक चुनाव को लेकर जनसंपर्क अभियान ने रफ्तार पकड़ी। मंगलवार को कोयलांचल के पटेल नगर, भुरकुंडा बाजार, बिरसा चौक आदि क्षेत्रों में विमल बुधिया गुट ने जनसंपर्क अभियान चलाकर व्यवसायियों से समर्थन मांगा। विमल बुधिया गुट के प्रत्याशियों ने व्यवसायियों से कहा कि यदि उनका गुट चुनाव में विजय हुआ तो व्यवसायियों के हितों का ख्याल रखते हुए कार्य करेगा। प्रत्याशियों ने व्यवसायियों से कहा कि आप अपना बहुमूल्य वोट देकर हमारे गुट के सदस्यों को विजय बनाएं हम सभी सदैव आपलोगों की सेवा में लगे रहेंगे। जनसंपर्क अभियान में अमरेश कुमार सिंह, अरूण कुमार राय, विमल बुधिया,अमित कुमार सिन्हा, जितेंद्र अग्रवाल (जीतू),जितेंद्र प्रसाद (डब्लू),जितेंद्र सिंह पवार, मनोज कुमार मंडल, नंद किशोर गुप्ता उर्फ नंदू बाबू, नीरज सिंह, निलेश कुमार गुप्ता, रविशंकर चौरसिया, विजय कुमार मेवाड़, विकास सेठी, विनोद कुमार पंकज आदि शामिल थे।

## रामनवमी को लेकर मॉक ड्रिल



रामगढ़। रामनवमी पर्व को लेकर शहर के पुलिस लाइन में मंगलवार को मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल में पुलिस और दंगाइयों के बीच भिड़ंत को कंट्रोल कैसे किया जाना है इसका पूर्वाभ्यास किया गया । मॉक ड्रिल में वाटर कैनन, टियर गैस समेत रबर की गोलियों का इस्तेमाल किया गया । मॉक ड्रिल में एक सौ से अधिक पुलिस कर्मी शामिल हुए। एसडीपीओ किशोर कुमार रजक ने बताया कि पर्व त्यौहार के मौके पर आपातकालीन स्थिति में भीड़ को नियंत्रित करने को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया

## कोयला कर्मियों के समस्याओं से समझौता नहीं : संजय मिश्रा




भुरकुंडा (रामगढ़)। अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के जीएम यूनिट बरका-सयाल की बैठक मंगलवार को जीएम कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता शिवनंदन दास व संचालन कमलेश कुमार ने किया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित यूनियन क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा के देख-रेख में जीएम यूनिट बरका-सयाल के 37 सदस्यीय नई कमेटी का चयन किया गया। मौके पर संजय मिश्रा ने संघ के मजबुती पर बल देते हुए कहा कि मजदूरों को हित सर्वोपरि है। कोयला कर्मचारियों के समस्याओं से यूनियन कभी समझौता नहीं करेगा। हर हाल में मजदूरों की समस्याओं का समाधान होगा। उन्होंने कहा कि मजदूरों की समस्याओं के समाधान के लिए यूनियन हर आंदोलन व संघर्ष को तैयार रहेगी। श्री मिश्रा ने जीएम यूनिट के नई कमेटी के पदाधिकारियों को फल माला पहनाकर जोरदार स्वागत करते हुए बधाई दी। साथ ही आशा व्यक्त की है कि यह जीएम यूनिट में नंबर वन यूनियन बनकर उभरेगी। जीएम यूनिट कमेटी में अध्यक्ष शिवनंदन दास, उपाध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ पिन्कू सिन्हा, सुरेंद्र कुमार, सोनू कुमार, सुरेश खरवार व सतीश कुमार तिवारी, सचिव कमल सिंह, सह सचिव कमलेश कुमार, शेखर सरकार, गोराचन्द्र साव, बिरेंद्र व महेंद्र मुंडा, सह संगठन सचिव अभिषेक शर्मा, मुकेश कुमार यादव, चन्द्रदीप चौधरी, सुनिता व लक्खी उरांव, कोषाध्यक्ष साहिल कुमार, सह कोषाध्यक्ष आशीष कुमार चौधरी सहित कार्यकारिणी में 17 सदस्यीय टीम शामिल है। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष गुरूदयाल ठाकुर, क्षेत्रिय महासचिव विकास कान्त सिन्हा व धर्मेंद्र मिश्रा मौजूद थें।

# बच्चों का स्किल डेवलपमेंट करें आचार्य

**पंचपदी अभिनव शिक्षण पद्धति पर आधारित बच्चों को शिक्षा देना विद्या भारती का लक्ष्य : अजय तिवारी**

खबर मन्त्र संवाददाता




**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली, हजारीबाग में चल रहे तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला में मंगलवार को मुख्य अतिथि विद्या विकास समिति झारखंड के प्रदेश सचिव, अजय कुमार तिवारी ने आचार्यों को संबोधित करते हुए पंचपदी अभिनव शिक्षण पद्धति पर आधारित बच्चों को शिक्षा देने की बात कही। उन्होंने कहा पंचपदी शिक्षण पर आधारित शिक्षा देने से उनका ज्ञानात्मक विकास एवं भावनात्मक विकास होता है। उन्होंने कहा कि आप सभी विभिन्न शिक्षण विधियों का प्रयोग कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चों को दें। आप उनका मूल्यांकन अवश्य करें । बच्चों का स्किल डेवलपमेंट करें। बच्चों के ज्ञान विकास हेतु कक्षा प्रबंधन, टीएल एम, पी एल एम, शिक्षण विधियां ,राइटिंग- रीडिंग स्किल ,अधिगम सामग्री आदि पर उन्होंने कार्यशाला में आचार्यों को विस्तार से बताया।

उन्होंने कहा कि सरस्वती के इस मंदिर में शिशु भगवान के समान हैं। आप अपने अध्यापन से उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर बच्चों का सर्वांगीण विकास कराएं 'गौरतलब है कि यह कार्यशाला का समापन दिनांक 29 मार्च को होगा। कार्यशाला में अध्यक्षीय आशीर्वचन देते हुए विद्यालय के अध्यक्ष श्रद्धानंद सिंह ने कहा कि आप सभी आचार्यों के सतत प्रयास से भैया-बहनों का सर्वांगीण विकास होगा। आप अपने दायित्व का निर्वहन पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ करें। कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि के रूप में आशुतोष जी, विभाग प्रचारक , हजारीबाग ने राष्ट्र निर्माण में संघ की भूमिका एवं अमित सिंह ,सह प्रमुख, प्रांत पर्यावरण शिक्षा, विद्या विकास समिति , झारखंड ने संकुल योजना में विद्यालय की भूमिका विषय पर आचार्यों को संबोधित किया' मौके पर विद्यालय समिति के कोषाध्यक्ष अभिषेक कुमार भी उपस्थित थे।

# बुंडू में घर घर जल नल योजना में अनियमितता

**किसी के घर के सामने जेसीबी के द्वारा गड्ढा खोदकर पाइप बिछा दिया जाता है, उस गड्ढे को नहीं भरा जाता मामले की उपायुक्त को करेंगे शिकायत : विजय यादव**

खबर मन्त्र संवाददाता



अनियमितता दिखाते मुखिया विजय यादव व अन्य ग्रामीण

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के बुंडू गांव में ग्रामीण जलापूर्ति योजना के द्वारा घर घर जल नल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने के कार्य मे भारी अनियमितता के साथ घोर लापरवाही देखी जा रही है।ग्रामीणों के अनुसार कहीं भी किसी के घर के सामने जेसीबी के द्वारा गड्ढा खोदकर पाइप बिछा दिया जाता है।परंतु पुनः उस गड्ढे भरा नही जा रहा है जिसे लेकर ग्रामीणों में काफी रोष व्याप्त है। जिसमें संवेदक की लापरवाही एवं मनमानी का दंश वहां के ग्रामीण झेल रहे है। आलम यह है कि निर्माण कर्मियों द्वारा जेसीबी मशीन से जगह जगह मनमाने तरीके से जहां तहां मिट्टी व बड़े बड़े बोल्डर को छोड़ दिए गए है। जिससे ग्रामीणों की काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बाबत मलकोको पंचायत के स्थानीय मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि निर्माण कार्य कर रहे संवेदक थोड़ा सा लाभ के लिए निर्माण कार्य को सही ढंग से नही कर रहे है, जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है और निकट भविष्य में भी भुगतना पड़ेगा। विभाग के कर्मी के नही रहने के कारण निर्माण कार्य भी सही गुणवत्तापूर्ण तरीके से नही हो रहा है। सड़क को खोदने के बाद पाइप को ढकने का कार्य भी नही किया गया है, जिससे पाइप का लाइफ बहुत दिनों तक नही चलने वाला हैं। मुखिया ने बताया कि सड़क को जेसीबी मशीन से गड्ढा किया जा रहा है, जिससे पीसीसी सड़क के साथ साथ बोल्डर भी निकल जा रहा है। जबकि उन्होंने कई बार आग्रह किया है कि गांव घर में लेबर मजदूर से निर्माण कार्य करवाएं तांकि ग्रामीणों को परेशानी न हों। मुखिया विजय यादव ने बताया कि सवेंदक द्वारा मानक नियमों के अनुसार कार्य नही किया जा रहा है।जिसकी शिकायत उपायुक्त से कर संवेदक के ऊपर करवाई किये जाने की बात की जायेगी। विरोध करने वालो में बाबूलाल यादव, परमेश्वर यादव, लखन यादव सहित कई लोग शामिल हैं।

## व्रतियों ने उद्यीमान सूर्य को दिया अर्घ्य



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल आससपास के ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धा भक्ति का महापर्व चैती छठ इस वर्ष भी भक्तिभाव से संपन्न हो गया। निर्जला उपवास पर रहीं छठव्रतियों ने चार दिवसीय चैती छठ महापर्व के चौथे दिन मंगलवार को तड़के सुबह सूप दउरा में प्रसाद, धूप, अगरबती, नारियल व फल-फूल सजाकर छठ घाटों पर पहुंची। जहां उद्यीमान भगवान सूर्य को द्वितीय अर्घ्य अर्पित की।

दोनों समय अर्घ्य अर्पित करने से पहले छठव्रती आधे शरीर पानी में रहकर छठ मां, भगवान सूर्य की पूजा अराधना की। छठ महापर्व पर अर्घ्य अर्पित करने के लिए छठ घाटो पर भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। मंगलवार को अर्घ्य अर्पित करने के बाद छठव्रती छठ का प्रसाद सेवन कर पारण किए। चैती छठ महापर्व पर कोयलांचल में जगह जगह छठ महापर्व के गीत बज रहे थें, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय दिखा।

## हर व्यक्ति को मिले स्वास्थ्य सुविधा : राजाराम प्रजापति



**पतरातू।** पतरातू प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जिप सदस्य राजाराम प्रजापति, विशिष्ट अतिथि प्रखंड चिकित्सा प्रभारी डॉ नितिन तुलस्यान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जिप सदस्य राजाराम प्रजापति ने स्वास्थ्य विभाग के प्रयास की तारीफ किया और कहा कि इस तरह के आयोजन का लाभ सभी को मिले। इसके लिए व्यापक तरीके से प्रचार प्रसार होना चाहिए।

## जयंत सिन्हा को संसद रत्न मिलने पर बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**टाटीझरिया।** हजारीबाग सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा को संसद रत्न पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर भाजपा ने टाटीझरिया प्रखंड कार्यालय में प्रेस वार्ता किया गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता और सांसद प्रतिनिधि हजारीबाग ,शिक्षा विभाग मिथिलेश कुमार पाठक ने कहा कि जयंत सिन्हा को संसद - रत्न पुरस्कार मिलना ,हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उनकी अध्यक्षता वाली वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सर्वक्षेष्ठ समिति के रूप में चुना गया है। इन्हें 25 मार्च को नई दिल्ली में हरियाणा के महामहिम राज्यपाल बण्डारू दत्तात्रेय ने इस पुरस्कार से सम्मानित किया। विष्णुगढ़ के पूर्व सांसद प्रतिनिधि शंभूनाथ पांडेय ने कहा कि हमारे विद्वान सांसद सांसद में लगातार क्षेत्र के मुद्दे उठाते रहें हैं। उनकी वित्त समिति देश स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर रही है,जिसका प्रमाण पत्र उन्हे मिला है। उपेंद्र पांडेय ,रजनीकांत चौधरी ने कहा कि इन्हें वर्ष 2022 में भी सर्वश्रेष्ठ सांसद और उनकी अध्यक्षता वाली वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सर्वक्षेष्ठ समिति के रूप में चुना गया था। इस अवसर पर सहदेव यादव,अनिल प्रसाद, राजू यादव,शशि प्रसाद, कृष्णा प्रसाद,शिव कुमार,कुलेश्वर प्रसाद समेत अन्य उपस्थित थे।

## महाअष्टमी के व्रत से मिलती है शक्ति : राम कुमार पाठक



पंडित राम कुमार पाठक

**भुरकुंडा ।** महाअष्टमी का व्रत एवं मां की पुष्पांजलि देने से मां अपने भक्तों के जीवन में सुख-शांति समृद्धि प्रदान करती है। उक्त बातें जवाहरनगर निवासी सह मां दुर्गा के उपासक पंडित राम कुमार पाठक ने ने कही। उन्होंने बताया कि इस वर्ष महाअष्टमी का व्रत बुधवार को प्रातः काल से व्रत करें। अगर आप समर्थ हैं तो निर्जला व्रत करें। अन्यथा सुबह मां की पूजा कर शरबत एवं फल ग्रहण करें। रात्रि में जब अष्टमी तिथि खत्म हो रहा हो और नवमी तिथि प्रवेश कर रहा हो उसके 10 मिनट का समय सबसे महत्वपूर्ण होता है। हर सनातनी को यह क्षण नहीं गंवाना चाहिए। क्योंकि मां का एक कथन है जो भक्त भक्ति भाव से मेरा सुमिरन करता है मैं उसके जीवन के सारे कष्टों को दूर कर देती हूं।

# मैं मोहब्बत का कारोबार करता हूं...

**शब्ददीप साहित्यिक चैनल का उद्घाटन, 50 से अधिक कवि और शायर हुए शामिल**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** शब्द दीप साहित्यिक संस्था के तत्वाधान में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नववर्ष एवं बलिदान दिवस के अवसर पर होटल शिवम इन में एक शाम वीर शहीदों के नाम कवि सम्मेलन सह शब्द दीप सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि समाजसेवी विजय मेवाड व, कवि सरोज झा झारखण्डी, विशिष्ट अतिथि वार्ड अधिकारी ति गौरव, गुरुद्वारा प्रधान परमजीत सिंह कारला व जीवन कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ गीतकार राकेश नाजुक ने सरस्वती वंदना के साथ किया। मौके पर संस्था के संस्थापक सुदीप संकल्प ने कहा कि शब्द दीप के माध्यम से सभी नवांकुर कवि, शायरों को मंच देने का काम किया जाएगा। शब्द दीप यूट्यूब चैनल अपने मंच से उसे ज्यादा से ज्यादा प्रसारित करेगा। सरोज झा झारखण्डी ने अपनी रचना खुले दिल से यारों मैं यह स्वीकार करता हूं, दीवाना हूं दीवानों से मैं प्यार करता हूं, मुबारक हो उनको ये दुनिया की तिजारत जी मैं पागल हूं मोहब्बत का कारोबार करता हूं। मौके पर चंद्रिका ठाकुर देशदीप, अंशिता सिन्हा सहित दर्जनों कवि, कवियत्रियों ने कविता पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन हजारीबाग कवि अनंत ज्ञान और राकेश नाजुक ने संयुक्त रूप से किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विक्रांत मोहन, मनोज विश्वदीप, अमित कुमार, अनिल सिन्हा, शौर्य प्रतीक, किशन आनंद, सचिन कांत झा, गौरव कुमार झा आदि का विशेष योगदान रहा। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम के संयोजक सुदीप अग्रवाल संकल्प व मनोज विश्वदीप ने किया।

**राष्ट्रीय कवि संगम ने किया सम्मानित :** राष्ट्रीय कवि संगम झारखंड प्रांत के प्रांतीय महामंत्री सरोज झा झारखंडी और प्रांतीय संगठन मंत्री राकेश नाजुक ने युवा चित्रकार वैभव शर्मा और कर्णधार के संस्थापक विक्रांत कुमार को विशेष रूप से सम्मानित किया। मौके पर सरोज झा झारखण्डी ने कहा कि राष्ट्रीय कवि संगम सभी रचनात्मक और सृजनात्मक युवाओं को सम्मानित कर उनकी प्रतिभा को निखारने का काम करेगी। मौके पर संस्था के अन्य लोगों ने दोनों को बधाई दी।

एक नजर में

## झरपो में संघर्ष समिति ने निकाली शोभायात्रा



**टाटीझरिया ।** टाटीझरिया थाना और टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के झरपो पंचायत के देवी मंडप प्रांगण में संघर्ष समिति झरपो के सौजन्य से उपमुखिया राजेंद्र कुमार समिति के अध्यक्ष सचिव संग सदस्यों में सोनू पंडा, दीपक आर्ट,मोहन मेहता संतन सोनी सिकेंद्र कुमार, अरुण शर्मा,राजेश कुमार , आरव राज बिपुल पंडा धर्म के नेतृत्व में संघर्ष समिति झरपो के ओर से देवी मंडप प्रांगण से आरंभ कर पैदल पद यात्रा कर मंगला जुलूस (शोभायात्रा) निकाला गया । शोभायात्रा के दौरान काफी महिला पुरुषो का हुजूम देखा जा रहा था। हुजूम में भगवा रंग के कपड़े पहने श्रद्धालू भक्त जय माता दी , जय श्री राम ,जय हनुमान के जय घोष करते हुए महावीर झंडे के हाथो में लिए माथे पर भगवा गमछे लपटे तिलक लगाए केसियो के धूम पर शांति पूर्ण भक्ति भाव से नाचते थिरकते देखने को मिले।

## केरेडारी स्वास्थ्य मेला में नहीं आये मरीज

केरेडारी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केरेडारी में होने वाले 28 मार्च को स्वास्थ्य मेला में नही दिखे मरीज, नराज दिखे लोग । कहा कि स्वास्थ्य मेला का नही मिली जनकारी,बता दे कि मंगलवार को केरेडारी स्वास्थ्य मेला में 1लाख बिस हजार के आबादी वाला क्षेत्र में मात्र 200 लोगो ने पंजीकरण करवाया,हुए पंजीकरण के अनुसार साफ पता चल रहा है कि, कितना प्रचार प्रसार किया है। वहीं जानकारी मुताबिक स्वास्थ्य मेला में एक लाख रुपए खर्च के लिए बजट था,पर खर्च के पैसा गबन करने के फिराक में दिखे। चिकित्सा प्रभारी डॉ विक्रम उन्होंने कहा कि मै मानता हूं खर्च के लिए एक लाख रुपए की बजट था। प्रचार कोरोना बढ़ने के कारण नही किया गया,बाद में पंचायत लेबल शिविर लागया जायेगा।

## चरही में अवैध कोयले से लदा बेलोरो जब्त

**चरही ।** रविवार देर रात गुप्त सूचना के आधार पर वन विभाग और सीसीएल सुरक्षा विभाग की टीम के संयुक्त छापेमारी अभियान में अवैध कोयले से लदा बोलोरो को धर दबोचा गया। दोनो विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि बड़कागांव के जोराकाठ जंगल से तीन टर्बो और एक बोलोरो कोयला लेकर रेलवे साइडिंग के रास्ते निकल रही है। मांडू रेंजर विनोदा नंद राय वनरक्षी दलों के साथ रेलवे साइडिंग के पास पहुंच गए। रेलवे साइडिंग में सीसीएल की सुरक्षा विभाग की टीम में सीसीएल सुरक्षा निरीक्षक उजय कुमार,अनिल मरांडी जवानों के साथ वाहनों के निकलने का इंतजार में थे। बड़े वाहन तो निकले नहीं,इसी बीच एक बोलोरो धीरे से खड़ा कर उसका चालक फरार हो गया। उक्त बोलोरो संख्या जेएच 02बी 3248 जिसमे अवैध कोयले से भरा था, जिसे जब्त कर लिया गया।

## चरही में जल संकट से जूझ रहे ग्रामीण

**चरही।** सरकार ने जल संकट से उबारने के लिए कई ठोस कदम उठाई है।क्षेत्र में जल स्वच्छता विभाग के तहत पाइप लाइन को बिछाया जा चुका है।कई लोगों के घरों में नल भी लगाए गए हैं।लेकिन कई घरों में अभी अभी तक नल और पाइप लाइन तक नहीं लग पाये हैं।कई बार शिकायत करने के बावजूद भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।ग्रामीण कहते हैं कि नल-जल के बाद तीन-चार दिनों तक पानी सप्लाई का कार्य किया गया।उसके बाद से सप्लाई का कार्य ठप है।इसी तरह से वर्ष 2014-15 में चरही के पुराने पंचायत भवन और दुर्गा मंदिर के समीप लाखों रुपए खर्च कर जल स्वच्छता विभाग के द्वारा पूरे चरही गावं में पानी सप्लाई के लिए मिनी ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत मिनी जलमीनार का निर्माण कराया गया था।बोरिंग को धंस जाने के कारण सप्लाई का काम ठप हो गया। पानी सप्लाई के कार्य बंद हैं।वार्ड सदस्य सत्येन्द्र नरायन सिंह, अलाउद्दीन अंसारी,बाबूलाल महतो,मुकेश भुइयां ने विभाग के अधिकारियों से मांग किया है कि पूर्व से बंद पड़े मिनी जलमीनार को चालू किया जाय।

## जरबा पैक्स की बैठक में कई मामलों पर मंथन

**चरही।** रविवार को जरबा पैक्स के कार्यकारिणी सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक पंचायत भवन परिसर में हुई। जिसकी अध्यक्षता पैक्स के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामदुलार साव ने किया। बैठक में पैक्स के विभिन्न समस्याओं और किसानों के हो रहे कठिनाइयों पर विचार विमर्श किया गया। अध्यक्ष ने बताया कि जरबा पैक्स के पास अपनी भूमि और गोदाम नहीं होने के कारण धान की खरीदारी में किसानों और पैक्स को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इसके लिए पूर्ण प्रयास किया जा रहा है। आगे बताया कि पैक्स के द्वारा खाद और बीज का लाइसेंस बनाकर किसानों के बीच खाद और बीज का वितरण किया जाएगा। मौके पर रविंदर कुमार,जागेश्वर प्रजापति,भगिया देवी,रीना देवी, मीना देवी,रेखा देवी,किशोर प्रजापति,बिंदेश्वर महतो,सीमा देवी सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## विष्णुगढ में निकला मंगला जुलूस

विष्णुगढ़। प्रखंड प्रक्षेत्र में रामनवमी के पूर्व मंगलवार को मंगला जुलूस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य भूमिका के रूप में मातृशक्ति द्वारा जय श्री राम के गगनभेदी जयकारे व भगवा ध्वज के साथ प्रखंड के विभिन्न चौक चौराहो में शोभा यात्रा निकाली गई। मंगला जुलूस सह शोभा यात्रा में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ता मुख्य रूप से शामिल थे। इस बाबत सभी ने भगवा वस्त्र धारण कर परंपरागत हथियारों से लैस होकर सभी मातृ शक्ति ने अपना कला कौशल का प्रदर्शन किया। शोभायात्रा में शामिल सैकड़ों महिला-पुरुष बच्चे हाथों में महावीरी पताका लिए जय श्री राम, घर घर भगवा छाएगा, राम राज फिर आएगा आदि जयकारे लगाएं जिससे पूरा क्षेत्र भगवा मय नजर आ रहा था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नरेश सोनी, गुरुप्रसाद साव, संजय साव, सिकंदर साव, वरुण ठाकुर के अलावे मातृशक्ति भारी संख्या में शामिल थे।

## रामनवमी में निर्बाध रहेगी स्वाथ्य सुविधा : डॉ ज्ञानी

**बरही।** रामनवमी के अवसर पर पूरे अनुमंडल क्षेत्र में रामनवमी को लेकर तीन दिनों तक निर्बाध रूप से स्वाथ्य सुविधा जारी रहेगी। इस संबंध मे बरही अनुमण्डलीय अस्पताल उपाधीक्षक डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी ने आदेश जारी करते हुए बताया कि असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, हजारीबाग के पत्रांक 700 दिनांक 21 मार्च के आदेशानुसार अनुमण्डलीय अस्पताल बरही, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, स्वास्थ्य उपकेन्द्रों में पदस्थापित चिकित्सा पदाधिकारी, एएनएम, एमपीडब्लु एवं अन्य कर्मचारीयों को आदेश दिया गया है कि रामनवमी 2023 के अवसर पर दिनांक 29 मार्च से 31 मार्च तक चौबीसो घंटे खुला रखना सुनिश्चित करेंगें। उन्होंने बरही चौक, करियातपुर, बरसोत में चिकित्सकों का रोस्टर जारी कर रहने का निर्देश दिया है।

## अग्रसेन स्कूल में आरटीई के तहत नामांकन शुरू

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल, भुरकुंडा नेशिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत सत्र 2023-24 के लिए अभिवंचित व कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए निशुल्क नामांकन की घोषणा की है। प्राचार्य विवेक कुमार प्रधान ने कहा कि जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देशानुसार अभिभावक15 अप्रैल तक आवेदन जमा कर सकते हैं। इस अधिनियम के तहत अभिवंचित व कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए स्कूल के प्रवेश कक्षा में25 प्रतिशत सीटें आरक्षित है( सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक अभिभावक स्कूल कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं।

स्पीड न्यूज



## एसएसपी ने घाटशिला थाने का किया निरीक्षण

**जमशेदपुर।** जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने मंगलवार को घाटशिला थाने का निरीक्षण किया। निरीक्षण से पूर्व घाटशिला थाने के जवानों ने वरीय पुलिस अधीक्षक को गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी। सलामी के बाद एसएसपी ने सभी एसआई से उपलब्ध हथियारों की जानकारी ली। एक एसआई को छोड़कर बाकी सभी के पास हथियार उपलब्ध थे। उन्होंने उक्त एसआई को फटकार लगाते हुए कहा कि दो दिनों के अंदर पुलिस लाइन जाकर आवेदन करें जो भी हथियार उपलब्ध है उसे लेकर आये बिना हथियार के कैसे काम करेंगे।

## बोड़ाम में सामुदायिक पुलिस के तहत एसपी ने बांटी पठन सामग्री



**जमशेदपुर।** सामुदायिक पुलिसिंग के तहत बोड़ाम थाना अंतर्गत वरीय पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुकेश लुनावत के नेतृत्व में एक कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चों के बीच पठन-पाठन एवं ग्रामीणों के लिए आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। पुलिस के इस कदम से ग्रामीण एवं बच्चे बहुत खुश दिखे। ग्रामीण एसपी ने गांव में अपनी टीम के साथ पांत में बैठ भोजन किया।

## 10 प्रखंडों में मिलेगी मोबाइल एंबुलेंस सेवा

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन को हंस फाउंडेशन द्वारा 05 मोबाइल एम्बुलेंस उपलब्ध कराया गया है। एंबुलेंस के माध्यम से ग्रामीणों क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने हेतु प्रखंडवार सूची जारी करते हुए उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव द्वारा सिविल सर्जन एवं संबंधित प्रखडों के एमओआईसी को आपसी समन्वय के साथ जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवायें पहुंचाने का निर्देश दिया गया है। फिलहाल ये 05 मोबाइल एंबुलेंस 10 प्रखंडों में सेवायें देंगी।

**प्रखंडवार एंबुलेंस प्रतिनियुक्ति की सूची निम्नवत है-** 1. जेएच05 डीके-3009- (चालक) प्रदीप गौर- 7667073557- पोटका एवं डुमरिया। 2. जेएच 05 डीके 2040- (चालक) संजय प्रसाद- 8651772381- पटमदा एवं बोड़ाम। 3. जेएच 05 डीके-2906- (चालक) वृकेश कुमार- 9060430221- घाटशिला एवं मुसाबनी। 4. जेएच 05 डीके 6660- (चालक) राजेश सिंह- 9031385833- धालभूमगढ़ एवं गुड़ाबांदा। 5. जेएच 05 डीके-2020- (चालक) अंकित गुरूंग- 7033748937- बहरागोड़ा एवं चाकुलिया।

## चांडिल शोभायात्रा में दिखेगी भारतीय संस्कृति

**चांडिल।** रामनवमी पर्व के दिन 30 मार्च को श्री राम सनातन समिति के द्वारा चांडिल में भव्य शोभायात्रा निकाला जायेगा। जिसमें हजारों युवा शामिल होंगे। इस वर्ष शोभायात्रा में भरतीय संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। शोभायात्रा में छउ नृत्य की टीम भी शामिल रहेगी। चांडिल बाजार स्थित राहुल पैलेस में आयोजित प्रेसवार्ता में श्रीराम सनातन सेवा समिति के चांडिल अनुमंडल अध्यक्ष आकाश महतो ने बताया कि रामनवमी के दिन दोपहर एक बजे पूजा अर्चना के बाद चांडिल स्टेशन स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर से सिंहभूम कॉलेज चांडिल मोड़ स्थित हनुमान मंदिर तक गाजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकलेगी। शोभायात्रा में मातृ शक्ति भी शामिल होंगी। आकाश महतो ने बताया कि शोभायात्रा में जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्री उपाध्यक्ष महंत श्री विद्यानंद सरस्वती भी शामिल होंगे। प्रेसवार्ता में बिमलेश मंडल, सूरज मिश्रा, सजल कर्मकार, विद्याधर गोप, शांति मोदक, मिथुन रोहिदास, अजय गुप्ता आदि शामिल थे।

# कालीबाड़ी आश्रम में बासंती पूजा की धूम





खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भारतीय युगवशिष्ठ ब्रह्मानंद संघ के जमशेदपुर काली बाड़ी आश्रम में चैत्र शुक्ल षष्ठी गत सोमवार से चैत्र शुक्ल दशमी शुक्रवार तक श्रीश्री बासंती दुर्गा पूजा अनुष्ठान संस्था के प्रमुख मनोबिंदु भट्टाचार्यी के नेतृत्व में जारी है। इसी क्रम में मंगलवार 28 मार्च 2023 को सप्तमी पूजन हुआ। इसके बाद शाम में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ जिसका लुत्फ श्रद्धालुओं ने सपरिवार उठाया।

# जब धालभूम एयरपोर्ट पर आज तक हाथी नहीं दिखा, तो हाथी गलियारा कैसे : सांसद

■ संसद में गूंजा एयरपोर्ट का प्रस्ताव ठंडे बस्ती में डालने का मामला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सांसद विद्युत वरण महतो ने धालभूमगढ़ एयरपोर्ट का मामला लोकसभा में नियम 377 के अधीन सूचना देते हुए उठाया। उन्होंने कहा कि मेरे संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर टाटा जो औद्योगिक घराने के नाम से मशहूर है तथा टाटा जैसे बड़े उद्यमी स्थापित हैं। एमएसएमई का एक बड़ा सेक्टर भी आदित्यपुर में है और एमएसएमई एवं ऑटोमोबाइल सेक्टर में छोटे-बड़े उद्योगों को मिलाकर लगभग दो हजार उद्योग स्थापित हैं तथा यहाँ माइंस का भी बहुत बड़ा क्षेत्र है। इसलिए केंद्र सरकार ने यहां पर स्थित धालभूमगढ़ एयरपोर्ट के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की थी और एयरपोर्ट अथोरिटी ऑफ इंडिया ने इसके लिए करीब सौ करोड़ रुपये आवंटित भी किये हैं। उक्त एयरपोर्ट की स्वीकृति के बाद जनवरी 2019 में भारत सरकार ने भूमि पूजन कर शिलान्यास किया था। परंतु उक्त एयरपोर्ट का अभी तक वन विभाग से एनओसी न मिलने से काम शुरू नहीं हो सका है।

### सांसद ने 7 फरवरी को लोकसभा में उठाया था मामला



सांसद ने कहा कि उक्त मामले को मैंने दिनांक 7 फरवरी 2023 को लोकसभा में नियम 377 के तहत उठाया था, जिसका जवाब माननीय राज्यमंत्री नागरिक उड्डयन मंत्रालय, भारत सरकार, जनरल डॉ वीके सिंह का पत्र के माध्यम से दिनांक 28 फरवरी 2023 प्राप्त हुआ है। उक्त पत्र में कहा गया है पर्यावरण मूल्यांकन समिति ने देखा कि प्रस्तावित स्थल जंगलों में पड़ता है जो बड़ी संख्या में हाथियों का निवास स्थान है और हाथी गलियारे के रूप में जाना जाता है। दिनांक 25.9.2020 की बैठक में यह निष्कर्ष निकाला कि प्रस्तावित स्थल हवाईअड्डे के विकास के लिए उपयुक्त नहीं है तथा समिति वर्तमान स्थल चयन से सहमत नहीं थी और परियोजना के प्रस्ताव को एक वैकल्पिक स्थल का पता लगाने के लिए कहा गया है। सांसद ने कहा उपरोक्त जवाब से मुझे घोर निराशा हुई है क्योंकि स्थानीय लोगों का कहना है कि आज तक एक भी हाथी को यहां के लोगों ने देखा नहीं है तो हाथियों का गलियारा कहां से हो जायेगा। अब पता नहीं कौन सी चयन समिति है कब वह गई स्थल निरीक्षण करने इसका भी स्थानीय सांसद होने के नाते मुझे कभी जानकारी नहीं मिली। पूर्व में उक्त स्थान पर वन विभाग के सीसीएफ तीन डीएफओ ने कहा था कोई दिक्कत नहीं है ,उस वक्त एयरपोर्ट अथॉरिटी के पदाधिकारी भी वहां उपस्थित थे। उक्त स्थान के 500 मीटर की दूरी पर एनएच-33 एवं 100 मीटर की दूरी पर रेलवे लाइन है। पूर्व में भी वन विभाग एवं एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों द्वारा कम से कम 10 बार उक्त स्थल का निरीक्षण किया था और कहा गया था की जंगली बांसों का झुंड है जिसे हटा लिया जायेगा। अतः केंद्र सरकार, राज्य सरकार से वार्ता करके वन भूमि का अनापत्ति प्रमाण निर्गत कराते हुए धालभूमगढ़ एयरपोर्ट निर्माण की कार्य को प्रारंभ किया जाय, ताकि यहां पर एयरपोर्ट बन जाने से केवल झारखण्ड ही नहीं, बल्कि पश्चिम बंगाल के खड़गपुर, मिदनापुर, झाड़ग्राम. पुरुलिया और ओडिशा के बारिपदा मयूरभंज और बालेश्वर भी जमशेदपुर जैसे बड़े शहर से जुट जायेंगे।

# सलगाझरी में 2.98 करोड़ की लागत से बन रहा गैस संचालित शवदाह गृह

➲ क्षेत्र के विधायक सरयू राय सरयू राय ने किया शिलान्यास

➲ जुगसलाई क्षेत्र के विधायक मंगल कालिंदी रहे उपस्थित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक श्री सरयू राय की अनुशंसा पर सालगाझरी स्थित श्मशान घाट में 15वें वित्त आयोग के मद से 2 करोड़ 98 लाख रुपए की लागत से गैस से संचालित होनी वाली शवदाह गृह का निर्माण किया जाएगा। इस योजना का शिलान्यास विधायक सरयू राय ने जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी, जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो के प्रतिनिधि संजीव कुमार, जमशेदपुर अक्षेस के सहायक अभियंता संजय सिंह, कनीय अभियंता नीतेश कुमार की मौजूदगी में किया।

मौके पर विधायक सरयू राय ने कहा कि शमशान घाट में गैस से संचालित होने वाली फर्नेस स्थापित किया जाएगा, जिससे प्रदूषण फैलने का स्तर कम होगा। इसके अलावे प्रतीक्षा के लिए हॉल, शवदाह गृह के कर्मचारियों के लिए कमरा सहित अन्य सुविधा युक्त शवदाह गृह का निर्माण किया जाएगा। विधायक श्री राय ने कहा कि शवदाह गृह में इन सुविधाओं के स्थापित हो जाने से जेम्को, लक्ष्मीनगर, टेल्को, राहरगोड़ा, गोविंदपुर, परसुडीह सहित पूरे जमशेदपुर के लोगों को इसका लाभ मिल पायेगा।





शवदाह गृह का शिलान्यास करते विधायक सरयू राय। साथ में विधायक मंगल कालिंदी व अन्य।

विधायक सरयू राय ने संबोधित करते हुए बताया कि सालगाझरी शमशान घाट के आसपास के क्षेत्र को विकसित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र जमशेदपुर अक्षेस के अंतर्गत होते हुए भी शहर से बाहर है। इस क्षेत्र का आज तक विकास नहीं हुआ। यह क्षेत्र प्रकृति से जुड़ा हुआ क्षेत्र है। इसको विकसित कर इसे बहुत ही सुंदर रूप दिया जा सकता है। क्षेत्र को पार्कनुमा रूप दिया जायेगा जहां लोग अपना समय व्यतित करने आयेंगे और शांति की अनुभूति करेंगे। मौके पर श्मशान घाट काली मंदिर कमिटी के प्रदीप गुहा, जिला परिषद सदस्य कविता परमार, भाजमो युवा मोर्चा के अध्यक्ष अमित शर्मा, लक्ष्मीनगर मंडल के अध्यक्ष विनोद राय, नवीन कुमार आदि मौजूद थे।

## चैती छठ पर स्वर्णरिखा बाराघाट पर जनता मंच ने लगाया शिविर



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** लोक आस्था के महापर्व चैती छठ के पावन अवसर पर लाल भट्टा स्थित स्वर्णरिखा बाराघाट पर आम सम्मानित जनता मंच के द्वारा छठ व्रत धारियों के बीच सेवा प्रदान की गई उक्त सेवा में उदयमन सूरज को जल अर्पण के पश्चात आ रहे छठ व्रत धारियों के बीच में लोगों के बीच एवं आम जनमानस के बीच में सेवा कर एवं उनको होने वाली परेशानियों से भी बचाया तथा इस छठ का काफी महत्व है उसको देखते हुए मंच के सदस्यों के द्वारा राहगीरों के बीच में जाकर सेवा प्रदान किया गया। तत्पश्चात सुबह सुबह का चाय पिलाकर लोगों से आशीर्वाद लेने का कार्य तमाम भक्त जनों ने अपनी श्रद्धा पूर्वक सेवा देने का कार्य किए। जनता मंच के संस्थापक धनराज गुप्ता ने आपने सभी सदस्यों के साथ मिलकर यह निर्णय के साथ कार्य मे जूटे रहे एवं छठ व्रत धारियों को किसी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े उसके लिए सभी कार्यकर्ता तत्पर्यता के साथ कार्य कर रहे हैं।

# 30 को आपणो राजस्थान में दिखेगी राजस्थानी संस्कृति

■ साकची धालभूम क्लब मैदान में धूमधाम से मनेगा राजस्थान दिवस : मुकेश

■ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में दिखेगी राजस्थानी संस्कृति की झलक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाडी सम्मेलन द्वारा आगामी 30 मार्च गुरुवार की शाम को साकची स्थित श्री अग्रसेन भवन के सामने धालभूम क्लब मैदान में राजस्थान दिवस (आपणो राजस्थान कार्यक्रम) धूमधाम से मनाया जायेगा। इस रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। इस कार्यक्रम में राजस्थानी संस्कृति की झलक दिखेगी। इस आयोजन में प्रवेश पूरी तरह निशुल्क है। उक्त जानकारी 28 मार्च 2030 को शाम 4:30 बजे अग्रसेन भवन में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में जिला अध्यक्ष मुकेश मित्तल ने दी। पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाडी सम्मेलन के जिलाध्यक्ष मुकेश मित्तल ने बताया कि रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए राजस्थान से



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते जिलाध्यक्ष मुकेश मित्तल। साथ में समाजसेवी निर्मल काबरा, अरुण बांकरेवाल व अन्य पदाधिकारीगण।

## भुइयांडीह में मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़

■ उत्पाद विभाग ने जब्त किए 500 लीटर से ज्यादा शराब

■ डीसी के आदेश पर अवैध शराब विक्रेताओं पर कार्रवाई जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** रामनवमी पर्व के मद्देनजर जिले में अवैध शराब का निर्माण एवं बिक्री के रोकथाम हेतु उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव के आदेशानुसार उत्पाद विभाग द्वारा सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा । इसी क्रम में सिदगोड़ा थाना अंतर्गत बाबूडीह, ग्वाला बस्ती भुइयांडीह में छापामारी कर मिनी अवैध शराब फैक्ट्री का उदभेदन किया गया । मौके पर से अवैध विदेशी शराब बनाने में प्रयुक्त होने वाली विभिन्न सामग्री सहित सप्लाई हेतु तैयार अवैध विदेशी शराब जब्त किया गया। अवैध शराब कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया है।



**जब्त प्रदर्श :** ब्लैक हाउस व्हिस्की 750 एमएल (सिर्फ अरुणाचल प्रदेश में विक्री के लिए)- 50 पेटी (450 लीटर), रंगीन विदेशी शराब- 30 लीटर,विभिन्न ब्रांड के अवैध विदेशी शराब- 105 बोतल (27.465 लीटर), विभिन्न ब्रांड के स्टिकर्स- 100 लीफ, विभिन्न ब्रांड के कॉर्क ढक्कन- 500 पीस

6. होलोग्राम स्टिकर्स- 50 लीफ

7. होंडा एक्टिवा स्कूटर (रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित नहीं)।

## गीता थिएटर के कलाकारों ने झारखंड के 7 से अधिक जिला में किये नुक्कड़ नाटक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** मंगलवार को लौहनगरी जमशेदपुर नाट्य संस्था गीता थियेटर के कलाकार मंडली रांची पहुंच टीसीआई फाउंडेशन द्वारा संचालित कोविड-19 वैक्सीन के प्रति जन जागरूकता अभियान अंतर्गत नुक्कड़ नाटक रांची महानगर के दो प्रमुख स्थानों पर किया।नुक्कड़ नाटक का मंचन पहले रांची रेलवे स्टेशन के समीप और दूसरा रांची के बिरसा मुंडा बस अड्डा के परिसर में उपस्थित दर्शकों के बीच प्रस्तुत किया गया। नाटक का शीर्षक टीका है जरूरी है जिसे 27 मार्च से लेकर 3 अप्रैल तक के बीच झारखण्ड राज्य के 7 से अधिक जिला में मंचित किया जाना है जिसका आरंभ विगत दिन विश्व रंगमंच दिवस 27 मार्च को जमशेदपुर से हुआ। जमशेदपुर में टीका है जरूरी नामक नुक्कड़ नाटक को छायानगर के दो स्थानों में मंचित किया गया। जिसे देखने के लिए बड़े-बच्चें मिलकर सैकड़ों की संख्या में दर्शक उपस्थित हुए।

# उच्च शिक्षा की गुणवत्ता से समझौता किये बिना आसान पहुंच होनी चाहिए : डॉ करुणेश शुक्ला

■ श्रीनाथ यूनिवर्सिटी में उच्च शिक्षा विस्तार, गुणवत्ता व उत्कृष्टता पर दो दिवसीय सेमिनार शुरू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मंगलवार को श्रीनाथ यूनिवर्सिटी ने श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सहयोग से एनईपी 2020 के बाद भारत में उच्च शिक्षा- विस्तार, गुणवत्ता और उत्कृष्टता पर दो दिवसीय सेमिनार किया गया। संगोष्ठी का आरंभ सम्मानित गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

संगोष्ठी के पहले दिन एनआईटी जमशेदपुर के निदेशक करुणेश के शुक्ला मुख्य अतिथि थे। नोट स्पीकर डॉ आरके यादव सी वी रमन यूनिवर्सिटी बिलासपुर छत्तीसगढ़ उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त अतिथि के रूप में डॉ संजय भुइयां विभागाध्यक्ष जमशेदपुर विमेंस युनिवर्सिटी, डॉ मनोज कुमार एसोसिएट प्रोफेसर कोल्हान विश्वविद्यालय एवं डॉ संध्या सिन्हा विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार संजय मिश्र, डॉ. मुकुल खंडेलवाल, डॉ कल्याणी कबीर उपस्थित थीं।



दो दिवसीय सेमिनार का उद्घाटन करते अतिथिगण।

मुख्य अतिथि डॉ केके शुक्ला ने कहा कि कोई भी नीति खराब नहीं होती, समस्या केवल क्रियान्वयन में होती है। उच्च शिक्षा में गुणवत्ता से समझौता किए बिना आसान पहुंच, समानता, समावेशिता होनी चाहिए। शिक्षा का अंतिम लक्ष्य अवसरों की समानता प्रदान करना है। जेईई मेन के संबंध में, उन्होंने स्क्रीनिंग प्रक्रिया के बारे में बात की, जहां 15 लाख से अधिक छात्र प्रवेश देते हैं और केवल 15000 ही प्रवेश पाते हैं।

## एक नजर में

### कुशवाहा अभियंता फोरम : बालेश्वर प्रसाद अध्यक्ष एवं कौशल कुमार सचिव बने

**जमशेदपुर।** कुशवाहा अभियंता फोरम जमशेदपुर क्षेत्र की आम सभा सह क्षेत्रीय निर्वाचन साकची गुरुद्वारा बस्ती स्थित कुश भवन के सभागार में आयोजित की गयी। शांति पूर्वक आम सभा संपन्न होने के पश्चात केंद्रीय पर्यवेक्षक ई (प्रो०) अयोध्या कुमार प्राचार्य राजकीय पॉलिटेक्निक खरसावां के द्वारा सर्वसम्मति से चयन प्रक्रिया संपन्न कराया गया जिसमें अध्यक्ष - ई० बालेश्वर प्रसाद, सचिव - ई० कौशल कुमार, उपाध्यक्ष - ई० कृष्णा प्रसाद, सह-सचिव - ई० कमल प्र० सिंह, कोषाध्यक्ष- ई० विजय कुमार सिन्हा, कार्यकारणी सदस्य - ई० सुदीष्ट कुमार, ई० राजेश कुमार, ई० सीपी चौधरी, ई० विद्या भूषण सिंह, ई० केपी मोर्या एवं ई० आर आर सुमन।

### प्रणव बने योगा फिजिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष



**जमशेदपुर।** शहर के जाने-माने योगाचार्य सह योगा फिजिक्स फेडरेशन आफ इंडिया के द्वारा आयोजित एनुअल जनरल बॉडी मीटिंग जिसका आयोजन आसाम राज्य के गुवाहाटी शहर में 25 और 26 मार्च 2023 को किया गया है। इस बैठक में चुनाव के दौरान सर्वसम्मति से जमशेदपुर शहर के प्रसिद्ध योगाचार्य प्रणव नाहा को दूसरे कार्यकाल के लिए योगा फिजिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया का अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया है। फेडरेशन द्वारा आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में देश के अधिकांश राज्यों के राज्य सचिव, अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी के प्रतिनिधि सदस्य भाग लेते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया और फेडरेशन के पदाधिकारियों का विधिवत चुनाव किया। इस बैठक में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई एवं अपना अपना पदभार संभाला मौके पर उपस्थित नवनिर्वाचित योग फिजिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष योग गुरु प्रणव नाहा ने अपने निर्वाचन के उपरांत फेडरेशन के सभी सदस्यों और अधिकारियों को दूसरी बार अध्यक्ष पद के दायित्व के लिए आभार व्यक्त किया एवं फेडरेशन की बेहतरी के लिए बेहतर कार्य करने का अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक में मौजूद देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। योगाचार्य प्रणव नाहा को आसाम भी कई योग संस्थाओं ने सम्मानित करते हुए बधाई और शुभकामना दिया। 28 मार्च को टाटानगर स्टेशन पहुंचने पर उनके चाहने वालों ने भव्य स्वागत किया।

### यंग इंडियंस ने जिला पुलिस को सौंपे 100 फर्स्ट एड किट एवं स्ट्रेचर



**जमशेदपुर।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) यंग इंडियंस के द्वारा मंगलवार को पूर्वी सिंहभूम जिला पुलिस को एक समारोह आयोजित कर 100 रोड सेफ्टी किट एवं 10 स्ट्रेचर प्रदान किए गए। बिष्टुपुर थाना परिसर स्थित कान्फ्रेंस हॉल में आयोजित समारोह में एसएसपी प्रभात कुमार एवं डीएसपी ट्रैफिक कमल किशोर मौजूद थे. इन फर्स्ट एड किट का उपयोग सड़क दुर्घटना के बाद घायलों के प्राथमिक उपचार एवं उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाने में किया जायेगा। समारोह को संबोधित करते हुए एसएसपी प्रभात कुमार ने यंग इंडियंस के द्वारा सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यो की प्रशंसा की। विशेषकर यंग इंडियंस द्वारा स्कूलों में छात्रों को सड़क यातायात के प्रति जागरुकता के लिए चलाए जा रहे छोटा कॉप कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर पुलिस यंग इंडियंस के साथ मिल कर सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम पर कार्य करेगी। एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि किसी भी दुर्घटना के बाद का पहला घंटा गोल्डन ऑवर होता है। इस घंटे में घायल को उचित सहायता मिल जाए तो जान बचायी जा सकती है। उन्होंने कहा कि जिले में प्रत्येक माह 28 से 30 दुर्घटना रिकॉर्ड की जाती है जिसमें 20 दुर्घटनाएं जानलेवा होती हैं। इन दुर्घटनाओं में 70 प्रतिशत युवा प्रभावित होते हैं। यंग इंडियंस की ये पहल गोल्डन ऑवर के दौरान लोगों की जान बचाने में अहम साबित होगी। एसएसपी ने बताया कि इन उपकरणों का उपयोग हाईवे पेट्रोलिंग और हाइवे से सटे थानों में किया जाएगा। ये किट्स पेट्रोलिंग वैन में भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि बीते दिनों ही टाटा स्टील फाउंडेशन की ओर से जिला पुलिस के 150 जवानों को प्राथमिक उपचार की ट्रेनिंग भी दी गई थी। यह किट उन्हीं जवानों को सौंपा जाएगा ताकि सड़क दुर्घटना में घायल लोगों की जान बचाई जा सके।

### इंकैब : एनसीएलटी में वेदांता के रिज्योल्युशन प्लान पर सुनवाई शुरू



**जमशेदपुर।** मंगलवार को एनसीएलटी कोलकाता में माननीय सदस्यों बलराज जोशी और बिदीसा बनर्जी के बेंच में इंकैब मामले की सुनवाई शुरू हुई। ज्ञातव्य है कि माननीय बेंच ने वेदान्ता के रिज्योल्युशन प्लान फिर से सुनवाई शुरू की है। मजदूरों के अधिवक्ता अखिलेश श्रीवास्तव ने अपनी बहस को आगे बढ़ाते हुए कहा कि बीएफआईआर ने बहुत सारी गलतियां की। उसने यह नहीं देखा कि इंकैब कंपनी का नेट वर्थ निगेटिव नहीं था। इंकैब कंपनी के पास लगभग 4000 हजार करोड़ की परिसंपत्ति थी और माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के 06.01.2016 के आदेश के अनुसार मात्र 21.63 करोड़ की देनदारी जिसे एक झटके में इंकैब कंपनी दे सकती थी। बीएफआईआर ने यह पता नहीं किया कि रमेश धमंडी राम गोवानी और उसके तीन लोग इंकैब कंपनी में फर्जी तरीके से 22.09.2008 और 04.05.2009 को निदेशक कैसे बन गये, उसने निदेशकों को इंकैब कंपनी का बैंलेंस सीट जमा करने के लिए मजबूर नहीं किया और इंकैब कंपनी की परिसंपत्तियों का मूल्यांकन कराये बगैर टाटा स्टील को कंपनी दे दी जिसे माननीय उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय ने भी मंजूरी दे दी। पर टाटा स्टील को कंपनी यानी जमीन, मजदूर और इसके मशीनों को नहीं लेना था उसकी नजर सिर्फ इंकैब की जमीन पर थी। अधिवक्ता ने कहा कि टाटा स्टील को इंकैब कंपनी देना संविधान के अनुच्छेद 39 ख और ग के उल्लंघन के साथ कानूनी प्रावधानों का भी उल्लंघन था। उन्होंने आगे कहा कि टाटा स्टील को इंकैब कंपनी सौंपना व्यवहारिक रूप से भी गलत था क्योंकि टाटा स्टील के पास जमशेदपुर में अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए 10000 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव था जबकि इंकैब के पुनर्उद्धार के लिए उस समय भी 100 करोड़ रुपये से 200 करोड़ रुपए पर्याप्त थे। उन्होंने आगे कहा कि यही गलती माननीय एडजुडिकेटिंग अर्थॉरिटी भी दुहरायी और अब भी दुहरा रही है।

## स्पीड न्यूज

### छठ की पवित्रता-आस्था अपरंपार : रविशंकर



**छतरपुर पलामू।** नगर क्षेत्र में चैती छठ धूमधाम से मना। उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य के साथ चार दिवसीय चैती छठ महापर्व का समापन हो गया। मौके पर राजेंद्र सिंह, राजेश सिंह और रविशंकर कुमार सिंह उर्फ बबुआ जी ने कहा कि इस पर्व की पवित्रता और आस्था की महिमा अपरंपार है। श्रद्धालु 36 घंटे का निर्जला उपवास कर सूर्यनारायण की उपासना करते हैं। मौके पर गुडु सिंह, सैलेंद्र सिंह, गोलू, पप्पू, रोहित,बॉबी, अनिकेत, चिराग, माही समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थिति रहे।

### मरांडी ने जानी पीड़ित परिवार की समस्या



**पांकी पलामू।** पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने पांकी पुरनी में पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उन्होंने समस्या सुनी और सार्थक मदद का भरोसा दिया। मौके पर पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता, पूर्व प्रत्याशी अमित तिवारी, लाल सूरज, डीजे आनंद पाठक, विजय ठाकुर, शत्रुघ्न सिंह, साधु माजी भाई मनोज तिवारी, शत्रुघ्न सिंह, लोरिक सिंह, प्रसिद्ध सिंह, सुरेंद्र सिंह अजय गुप्ता भी थे।

### परिजनों से मिले विकास समिति के अध्यक्ष



**नौडीहा बाजार (पलामू)।** प्रखंड के सिल्दा खुर्द निवासी दिलीप कुमार रवि के पुत्र बादल (17) की मौत बाइक दुर्घटना में हो गयी थी। इसकी जानकारी मिलने पर रविदास विकास समिति के अध्यक्ष रामगोविंद राम ने मृतक के घर जाकर उनकेपरिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। कहा कि यह घटना हृदयविदारक है। सहानुभूति के रूप मे आर्थिक मदद भी किया। मौके पर समिति के मुख्य संरक्षक जुदागीर राम शिक्षक, उपाध्यक्ष गोपाल राम शिक्षक, सचिव कृष्णा कुमार रवि शिक्षक, विजय रवि, उमेश कुमार, भोला राम, शिक्षक लल्लू राम, युवा बसपा अध्यक्ष अनुज कुमार मौजूद थे।

### श्रद्धालुओं ने निकाली कलश यात्रा



**सतबरवा पलामू।** रामनवमी पर मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के हलुमाड़ में नवरात्र के सप्तमी तिथि को कलश यात्रा निकाली गयी। जिसमें हलुमाड़ सहित आसपास के श्रद्धालु भक्त शामिल हुए। इस कार्यक्रम की शुरुआत पोंची मुखिया गिरवर राम, पंसस अशोक राम, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, समाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा, अजय उरांव, यजमान मंजू देवी को कलश देकर शुरुआत की। पुरोहित अशोक पाठक ने पूजा अर्चना करायी। मौके पर पूजा कमेटी अध्यक्ष रामलाल सिंह चेरो, सचिव मंटू विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष मनोज मेहता, योगेंद्र भुइयां, सिकंदर भुइयां, हीरा नंदन सिंह, संजय लाल शामिल थे।

### नीलांबर पीतांबर का शहीद दिवस मना



**रामगढ़ पलामू।** प्रखंड के उलडंडा पंचायत के सरजा में मंगलवार को नीलांबर पीतांबर का शहीद दिवस मना। मौके पर इनकी प्रतिमा पर माला पहना कर पुष्प अर्पित किया गया। नीलांबर पीतांबर के सरजा स्कूल के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और ग्रामीणों ने प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर 2 मिनट का मौन रख शहीद को याद किया। सिलास उरांव ने कहा कि पलामू की धरती से यह दोनों महापुरुष आजादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभायी थी। पलामू वीरों की धरती है। मौके पर शिक्षक दीकेंद्र सिंह, ध्रुव चंद्रवंशी, रीना सिंह, सुदेश कच्छप, रूपांजलि सिंह, इस्तकार अंसारी, फागु सिंह, धर्मेंद्र कुमार थे।

### डीआरएम ने किया रेल खंड का निरीक्षण

**मोहम्मदगंज पलामू।** दीनदयाल उपाध्याय रेल मंडल के डीआरएम राजेश गुप्ता समेत अधिकारियों की एक टीम ने मंगलवार को मोहम्मदगंज स्टेशन में आधुनिकता और मॉडल स्टेशन के रूप में कामकाज शुरू कराने को लेकर गहन निरीक्षण किया। इसके साथ ही थर्ड रेल लाइन को भी चालू करने को लेकर आरवीएनएल के अधिकारियों से आवश्यक विचार-विमर्श किया। उनके साथ सीनियर डीओएम एकबाल अहमद, डीसीएम धीरज कुमार, डीईएन-3 मोहित साहू, एसटीईई (टीआरडी) इंदु प्रकाश, वरीय मंडल दूरसंचार अभियंता राजेश कुमार व सीटीआई आरएस सिंह आदि थे।

### कोलियरी प्रबंधन ने लगाया मेगा हेल्थ कैंप



**पड़वा पलामू।** सीसीएल के राजहरा कोलियरी प्रबंधन ने राजहरा कोठी स्थित शिशु विद्या मंदिर परिसर में मेगा हेल्थ कैंप लगाया। उद्घाटन राजहरा क्षेत्र के महाप्रबंधक वासब चौधरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। राजहरा कोलियरी मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डा सच्चिदानंद, रांची से आयी नेत्र रोग विशेषज्ञ मयुरी भट्टाचार्य, डॉ शालिनी सिन्हा, डॉ किरण ने 160 मरीजों की जांच की गयी। मौके पर पीओ जेपी रावत, मजदूर नेता केएन पांडेय, वीके भोल, श्रीराम प्रजापति, अरविंद कुमार थे।

### पीड़ित के घर पहुंचे डॉ कर्नल संजय सिंह



**हरिहरगंज, पलामू।** ग्राम पंचायत सिमरबार में कलपु पासवान के नवजवान पुत्र नवीन के मौत की खबर सुन भाजपा नेता सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह पीड़ित के घर पहुंचे और शोक संलिप्त परिजनों से मिलकर गहरा दु:ख प्रकट किया तथा दिवंगत आत्मा के शांति की कामना की। उन्होंने पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया कि हम इस दुख की घड़ी में आपके साथ हैं और मदद को तैयार हैं। मौके पर उपेंद्र मेहता, छोटू सिंह, अजय सिंह, बिनोद पासवान, महेंद्र पासवान, सुदेश प्रजापति, विजय सिंह व अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# सांसद ने लोकसभा में उठाये पलामू- गढ़वा में एलएचएस निर्माण का मामला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत क्रमशः दोनों जिले पलामू एवं गढ़वा में कतिपय रेलवे क्रासिंग पर एलएचएस निर्माण कराने से संबंधित अति महत्वपूर्ण मामले को उठाया। सांसद श्री राम ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत कतिपय रेलवे क्रासिंग पर एलएचएस बनाने की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि इन स्थानों की रेलवे क्रासिंग अधिकृत नहीं है।

रेलवे मंत्रालय इन स्थानों पर एलएचएस बनाने के लिए इच्छुक नहीं है और मंत्रालय का कहना है कि राज्य सरकार चाहे तो इन स्थानों पर कंपोजीट स्कीम के अन्तर्गत एलएचएस बना सकती है। उल्लेखनीय है कि एक एलएचएस बनाने में 4 करोड़ से 5 करोड़ की अनुमानित राशि लगती है।

#### जिले के विकास के प्रति सक्रिय हैं सांसद



रेलवे या राज्य सरकारों के लिए यह बहुत बड़ी राशि जनता को आवागमन में हो रही कठिनाइयों को देखते हुए अधिक नहीं लगती है। सांसद ने रेल मंत्री से मांग की है कि आकांक्षी जिलों के लिए यह कार्य रेल मंत्रालय के द्वारा कर दिया जाये। मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत ऐसे एलएचएस की आवश्यकता पलामू जिला के लालगढ़, पंजरीकला, डाली, कजरात नावाडीह, टोला बुढवापीपर सुआ, बखारी एवं गढ़वा जिला के सोनपुरवा, अहिरपुरवा, मेराल कुंभी में है। उक्त जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने दी।

# हमारी खुशनसीबी है योद्ध सिंह नामधारी मार्ग का अनावरण: मेयर

■ गोपा बाबू, यदुवंश सहाय, हवलदारी राम हलदर एवं स्व बैजनाथ सिंह के भी नाम पर होगा मार्ग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** महापौर अरुणा शंकर एवं उप महापौर मंगल सिंह ने स्वर्गीय अनिल सिन्हा चौक (विमेंस कॉलेज रोड से) महापौर आवास तक के मार्ग का बोर्ड द्वारा पारित योद्ध सिंह नामधारी मार्ग के शीलापट का अनावरण किया। मेयर ने इस अवसर पर कहा कि यह हमारे लिए गौरव का पल है जिनके नाम से हमारे प्रमंडल में एकमात्र महिला कॉलेज उस वक्त खोला गया जब महिलाएं कॉलेज जाने में डरती थी ताकि महिलाएं ज्यादा से ज्यादा शिक्षा ले सकें।



**खास बातें :** उस महापुरुष के नाम से आज इस मार्ग का नामकरण कर हम सब गौरवान्वित हैं। मौके पर वार्ड पार्षद प्रदीप कुमार अकेला के अलावे नामधारी परिवार से संतोष सिंह नामधारी, समाजसेवी सोनू सिंह नामधारी तथा कई नामधारी परिवार के महिला बच्चे भी उपस्थित थे। महापौर ने कहा कुछ लोग इतिहास मिटाने पर विश्वास करते हैं और मैं इतिहास को जन्म जन्म तक लोग याद रखें इस पर विश्वास करती हूं। कहा कि जल्द संविधान सभा के सदस्य गोपा बाबू के नाम अग्रसेन चौक से मरीन ड्राइव तक के रोड का नामकरण गोपा बाबू मार्ग, जेल हाता ओवर ब्रिज चौक से पूर्व चौक का नामकरण संविधान सभा के सदस्य स्वतंत्रता सेनानी स्व यदुवंश सहाय चौक, मनोहर पोथी एवं पलामू का इतिहास लिखने वाले हवलदारी राम हलदर के नाम लाल कोठा मोड़ का नाम हवलदारी राम हलदर चौक एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश रहे स्व बैजनाथ सिंह जी की याद में भारत माता चौक (साहित्य समाज चौक) से पत्थर मिल चौक तक के मार्ग का नाम बैजनाथ सिंह मार्ग बोर्ड द्वारा पारित किया जा चुका है जिसका जल्द अनावरण कर मैं गौरवान्वित महसूस करूंगी।

## विधायक ने रखी दो पीसीसी पथ निर्माण की आधारशिला

# सड़क ही है विकास का असली पैमाना: चंद्रवंशी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**उंटारी रोड, पलामू।** उंटारी रोड प्रखंड के कुटमू व सिडहा में सोमवार को जिला योजना अनाबद्ध निधि से बनने वाली दो पीसीसी पथ की आधारशिला पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने रखी।

भाजपा मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर ने बताया कि लहर बंजारी पंचायत के कुटमू में बांकी नदी से संतोषी माता के मंदिर तक वहीं सिड़हा मुख्य पथ से कोयल नदी पुल तक बनने वाली पीसीसी पथ की आधारशिला रखी गई जिसकी कुल लागत 56 लाख रुपये है। मौके पर विधायक श्री चंद्रवंशी ने कहा कि सड़क ही विकास की असली पैमाना है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए वे कृतसंकल्पित है।

#### ये भी थे उपस्थित

मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, इंद्रिस हवारी, पूर्व प्रमुख रामसेवक राम, मानदेव साह, महामंत्री सुनील तिवारी, पवन गुप्ता, सुरेंद्र नाथ तिवारी, सूरज विश्वकर्मा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजाराम मेहता, अरविंद मेहता, अजीत चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद थे।

## रामनवमी : मंगलवारी जुलूस पर निकली भव्य शोभायात्रा

# मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन आदर्श अनुकरणीय: डॉ शशिभूषण

■ विधायक डॉ शशि भूषण मेहता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू सिंह हुए शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पांकी पलामू।** प्रखंड के श्री राम जानकी मंदिर से मंगलवार की संध्या गाजे बाजे के साथ भव्य मंगलवारी शोभायात्रा निकाली गई जिसमें पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू सिंह समेत प्रखंड क्षेत्र के हजारों महिला पुरुष शामिल हुए। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत श्री राम जानकी मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर सभी अतिथियों को तिलक लगाकर एवं पगड़ी देकर सम्मानित किया गया।



**कार्यक्रम की खास बातें :** सम्मान के पश्चात ढोल बाजे के साथ भव्य शोभा यात्रा निकली। शोभा यात्रा श्री राम जानकी मंदिर से निकल शहीद भगत सिंह चौक पहुंची। जिसके बाद पांकी बस्ती, जरही चौक, थाना रोड एवं कर्पूरी ठाकुर चौक होते प्राचीन हनुमान मंदिर पहुंची, जहां विधायक डॉ शशिभूषण मेहता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने मंगलवारी आरती के बाद कार्यक्रम का समापन किया। विधायक ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जीवन आदर्श सबके लिए अनुकरणीय है। मंगलवारी शोभायात्रा में स्थानीय महिलाएं छोटे बच्चे सहित युवाओं ने हाथ में भगवा ध्वज भगवा वस्त्र एवं पगड़ी धारणकर जय श्रीराम के नारे लगाते हुए झूमते हुए नगर भ्रमण किया इस दौरान विधायक एवं पूर्व विधायक भी झूम उठे।

### आजसू नेता ने रक्तदान कर बचायी मरीज की जान



**हरिहरगंज पलामू।** थाना के समीप स्थित आदर्श क्लिनिक में सोमवार को आजसू के जिला सचिव जितेंद्र विश्वकर्मा ने सकीना खातून नामक मरीज को 1 यूनिट रक्त देकर जान बचायी। मालूम हो कि बिहार के कैमूर जिला अंतर्गत मोहनिया निवासी नईम शाह की पत्नी सकीना खातून प्रसव के लिए आदर्श क्लिनिक में भर्ती थी। प्रसव के बाद उसके बच्चे की मौत हो गयी। जबकि महिला की खून की सख्त जरूरत थी। मौके पर डॉ अनुज कुमार, आजसू प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह, प्रखंड सचिव इरशाद आलम, नगर उपाध्यक्ष इफ्तेखार आलम आदि थे।

### उदीयमान सूर्य के अर्घ्य के साथ चैती छठ पर्व संपन्न



**मोहम्मदगंज पलामू।** ऐतिहासिक, धार्मिक और पर्यटक के प्रसिद्ध भीमचूल्हा में चैती छठ को लेकर आसपास के गांवों के व्रतधारियों ने कोयल नदी के पवित्र जल में स्नान कर सोमवार को अस्ताचलगामी व मंगलवार सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्यदान कर आस्था प्रकट कर सुख-समृद्धि की कामना की। मौके पर शिव मंदिर के पुजारी गंगा तिवारी, अखिलेश्वर सिंह, नित्यानंद पाठक, नीरज सिंह, जगदीश साव, शंकर गुप्ता सहित व्रतधारियों के अन्य कई परिजन थे।

### भाजपा पाटन मंडल अध्यक्ष ने किया नये सीओ को सम्मानित



**पाटन पलामू।** भाजपा पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह के साथ भाजपा के शिष्टमंडल पाटन ब्लॉक में नये सीओ के प्रभार में आये आईएस प्रशिक्षु बिस्पुते श्रीकांत यशवंत को शॉल और गुलाब देकर सम्मानित किया। श्री सिंह ने बताया कि नये सीओ से मुलाकात के क्रम में उनसे पाटन की भौगोलिक स्थिति से अवगत कराया। कहा कि आपके आने से पाटन की जनता में एक नई विश्वास उत्पन हुई है। शिष्टमंडल में जिला कार्यसमिति सदस्य निरंजन पासवान, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष जितेंद्र सोनी, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष गोपाल पासवान मौजूद थे।

### आवास पूर्ण नहीं करनेवाले 17 लाभुकों पर होगा केस

**पाटन पलामू (मनीष दुबे)।** उपायुक्त के निर्देश पर 15 अप्रैल 2023 तक प्रथम किस्त प्राप्त लाभुकों को विंडोसिल एवं द्वितीय किस्त प्राप्त लाभुकों को पूर्ण कराने की तिथि दी गयी है। जिसके आलोक में पाटन प्रखंड के लंबित प्रधानमंत्री आवास योजना के 17 लाभुकों (जो राशि लेकर कार्य पूर्ण नहीं कर रहे हैं) पर सर्टिफिकेट दर्ज किया गया है। जिनमें रमेश साव पिता लक्ष्मण साव, श्रवण मिस्त्री पिता प्रदीप मिस्त्री, जय श्री राम झालकु राम, बंदु राम पिता भगवती राम, संजय कुमार पिता नंदू राम, अयुब अंसारी पिता रहमान मियां, सकुंती देवी पिता पंकज सिंह आदि हैं।

## सतबरवा में सिविल सर्जन ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** सिविल सर्जन पलामू डॉ अशोक कुमार ने मंगलवार को सतबरवा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। वहीं सीएस ने रामघाट में बने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का भी निरीक्षण किया जो खंडहर में तब्दील हो गया है। सीएस डॉ कुमार ने बताया कि फिलहाल पीएचसी सतबरवा को अपग्रेडेशन करके सीएचसी में तब्दील किया गया है ताकि ग्रामीणों को अच्छे से स्वास्थ्य सुविधा मिले। सीएचसी में डॉक्टर नहीं होने पर उन्होंने कहा कि अप्रैल माह के अंत तक डॉक्टर की पदस्थापना कर दी जायेगी।



**खास बातें :** राम घाट स्थित बने समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का जायजा लेते हुए कहा कि भवन की स्थिति काफी जर्जर हो गई है विभाग ने अभी तक हैंडओवर नहीं किया है। भवन बने हुए 10 वर्ष बीत चुके हैं। इस भवन में पानी का निकास नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में पानी जम जाता है। डॉ अशोक कुमार ने कहा कि भवन के मरम्मत को लेकर कार्यपालक अभियंता से बातचीत की जायेगी अगर संभव हुआ तो इसकी मरम्मत करायी जायेगी।

## हरिहरगंज के खड़गपुर में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज प्रखंड के खड़गपुर गांव में सोमवार को सरकार के निर्देश पर प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन मुखिया काजल कुमारी तथा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, सहिया, आंगनवाड़ी सेविका, सहायिका ए ग्रामीण उपस्थित थे। मेला में स्वास्थ्य विभाग के टीवी, मलेरिया, ई संजीवनी, अंधापन नियंत्रण, आयुष सहित कई विभागों के स्टॉल अलग अलग लगाये गये। साथ ही कई रोगों की जांच के साथ दवा भी बांटा गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि कुल 300 मरीजों की जांच कर दवा दी गयी। मौके पर बीपीएम संजय कुमार सिंह, डॉ सत्यम सौरव, विमलेश कुमार सिंह, डॉ तौहिद अहमद, समाजसेवी सत्येंद्र मेहता, पंसस प्रतिनिधि विनोद राम, वार्ड सदस्य शैलेंद्र कुमार समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद : मृतक के आश्रितों को मिला मुआवजा राशि

■ जिप सदस्य की उपस्थिति में दोनो आश्रितों के चार चार लाख का चेक मिला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** बीते तीन माह पूर्व 15 दिसंबर को हुसैनाबाद प्रखण्ड थाना क्षेत्र में जंगली हाथियों के उत्पात से हुई दोनो मृतक मनोज राम,और वंशी मेहता के आश्रितों को वन विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को तीन लाख पचहत्तर हजार रुपये प्रति मृतक के दोनो आश्रितों को पूर्ण राशि दिया।



मौके पर उतरी जिला परिषद सदस्य राजू मेहता की उपस्थिति में चेक दिया गया। राजू मेहता ने बताया कि घटना के समय दोनों आश्रितों को 25-25 हजार नगद दिया गया था। शेष राषि तीन लाख पचहत्तर हजार रुपये बाकी रह गये थे जो मुझे काफी चिंता थी। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को इस पुण्य कार्य लिए धन्यवाद भी दिया।

### नगर परिषद से रामनवमी पूजा समिति ने की सफाई की मांग

**बिश्रामपुर (पलामू)।** रेहला रामनवमी पूजा समिति ने बिश्रामपुर नगर परिषद से पर्व को देखते हुए विशेष साफ सफाई अभियान चलाने का आग्रह किया है। पूजा समिति के अध्यक्ष आलोक शुक्ला व निवर्तमान पार्षद दिनेश शुक्ला ने सहायक नगर आयुक्त मोपरवेज को एक ज्ञापन भी दिया है। ज्ञापन में रेहला महावीर मंदिर चौक पर लगे सीसीटीवी कैमरा, हाई मास्क लाईट व सड़क किनारे लगे स्ट्रीट लाइट को दुरुस्त कराने की मांग की है। जुलूस के रास्ते में बन चुके गड्ढों भरवाने और टैंकर से पानी सप्लाई की भी मांग की है।

## तोलरा के शोखा बाबा मंदिर में 12 घंटा का अखंड कीर्तन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर (पलामू)।** प्रखंड के तोलरा स्थित शोखा बाबा मंदिर प्रांगण में 12 घंटा का अखंड कीर्तन हुआ। जिसमें क्षेत्र के प्रसिद्ध लोक कलाकार प्रमोद पांडेय साथियों के साथ हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे और हरे कृष्णा हरे कृष्णा, कृष्णा कृष्णा हरे के जयकारे का कीर्तन किया। इससे पहले तोलरा रामनवमी पूजा कमेटी द्वारा आयोजित अखंड पूजा में यजमान अमित तिवारी सपत्नीक शामिल होकर विशेष पूजा अर्चना किये। मौके पर महावीरी झंडा भी लगा।



**खास बातें :** देवकुर के मुख्य पुजारी योगीन तिवारी व सहायक पुजारी गंऊवा पांडेय के निर्देशन में पुजारी संतोष मिश्रा ने पूजा करायी। आयोजन कमेटी के अध्यक्ष रामनिवास तिवारी ने बताया कि 30 मार्च को भव्य शोभा यात्रा निकलेगी और 31 मार्च को शाम चार बजे से आयोजित भंडारा में महाप्रसाद का वितरण होगा।

## अभिभावक-शिक्षक (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम का आयोजन

# ऑक्सफोर्ड के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने किया अभिभावकों का सम्मान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शिक्षकों व अभिभावकों के बीच बेहतर समायोजन और विद्यालयी गतिविधियों के सुचारु रुप से संचालन के दृष्टिकोण से नवीन अभिभावकों व छात्रों के लिए दिशा-निर्देश (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। 350 से अधिक अभिभावक इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस कार्यक्रम का मुख्य ध्येय विद्यालय के सुचारु संचालन व अनुशासित विद्यार्थी का निर्माण करना है। कक्षा प्री-नर्सरी तक विद्यार्थियों व अभिभावकों का दिशा-निर्देशन डॉ पल्लवी सिंह ने कक्षा प्राथमिक (प्रथम से पंचम) तक विद्यार्थियों व अभिभावकों का दिशा-निर्देशन मिस शिवांगी आनन्द एवं मीनु सिंह के द्वारा इसी प्रकार उच्चतर नवीन छात्रों व अभिभावकों का दिशानिर्देशन श्री दिलीप कुमार मिश्रा एवं नबेंदु दास ने किया। अभिभावकों के द्वारा भौतिक विज्ञान, रासायन विज्ञान, कंप्यूटर, गणित एवं जीवविज्ञान के प्रयोगशालों का भ्रमण सह निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात 11 बजे विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह के द्वारा अभिभावकों के साथ औपचारिक बातचीत की गयी। उन्होंने विद्यालय युनिफॉर्म, अनुशासन, व्यक्तित्व विकास, सुलेख, अतिरिक्त कक्षाएँ, ओलंपियाड इत्यादि के बारे में विस्तार से चर्चा की। अभिभावकों ने इस कार्यक्रम की खूब सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक तथा शिक्षिकाएं उपस्थित थे।



# एएसआइ अभिमन्यु ने सड़क सुरक्षा को लेकर किया बच्चों को जागरूक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के अंतर्गत कौड़िया के उत्क्रमित मध्य विद्यालय स्कूल में पलामू एसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार सिंह के नेतृत्व में एएसआई अभिमन्यु सिंह की उपस्थिति में स्कूली बच्चों को बीच सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया।



इसमें बच्चों का यह जानकारी दिया गया कि गाड़ी चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें। गाड़ी के सभी तरह का कागजात रखें। ड्राइविंग लाइसेंस इंसुरेंस सभी तरह का काम याद रखना अनिवार्य है। इस मौके पर एएसआई अभिमन्यु सिंह ने बच्चे और बच्चियों को जानकारी देते हुए कहा कि अपने-अपने घर में जाकर अगल-बगल के लोगों को समझायें।

आये दिन सड़क पर दुर्घटना 18 साल से कम उम्र वाले बच्चों को बाइक मिल जाता है नहीं उनके पास सोच है नासमझ है। रोड पर उन्हें कितना स्पीड में कब चलना है उन्हें पता ही नहीं चलता है । इसके चलते रोड में आजकल एक्सीडेंट की संख्या बढ़ गई है। उन्होंने स्कूली बच्चों को बहुत आसानी से सड़क सुरक्षा के बारे में समझाया। इस मौके पर शिक्षक राम नरेश यादव, शिक्षक जाहिद अंसारी, अब्दुल अली हसन, स्वरूप कुमार समेत काफी संख्या में स्कूली छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### पुलिस ने किया मॉक ड्रिल


मॉक ड्रिल करती पुलिस प्रशासन।

**बालूमाथ।** रामनवमी व रमजान पर्व को देखते हुए बालूमाथ पुलिस ने मंगलवार को मॉक ड्रिल किया। मॉक ड्रिल के तहत पुलिस के जवानों ने प्रदर्शनकारियों पर प्रदर्शन न करने, अश्लील व भड़काऊ गाना बजाने से मना करने, प्रदर्शनकारियों द्वारा पुतला फूंकने से मना किए जाने की मना करने की चेतावनी दी। मॉक ड्रिल के माध्यम से प्रदर्शनकारियों ने जब पुलिस की बातों को नहीं माना। तब पुलिस कर्मी द्वारा आंसू गैस के गोले, पानी का बौछार, एवं लाठीचार्ज कर प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा व माईक के द्वारा लोगों को बताया कि लातेहार पुलिस किसी भी तरह की स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। मॉक ड्रिल का नेतृत्व बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार ने किया जबकि पुलिस स्पेक्टर शशी रंजन, थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, एस आई, के के शर्मा, संजय चौधरी समेत भारी संख्या में पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

### हाइड्रा के चपेट मे आये पिता पुत्र के इलाज खर्च व मुआवजा को लेकर हुआ समझौता

चंदवा। चंदवा के बाना चकला स्थित बंद पड़े अभिजीत प्लांट गेट के समीप धुर्वा इंफोटेक एलएलपी के स्थानीय प्रतिनिधि के हाइड्रा के चपेट में आने से बुरी तरह से घायल हुए पिता-पुत्र आदित्य मांझी व रौशन कुमार के इलाज खर्च व मुआवज को लेकर घटना के जिम्मेवार पक्षो से लिखित समझौता होने के बाद परिजन मान गए व आंदोलन को वापस ले लिया। समझौते के अनुसार राजेश शाही, गुड्डू सिंह, तौहीद खान व रविन्द्र ठाकुर घायल आदित्य मांझी व रोशन के इलाज के लिए तत्काल एक लाख रुपये इलाज के लिए दिया है साथ ही इलाज का पूरा खर्च उठाएंगे। इसके अलावा थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने भी बच्चे की ईलाज के लिए 10 हजार का सहयोग किया है। वहीं धुर्वा इंफोटेक एलएलपी के द्वारा भविष्य निर्वाहन हेतु मुआवजा राशि देने के लिए वार्ता होगी। इसकी जिम्मेवारी प्लांट हेड बीसी साहू ने ली है और कहा कि वार्ता विफल होने या मुआवजा राशि नही मिलने पर स्क्रैप व लोहा उठाव अनिश्चित कालीन बंद रहेगा।

### श्रीरामनवमी शोभा यात्रा के दौरान स्टॉल लगाएगी हिन्दू उत्सव समिति

**चंदवा।** श्रीरामनवमी महोत्सव के मौके पर 30 मार्च को निकलने वाली शोभा यात्रा के दौरान हिन्दू उत्सव समिति के द्वारा चंदवा के विभिन्न स्थानों में 4 स्टॉल लगायी जाएगी। उक्त जानकारी समिति के संस्थापक विकाश मित्तल ने दी है। उन्होंने बताया कि मुख्य रूप से ग्रामीण बैंक के समीप पहला स्टॉल लगेगा जहां पांच पुरोहितों द्वारा सभी राम भक्तों को तिलक लगाया जाएगा व चनाअमृत का प्रसाद व छेना पाइस का वितरण किया जाएगा वहीं दूसरा स्टॉल विपिन जनरल स्टोर के समीप लगेगा वहां फ्रूट्स का वितरण किया जाएगा। तीसरा स्टाल नारायण किराना के पास रहेगा जहां कोल्ड ड्रिंक्स का वितरण एवं चौथा स्थान रामनाथ गुप्ता के घर के समीप लगेगा जहां गुड़ चना शीतल पेय राम भक्तों के बीच वितरण किया जाएगा।

### सीआरपीएफ के द्वारा सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत सामग्रियों का किया गया वितरण

**गारू।** मंगलवार को महुआडाड़ प्रखण्ड के बारेसांढ थाना क्षेत्र के अर्तगत सीआरपीएफ 218 बटालियन के सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत कमाण्डेन्ट मो. खलिद खान के सौजन्य से नावाटोली लातेहार के एफओबी कैम्प के आस-पास स्थित ग्राम नावाटोली, पीपरा ढाबा, बडकाटाड़ एवं चरहू के ग्रामीणो की जरूरतो का समान का विरतण किया गया। जिसमें स्टील कन्टेनर, कढाही अल्यूनियम डेगचा एवं सोलर लाईट का वितरण ए/218 वाहिनी के शसंजीव बागडी, सहायक कामाडेन्ट व निरीक्षक जीडी भावानी सिंह मीणा के द्वारा कराया गया। इस उपलक्ष्य में संजीव बागड़ी, सहायक कामाडेन्ट ने ग्रामीणो को संबोधित किया कि इस प्रकार का प्रोग्राम समय-समय पर किया जायेगा। एवं आप लोगो की जरूरतो का सम्राग्री वितरण किया जायेगा। जिससे ग्रामिणो में कॉफी हर्ष उल्लास देखने में आया एवं उपस्थित सभी ग्रामीणों को जलपान भी करवाया गया।

### सड़क दुर्घटना पर रोक लगाने को लेकर चला वाहन चेकिंग अभियान

**गारू।** पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार सड़क दुर्घटना पर रोक लगाने को लेकर बारेसांढ़ थाना प्रभारी रंजित कुमार यादव के नेतृत्व में चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान हेलमेट लगाए बिना बाइक चलाने वाले तीन चालकों की बाईक को जब्त कर अग्रेतर कारवाई की जा रही है। थाना प्रभारी रंजित कुमार यादव ने बताया को समझाने के बावजूद लोग बिना हेलमेट के बाईक चला रहे हैं। इसलिए अभी सीधा कारवाई की जा रही है। बिना लाइसेंस व हेलमेट के बाईक नहीं चलाएं।

### चंदवा में ट्रैक्टर से गिरकर गंभीर रूप घायल मजदूर की ईलाज के क्रम में मौत

**चंदवा।** चंदवा-माल्हन-मैक्लुस्कीगंज पथ पर चंदवा थाना क्षेत्र के केंदुआ टाड़ गांव के समीप हुई दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल हुए मजूदर की मौत सोमवार की देर रात्रि चंदवा सीएचसी में इलाज के दौरान हो गयी।मृतक की पहचान छत्रपाल (60 वर्ष) पिता संपत (इलाहाबाद) के रूप में हुई। मिली जानकारी के अनसुार ट्रैक्टर पर सवार मजदूर ट्रैक्टर के असंतुलित होने के कारण नीचे गिर पड़ा। नीचे गिरने के बाद गतिमान ट्रैक्टर का एक चक्का भी उसकी कमर पर चढ़ गया। इससे वह गंभीर हो गया था। जानकारी के अनुसार वह पास के किसी एक भट्ठे में काम करता था। एंबुलेंस के अभाव में ग्रामीणों की सहायता से आटो की सहायता से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया जहां इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर किया गया था।

## रामनवमी को लेकर डीसी व एसपी के नेतृत्व में शहर में निकाला गया फ्लैग मार्च

# शरारती तत्वों पर होगी कार्रवाई: अंजनी अंजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**


फ्लैग मार्च में शामिल डीसी, एसपी व अन्य।

**लातेहार।** जिला मुख्यालय अंतर्गत डीसी भोर सिंह यादव व एसपी अंजनी अंजन के संयुक्त नेतृत्व में रामनवमी पूजा के मद्दे नजर मंगलवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च चटनाही चौक से प्रारंभ होकर चारमुहान थाना चौक व मुख्य मार्ग होते हुए समाहरणालय परिसर तक पहुंची। फ्लैग मार्च के दौरान मीडिया ने एसपी अंजनी अंजन से वार्ता किया इस दौरान उन्होंने कहा कि रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो जिसे लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। जिला पुलिस त्यौहार के दौरान सभी चौक चौराहों पर सक्रिय रहेगी। वहीं फ्लैग मार्च के दौरान सभी जवान को एंटी राइट गियर के साथ सुसज्जित किया गया था। इस दौरान सभी जवान हेलमेट शिल्ड वाटर कैनन, फायर ब्रिगेड के साथ फ्लैग मार्च कर रहे थे। वहीं एसपीडीओ संतोष मिश्रा ने कहा कि निर्धारित रूट से ही विभिन्न अखाड़ा के समितियों को झांकी और शोभा यात्रा निकालने की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि अशांति व सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले लोगों को चिन्हित कर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च में प्रभारी डीडीसी आलोक शिकारी कश्यप, एसडीओ शेखर कुमार, एसडीपीओ संतोष मिश्रा, बीडीओ मेघनाथ उरॉव, सीओ रूद्र प्रताप, थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी, एसआई धमेंद्र कुमार महतो, दिवाकर धोबी, राज रौशन सिन्हा, रोहित कुमार, गौरव सिंह समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### शहादत दिवस पर याद किए गए वीर शहीद नीलांबर-पीतांबर



**चंदवा।** खरवार भोगता समाज विकास संघ के बैनर तले मंगलवार को चंदवा के रूद अंबाखोलका स्थित वीर शहीद नीलांबर-पीतांबर प्रतिभास्थल पर दोनो वीर शहीदों का 166 वां शहादत दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम पारंपरिक रिवाज में पूजन कार्यक्रम किया गया तत्पश्चात माल्यार्पण कल दोनों वीर सपूतों की शहादत को याद किया गया। इसवे बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद साहू, बीस सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष सुरेश गंझू, प्रयाग गंझू, रामधन गंझू समेत अन्य वक्ताओं ने कहा कि वीर शहीद नीलांबर-पीतांबर की जीवनी समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। 1857 के विद्रोह क्रांति में दोनों भाइयों ने क्रांति के दौरान भोक्ता, खरवार और चेरो जाति के जागिरदारों को मिलाकर ईस्ट इंडिया कंपनी के विरुद्ध लड़ाई लड़ी थी व ब्रिटिश हक्कुम के दांत खट्टे कर दिए थे। मौके पर सत्यनारायण गंझू, कलेन्द्र गंझू, प्रकाश गंझू, रामवचन देव गंझू, अमृत गंझू, फुलेश्वर गंझू, महेन्द्र गंझू, सोहराय गंझू, दीपू गंझू, संजय गंझू, बसंत गंझू, रुपन गंझू, परन गंझू, संजय गंझू, दिनेश गंझू, चरकु पाहन, आशीष गंझू, रितेश गंझू, जयमंगल गंझू, दीपक गंझू, राजेश गंझू, मुटुर गंझू समेत समाज के सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।

## पलाश हॉस्पिटल का विधायक बैद्यनाथ राम एवं रामचंद्र सिंह ने किया उद्घाटन

➲ **शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए नगर में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होगी: बैद्यनाथ राम**

**खबर मन्त्र संवाददाता**


फीता काटते विधायक बैद्यनाथ राम।

**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित अम्बाकोठी में मंगलवार को पलाश अस्पताल का उद्घाटन विधायक बैद्यनाथ राम, मनिका विधायक रामचन्द्र सिंह व नगर अध्यक्षा सीतामनी तिर्की ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर मुख्य रूप से डॉ एसपी सिंह, डॉक्टर गणेश कुमार, डॉ. शैलेंद्र कुमार सिंह, डॉ. वसंत, डॉ. अभिनव मिश्रा, डॉ. संदीप शर्मा, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. रवि रंजन, डॉ. पल्लवी सिंह, डॉ. चंदन कुमार सिंह एवं डॉ. कुंदन कुमार सिंह उपस्थित रहे। वहीं लोगों को संबोधित करते हुए विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा कि नवरात्रि के शुभ अवसर पर हॉस्पिटल का उद्घाटन किया गया है। शहर के बीचो बीच अस्पताल खुल जाने से लोगों को कम परेशानी होगी। उन्होने आगे कहा कि शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए नगर में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होगी जिस कारण उन्हें अन्य जगह नहीं जाना पड़ेगा। श्री राम ने आगे कहा कि लातेहार जिले में मेडिकल कॉलेज के लिए जमीन देख लिया गया है। जो शहर से लगभग 8 किलोमीटर के दायरे में होगी। बहुत जल्द लातेहार में मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था की जाएगी। वही मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने भी लोगों को संबोधित किया। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष हरे कृष्णा सिंह, हॉस्पिटल संचालक चन्दन कुमार, ज्ञानचंद पांडे, प्रमोद कुमार सिंह, राजधानी यादव, मेघा दुबे, राजमणि वकील, दुर्गा प्रसाद, सुदामा प्रसाद, अंकित पांडे एवं विशाल कुमार, राजेन्द्र सिंह, सुनील कुमार, सरजू सिंह, समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### श्रीरामनवमी को लेकर चंदवा पुलिस ने किया फ्लैग मार्च


फ्लैग मार्च करते अधिकारी व जवान।

**चंदवा।** लातेहार पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार श्रीरामनवमी महोत्सव के दौरान दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर चंदवा पुलिस प्रशासन के द्वारा मंगलवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च की अगुवाई बीडीओ सह सीओ विजय कुमार व पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता कर रहे थे। चंदवा थाना परिसर से शुरू हुई फ्लैग मार्च गैरेज लेन, मुख्य बाजार, सुभाष चौक, कंचन नगरी, तिलैयाटांड होते पुनः थाना पहुंचकर सम्पन्न हो गयी। इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता व बीडीओ विजय कुमार ने लोगो से शांति व्यवस्था कायम रखने में सहयोग की अपील की व सोशल मीडिया पर आने वाले भ्रामक व भेदभाव फैलाने वाले संदेशों को साझा करने से बचने की बात कही। फ्लैग मार्च में चंदवा थाना के अधिकारी व जवान शामिल थे।

### खड़ी बाइक की डिक्की तोड़ 75 हजार की चोरी

**चंदवा।** चंदवा के कंचन नगरी स्थित सीसीएल राजहरा ऑफिस में खड़ी बाइक जेएच-13-सी-6282 की डिक्की तोड़कर 75 हजार रुपये चोर कर लिए जाने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर भुक्तभोगी सद्दाम हुसैन पिता मो. साबिर ने चंदवा थाना में लिखित सूचना दिए जाने की बात कही है। उन्होने बताया कि बालूमाथ के भैसा दोन स्थित बैंक से 75 हजार रुपये की निकासी कर बाइक की डिक्की में रखे थे व बाइक से चंदवा कंचन नगरी स्थित सीसीएल ऑफिस में सिविल इंजीनियर मुनमुन से मिलने आये थे। बाइक को कम्पाउंड में खड़ी कर ऑफिस में गए, लगभग 10 मिनट बाद बाहर आये तो डिक्की खुला था व पैसा गायब थे। सीसीएल ऑफिस परिसर में लगे सीसीटीवी जांच करने पर चोर डिक्की से पैसे चोरी कर बाइक से भागते साफ तौर पर देखा जा रहा है। इधर सीसीएल कम्पाउंड से बाइक की डिक्की से पैसे की चोरी हो जाना हैरान करने वाली घटना है। भुक्तभोगी ने घटना की जांच कर चोरों को पकड़ने की गुहार लगायी है।

### भोगता विकास समाज संघ ने मनाया नीलंबार-पीतांबर शहादत दिवस


मौके पर मौजूद लोग।

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कड़रका नदी के समीप मंगलवार को जंग-ए-आजादी के महानायक, झारखंड के वीर सपूत शहीद नीलांबर पीतांबर की 165 वां पुण्यतिथि पर शहादत समारोह का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। शहादत दिवस समारोह मे नीलांबर पीताम्बर व स्व. रामदेव भोगता की चित्र पर द्वीप प्रज्जवलित व पुष्प अर्पित कर उनकी शहादत को याद किया गया। इसके पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ जिला अध्यक्ष सह विससूत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझू, झारखंड जेनरल कामगार युनियन के जिला अध्यक्ष प्रदीप गंझू, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रीगन कुमार, फुलचंद गंझू, मुखिया राजीव भगत, बालूभांग मुखिया केदार गंझू, कार्यक्रम के अध्यक्ष सुरेश गंझू, सचिव रवि भोगता, कोषाध्यक्ष चिंतामणि भोगता, संयोजक राजेश्वर भोगता, समाज के प्रखंड अध्यक्ष बहादुर भोगता, कोषाध्यक्ष योगेन्द्र भोगता, महिला मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष रेशमी देवी, गोनिया पंचायत अध्यक्ष बिनोद गंझू ने संयुक्त रूप से फिता काट कर किया। वहीं उपस्थित अतिथियों को बैच लगा व बुक्के दे कर सम्मानित भी किया गया। थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख निशा शाहदेव, जगदीश भोगता, कामेश्वर भोगता, समाजसेवी शमशुल खान, पुर्व मुखिया प्रमोद उरांव सहित कई अतिथियों ने आपने विचार व्यक्त करते हुए नीलाम्बर पीताम्बर की शहादत पर विस्तृत प्रकाश डाला। मंच का संचालन कोषाध्यक्ष योगेन्द्र भोगता ने की। वहीं कई ग्रामीणों ने पुराने परम्परा ढोल नागाड़े के साथ नृत्य भी किया।

### नीलांबर पीतांबर के शहादत दिवस पर विधायक बैद्यनाथ राम व रामचन्द्र सिंह ने दिया श्रद्धांजलि

## नीलांबर पीतांबर के दिखाए हुए रास्ते पर चलने की कही बात

**खबर मन्त्र संवाददाता**


माल्यर्पण के दौरान विधायक व अन्य।

**लातेहार।** सदर प्रखंड के परसही पंचायत के जोगना टाँड़ नीलांबर पीतांबर शहादत दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय आदिवासी खेरवार विकास समिति के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, भारत सरकार अपर सचिव दिलीप साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामनी तिर्की, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव उपस्थित रहे। नीलांबर पीतांबर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर देश के स्वतंत्रता सेनानी योद्धा नीलांबर पीतांबर को याद कर श्रद्धांजलि दिया गया। तत्पश्चात उनके जीवनी से प्रेरणा लेकर के कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंच को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक वैद्यनाथ राम ने कहा कि नीलांबर पीतांबर भारत देश की स्वतंत्रता आंदोलन में बलिदान दिये। इसी के चलते आज भारत स्वतंत्र हुआ है। उनके उपदेश को लोगों को अपने जीवन में उतारने चाहिए। उनके विचार को अपने जीवन में धारण करना ही इनके प्रति सच्ची भक्ति है। मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जानकी सिंह एवं मंच संचालन राजदेव सिंह ने किया। इस मौके पर मुनेश्वर उरांव, विनोद उरांव, बलवंत सिंह, मोहर सिंह यादव, चंद्रदेव सिंह, मुद्रिका सिह, बीरबल सिंह, रामदेव सिंह, प्रदीप सिंह, रुबी देवी, अनिता देवी, रामजित सिह समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## एक नजर में

### श्री रामनवमी महासमिति ने निकाला बाईक जुलूस


जुलूस के दौरान थाना प्रभारी को सम्मानित करते समिति के अध्यक्ष।

**लातेहार।** श्री रामनवमी पूजा महासमिति मुख्य अखाड़ा थाना चौक के द्वारा मंगलवार को भव्य मंगलवारीय मोटरसाईकल जुलूस निकाला गया। बताते चले कि मोटरसाईकल जुलूस महावीर मंदिर थाना चौक से निकलकर बस स्टैंड, पानी टंकी, बाईपास रोड, स्टेशन रोड समेत पुरे शहर में जुलूस भ्रमण किया। इस दौरान जुलूस का कमान समिति के संरक्षक विधायक बैद्यनाथ राम व समिति के अध्यक्ष प्रभात कुमार व महामंत्री अंकित पांडेय संभाले हुए थे। जुलूस में सभी श्री राम भक्त भगवा ध्वज व भगवा पट्टा लगाये हुए थे। वहीं श्री राम भक्तों व थाना प्रभारी व अतिथियों को भगवा पट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। श्री राम भक्तों द्वारा श्री राम के जयकारें से पुरा शहर राममयी हो गया। वहीं सुरक्षा की मद्देनजर पुनि सह थाना प्रभारी चन्द्रशेखर चौधरी अपने सशस्त्र बल के साथ जुलूस में अपनी नजर बनाये हुए थे।

### सीआरपीएफ के द्वारा बच्चों को दियो रहे हैं बढ़ावा


सामग्री देते कमाडेंट।

**सरयू।** लातेहार जिले में स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 214 बटालियन के द्वारा बच्चों को शिक्षा के साथ साथ खेलकूद के लिए दे रहे हैं बढ़ावा। लातेहार जिले के तरवाडीह पंचायत अंतर्गत ओरिया कैंप में सीआरपीएफ 214 बटालियन के द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत बटालियन के दायित्व वाले क्षेत्र में रह रहे हैं। ग्रामीण बच्चों को पिछले 15 दिनों से 49 नवनिहाल बच्चों को बेसिक कंप्यूटर का प्रशिक्षण दिया जा रहा था। जहां कंप्यूटर प्रशिक्षण का कोर्स पूरा होने के बाद सीआरपीएफ 214 बटालियन के कमांडेंट केडी जोशी के नेतृत्व 49 नवनिहाल बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित 214 बटालियन के कमांडेंट केडी जोशी, उप कमांडेंट मो. शाहिद मासूम, ओरिया कैंप के आईआरबी कंपनी कमांडर कुलदीप कुमार अग्रवाल, कम्प्यूटर शिक्षक सुधांशु शेखर, राहुल कुमार, धर्मेंद्र कुमार, समेत कैंप के जवान व बच्चे मौजूद थे।

### 85 लोगों को हुआ भौतिक सत्यापन


भौतिक सत्यापन करते अधिकारी।

**बारियातू।** झारखंड सरकार व उपायुक्त के निदेर्शानुसार बारियातू प्रखंड क्षेत्र मे निवास करने वाले 232 टाना भगतो को अंग वस्त्र के लिए राशि वितरण करने के लिए मंगलवार को 85 लोगों को भौतिक सत्यापन किया गया। भौतिक सत्यापन के सम्बन्ध मे जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी दीपाली भगत व सिआई सुरेश राम ने बताया की झारखंड सरकार व लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव के निदेर्शानुसार बारिखाप, साल्वे, डाढा, टोटी व टुंडाहाटू मे निवास करने वाले 232 टाना भगत परिवारों को वस्त्र के लिए राशि वितरण किया जाना है। जिसमे 85 टाना भगत परिवारों को आवश्यक दस्तावेज जमा करा ली गई है। आरटीजीएस के माध्यम से बैंक खाते मे चार-चार हजार भेजने का प्रक्रिया जल्द किया जायेगा। शेष सभी बबचे उपरोक्त सभी गाँव के टाना भगत परिवारों को लाभ लेने के लिए नियमानुसार आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पहचान पत्र व दो हाल का रंगीन फोटो अंचल कार्यालय जमा कर अविलंब लाभ लेने की आग्रह किया है।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया सिंह मोटर पार्ट्स शुभारंभ



**गारू।** मनिका विधानसभा के पूर्व विधायक सह भाजपा जिलाध्यक्ष हरेकृष्णा सिंह, जीप सदस्य जीरा देवी, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष तौकीर मिया, प्रखंड प्रमुख सीता देवी, पंचायत समिति सदस्य बरखा कुमारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर गारू प्रखंड मुख्यालय के आवासीय छात्रावास के समीप सिंह मोटर पार्टस दुकान का शुभारंभ किया। सिंह मोटर पार्ट्स के प्रोपराइटर गोपी कुमार सिंह नें बताया कि, गारू में ट्रैक्टर, बोलेरो आदि वाहनों का पार्ट्स नहीं मिल पाता है, जिसके कारण लोगों को लातेहार या डालटनगंज जाना पड़ता हैं। इस प्रतिष्ठान का उद्देश्य है कि, वाहनों की पार्ट्स से लेकर उचित मूल्य में वाहनों के सर्विसिंग कार्य भी किया जायेगा। मौके पर रवि कुमार सिंह, मंगल उरांव, मंजर कासमी, प्रिन्स सिंह व अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

### श्रद्धालुओं के जयकारे से भक्तिमय हुआ क्षेत्र

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत बाजारटांड़ स्थित देवी मंडप मंदिर के प्रांगण से नवयुवक संघ पूजा समिति के द्वारा दिन मंगलवार को रामनवमी पर्व के चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर विधिवत रूप से पूजा अर्चना करने के उपरांत भव्य मंगलवारी शोभा यात्रा जुलूस निकाली गई। जुलूस कार्यक्रम में श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ नाचते झूमते हुए हाई स्कूल के मैदान में पहुंचे जहां लोगों की भारी संख्या एकत्रित होने के बाद शोभायात्रा जुलूस लेकर क्षेत्र का भ्रमण करते हुए सिंजो पंचायत के सेमर चौक पहुंचे जिसके बाद फिर वापस देवी मंडप मंदिर पहुंचकर शोभायात्रा जुलूस का समापन किया गया।

## मनाया गया नीलांबर पीतांबर का दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सरयू।** नवसृजित सरयू प्रखंड के सरयू चौक में नीलांबर पितांबर का हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया शहादत दिवस। सरयू प्रखंड के जिला परिषद सदस्य बुद्धेश्वर उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी सालखू हेम्ब्रम, सरयू टीओपी प्रभारी घनस्याम उरांव, पूर्व जिला परिषद सदस्य शिल्पा कुमारी, चोरहा पंचायत के मुखिया अंकिता देवी, घासी टोला पंचायत के मुखिया प्रमिला देवी, गनेशपुर पंचायत के मुखिया राजेश सिंह समेत आदि लोगो ने वीर शहीद नीलांबर पितांबर का प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। वहीं जिला परिषद सदस्य बुद्धेश्वर उरांव ने कहा कि झारखंड राज्य के पलामू के इसी भोगता जाति में जन्म हुआ था नीलांबर और पीतांबर नामक दो भाइयों का, इनके पिता का नाम चेमु सिंह था, जो एक जामीदार थे। पिता के मृत्यु के बाद बड़े भाई नीलांबर ने ही छोटे भाई पीतांबर को लालन-पालन किया था। इनका मूल नाम नीलांबर सिंह तथा पीतांबर सिंह है, दोनो भाइयों में बहुत ही प्रेम था। अंग्रेजों का हस्तक्षेप पलामू में सर्व प्रथम 1772 ई. में हुआ। अंग्रेजों की बड़ते अत्याचार के खिलाफ नीलांबर पीतांबर ने भोगताओ खेरवारो तथा चेरो को मिलाकर एक संगठन बनाया और पलामू से अंग्रेजों के खिलाफ 1857 के विद्रोह का बिगुल बजाया। मौके पर कृपाल बैगा, असगर हुसैन, नरेश सिंह, धनेश्वर सिंह, राजेंद्र सिंह, मोदी सिंह, गणेश सिंह, प्रेमचंद सिंह, अनिल सिंह, सुरेश सिंह, उल्फन सिंह, समेत आदि लोग उपस्थित थे।

## फूड प्वाइजनिंग से प्रभावित गांव में मंगलवार को भी लगा कैंप, चंदवा सीएचसी शिफ्ट

# सिकनी और किता गांव से 5 मरीजों को चंदवा सीएचसी भेजा गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**


मरीजों से मिलते जिप सदस्य व अन्य।


मरीजों से मिलने पहुंचे एसो. के अध्यक्ष।

**चंदवा।** फूड प्वाइजनिंग के शिकार हुए चेटर और सांसग पंचायत के ग्रामीणों के सेहत में सुधार हो रहा है तो कई नये बीमार भी मिल रहे है। मंगलवार को भी स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रभावित गांव मेडिकल टीम ने कैम्प लगाकर ग्रामीणों का उपचार किया। 5 ग्रामीणों की स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए चंदवा सीएचसी में शिफ्ट कर दिया गया। जहां सभी को सलाइन चलाया जा रहा है। इस बाबत पूछे जाने पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी नंद कुमार पांडेय ने कहा कि स्थिति सामान्य हो रही है, रिकवरी होने में सप्ताह भर का वक्त लग सकता है। मरीजों की स्थिति को देखते हुए उन्हें सदर या फिर चंदवा शिफ्ट किया जा रहा है। सैंपल के संबंध में कहा कि हमारी टीम ने सैंपल को कलेक्ट कर जिला को सौंप दिया है। जिला उसे बाहर भेजकर जांच करवाएगी। जांच रिपोर्ट आने के बाद में स्पष्ट रूप से कुछ कहा जा सकता है। घटना की सुचना मिलने के बाद जिला परिषद सदस्य सरोज देवी व ट्रक ऑनर एसो के अध्यक्ष लाल रंजन नाथ शाहदेव चंदवा अस्पताल पहुंचकर मरीजो से स्वास्थ्य लाभ की जानकारी ली और उन्हें खाने के लिए फल ब्रेड व अन्य सामग्री दी। बता दें कि बीते शुक्रवार को सरहुल पर्व के दौरान प्रसाद के रूप से मिले चना गुड़ खाने के बाद से सासंग और चेटर पंचायत के सैकड़ो लोग बीमार हुए थे। चना के बारे में बताया गया था उक्त चना सप्लाई वाला था जिसमें केमिकल का डाला गया था। केमिकल होने के कारण उक्त चना को खाने से लोग बीमार पड़ गए थे।

## एमबाप्पे की फ्रांस ने जीत के साथ किया आगाज

**जिनेवा।** काइलियान एमबाप्पे की कप्तानी वाली फ्रांस टीम ने यूरोपीय फुटबॉल क्वालीफायर में आयरलैंड को 1-0 से हराकर शानदार शुरूआत की। फ्रांस के लिए 50वें मिनट में बेंजामिन पावार्ड ने गोल किया। अन्य मैच में सर्बिया ने दुसान ब्लाहोविच के दो गोल की मदद से मोंटेनीग्रो को 2-0 से हराया। वहीं पोलैंड ने रॉबर्ट लेवांडोवस्की के गोल की मदद से अलबानिया को 1-0 से मात दी। हंगरी ने बुल्गारिया को 3-0 से हराया। ऑस्ट्रिया ने एस्टोनिया को 2-1 से शिकस्त दी। स्वीडन ने चोटिल ज्लाटान इब्राहिमोविच के बिना खेलते हुए भी अजरबैजान को 5-0 से हराया।

## सिटसिपास ने मियामी ओपन में पहला मैच जीता

**मियामी गार्डन्स।** तीसरी वरीयता प्राप्त स्टेफ़ानोस सिटसिपास ने चिली के क्वालीफायर क्रिस्टियन गारिन को 6. 3, 4. 6, 6.4 से हराकर मियामी ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। महिला वर्ग में 2019 की अमेरिकी ओपन चैम्पियन कनाडा की बियांका आंद्रिस्कू दाहिने पैर में चोट के कारण व्हीलचेयर से कोर्ट से बाहर गई। उन्हें 18वीं वरीयता प्राप्त एकातेरिना अलेक्जेंद्रोवा के खिलाफ मैच के दूसरे सेट में चोट लगी थी। सिटसिपास का सामना अब कारेन खाचानोव से होगा। जिसने चेक गणराज्य के जिरि लेहेस्का को मात दी। अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरूंडोलो ने पांचवीं वरीयता प्राप्त कनाडा के फेलिक्स आगर एलियास्सिमे को 6. 2, 7. 5 से हराया। अब उनका सामना इटली के लोरेंजो सोनेओग से होगा जिसने फ्रांसिस टियाफो को 6. 3, 6. 4 से मात दी।

## हैदराबाद एफसी का दामन छोड़ेंगे कोच माकेर्ज

**हैदराबाद।** हैदराबाद फुटबॉल क्लब के मुख्य कोच मनोलो माकेर्ज 2022-23 सत्र के अंत में अपना पद छोड़ देंगे। हैदराबाद को 2021-22 सीजन में आइएसएल खिताब जिताने वाले स्पैनिश कोच ने अग्रिम रूप से क्लब छोड़ने के अपने फैसले की जानकारी दी।

# आइपीएल 2023 : प्रैक्टिस के दौरान जमकर पसीना बहा रहे धोनी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने भले ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है, लेकिन उनके चाहने वालों की संख्या में कोई कमीं नहीं आई है। साल 2020 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद धोनी ने अब सिर्फ आइपीएल पर फोकस शिफ्ट कर दिया है। आइपीएल 2023 सीजन में एक बार फिर धोनी रंग जमाने के लिए तैयार हैं। आइपीएल 2023 सीजन का आगाज 31 मार्च से चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइट्ंस के मैच से होगा। सीएसके टीम के कप्तान धोनी ने इस सीजन के लिए पूरी तरह कमर कस ली है और वह प्रैक्टिस के दौरान जमकर पसीना बहा रहे हैं। धोनी टीम के साथ घरेलू मैदान एमए चिंदबरम स्टेडियम में मेहनत कर रहे हैं। उनकी प्रैक्टिस की वीडियो और तस्वीरें आए दिन सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। हाल ही में धोनी की एक और वीडियो इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही है, जिसमें प्रशंसक हजारों की संख्या में धोनी को प्रैक्टिस करते हुए देखने के लिए पहुंचे हैं और धोनी मैदान के चारों ओर चौके-छक्के लगाकर प्रशंसकों को झूमने पर मजबूर कर रहे हैं। गौरतलब है कि धोनी के नेतृत्व में सीएसके ने चार बार आइपीएल का खिताब अपने नाम किया है। सीएसके से पहले मुंबई इंडियंस आइपीएल की सबसे सफल टीम है, जिसने पांच बार यह खिताब अपने नाम किया है। सीएसके के प्रशंसकों को उम्मीद रहेगी कि धोनी के नेतृत्व में टीम एक बार फिर चैंपियन बनें। वहीं इस सीजन धोनी पर प्रशंसकों के निगाहें और भी ज्याद टिकी रहेंगी, क्योंकि ऐसा माना जा रहा है कि यह उनका आखिरी आईपीएल सीजन होगा।



### बेन स्टोक्स ने दिया सीएसके को झटका

आइपीएल 2023 के शुरू होने से पहले चेन्नई सुपर किंग्स को हरफनमौला बेन स्टोक्स ने बड़ा झटका दिया है। दरअसल, वह बाएं घुटने की चोट के कारण आइपीएल के शुरूआती हिस्से में सिर्फ बतौर बल्लेबाज खेल सकते हैं। स्टोक्स अपनी गेंदबाजी के लिए भी माहिर हैं। उनका गेंदबाजी ना कर पाना अब सीएसके की मुश्किलें बढ़ा सकता है क्योंकि स्टोक्स की दोहरी भूमिका टीम के लिए अहम रहने वाली थी। इसी कारण फ्रेंचाइजी ने उनपर खूब पैसा भी बहाया।

### फिंच ने राहुल और डीकॉक बाताया बेहद खतरनाक

इस आइपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स टीम पर सभी की निगाहें रहने वाली हैं, क्योंकि इस टीम ने पिछले साल अपने पहले ही सीजन में बेहतरीन प्रदर्शन किया था और प्लेऑफ में जगह बनाई थी, लेकिन एलिमिनेटर मुकाबले में उन्हें रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर से हार का सामना करना पड़ा था। लखनऊ टीम के प्रशंसकों को उम्मीद रहेगी कि टीम इस सीजन अपने प्रदर्शन में सुधार करे और खिताब अपने नाम करे। एरोन फिंच ने टीम की खूबियां और कमियां के बारे में चर्चा की है। फिंच ने एक शो में लखनऊ की खूबियों के बारे चर्चा करते हुए टीम की सलामी जोड़ी केएल राहुल और क्विंटन डी कॉक को बेहद खतरनाक बताया है। उन्होंने कहा आइपीएल 2023 में लखनऊ सुपर जायंट्स की ताकत सलामी बल्लेबाज केएल राहुल और साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज क्विंटन डि कॉक हैं। दोनों ही खिलाड़ी टीम के लिए बेस्ट ओपनर साबित होंगे और दोनों जब बल्लेबाजी करते हैं तो एक दूसरे को कॉम्पलीमेंट करते हैं।

### 5 साल बाद होगी आइपीएल की ओपनिंग सेरेमनी

**नयी दिल्ली।** आइपीएल 2023 31 मार्च को नये ब्लॉकबस्टर सीजन की शुरूआत होगी। डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली चेन्नई सुपर किंग्स से भिड़ेगी। गुजरात और चेन्नई के बीच मुकाबले की शुरूआत साढ़े 7 बडे से होगी। इस मुकाबले से पहले ओपनिंग सेरेमनी का आयोजन किया जाएगा।

**कौन-कौन करेंगे परफॉर्मः** रिपोर्ट्स के मुताबिक रश्मिका मंदाना और तमन्नाह भाटिया के आइपीएल 2023 की ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म करेंगी। इसके साथ ही कैटरीना कैफ, टाइगर श्रॉफ और अरिजीत सिंह के भी नाम परफॉर्मर्स में चल रहे हैं।

**कहां और कब होगी ओपनिंग सेरेमनीः** ओपनिंग सेरेमनी का आयोजन गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच होने वाले मुकाबले से पहले नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ही होगा। इसकी शुरूआत शाम साढ़े छ से बजे से हो सकती है। यह करीब 45 मिनट चलेगा।

**कैसे देखे लाइव ?:** दर्शक ओपनिंग सेरेमनी को अपने टीवी में स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर लाइव देख सकते हैं। टीवी पर टूनार्मेंट के मुकाबलों का प्रसारण भी स्टार स्पोर्ट्स ही करेगा। वहीं इसकी ऑनलाइन स्ट्रीमिंग JioCinema पर होगी।

**2018 के बाद नहीं हुआ आयोजनः** 2018 सीजन के बाद से आईपीएल में ओपनिंग सेरेमनी का आयोजन नहीं हुआ है। 2018 में परिणीति चोपड़ा, वरुण धवन, जैकलीन फर्नांडीज और ऋतिक रोशन जैसे भारतीय सितारों ने परफॉर्म किया था।



## भराली ने यूथ विश्व चैंपियनशिप में जीता कांस्य

**दुरेस (अल्बानिया)।** भारतीय भारोत्तोलक भराली बेदब्रते ने विश्व यूथ चैंपियनशिप में पुरुषों के 67 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीत लिया है। भारत के 15 वर्षीय भारत्तोलक ने कुल 276 किग्रा भार उठाकर कांसे का तमगा हासिल किया। भराली ने स्नैच में 119 किलोग्राम भार उठाया, जबकि क्लीन एंड जर्क में उन्होंने 148 किग्रा की लिफ्ट को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। अर्मेनिया के शेरोजा बारसेग्यान ने 275 किग्रा (128 किग्रा+147 किग्रा) के साथ स्वर्ण जबकि सऊदी अरब के मोहम्मद अल मरजौक ने 270 किग्रा (119 किग्रा+148 किग्रा) के कुल भार के साथ रजत पदक जीता। भाराली ने क्लीन एंड जर्क वर्ग में भी 148 किग्रा का सर्वश्रेष्ठ भार उठाकर कांस्य पदक जीता। महाद्वीपीय और विश्व चैंपियनशिप में स्नैच, क्लीन एंड जर्कऔर कुल लिफ्ट के लिये अलग से पदक दिए जाते हैं, जबकि ओलंपिक खेलों में सिफ कुल लिफ्ट का पदक दिया जाता है।

## मैंने पहले ऐसा दर्द महसूस नहीं किया कोर्ट पर चोटिल हुई टेनिस स्टार बियांका

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** मियामी ओपन के दौरान टेनिस स्टार बियांका एंड्रीस्कू टखने में भयानक चोट लगने के बाद कोर्ट पर ही गिर गईं। 22 वर्षीय प्लेयर को दर्द से कराहते हुए देखा गया। यह देख दर्शक दीर्घा में बैठी उनकी मां की आंखों में आंसू आ गए। 2019 यूएस ओपन विजेता बियांका मियामी ओपन के अंतिम-16 में एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा का सामना कर रही थी जब यह भयानक घटना हुई। दुनिया की 31वें नंबर की एंड्रीस्क्यू आखिरकार अपने पैरों पर खड़ी हो गईं लेकिन वह अपने बाएं पैर पर भार नहीं डाल पा रही थीं। इसके बाद उन्हें व्हीलचेयर पर बाहर ले जाया गया। यह सब देख दर्शक दीर्घा में बैठी उनकी मां रोने लगी। दर्शकों ने तालियां बजाकर एंड्रीस्क्यू का उत्साह बढ़ाया। एलेक्जेंड्रोवा को वाकओवर दे दिया गया। एलेक्जेंड्रोवा ने मैच के बाद कहा- मुझे वास्तव में खेद है कि यह एंड्रीस्कू के साथ हुआ। उसे कोर्ट पर इतने दर्द में देखना दर्दनाक था। कई बार आप मदद नहीं कर सकते। यह देखना और भी पीड़ा देता है। मुझे लगता है कि वह जल्द ही ठीक हो जाएगी और मैं उसके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रही हूं। एंड्रीस्कू पिछले 3 वर्षों से चोट से जूझ रही है। उन्होंने एलेक्जेंड्रोवा के खिलाफ पहला सेट 7-6 से गंवा लिया था। लेकिन दूसरे में वह फर्श पर गिर गई। चिकित्सक उनका बायां टखना देख रहे थे तभी उन्हें बोलते हुए सुना गया- मैंने इस तरह का दर्द पहले कभी महसूस नहीं किया। एलेक्जेंड्रोवा भी कोर्ट के दूसरी तरफ आ गई और अपने चेहरे पर चिंता भरी निगाहों से सब कुछ देख रही थी।




## 20वां दिल्ली इंटरनेशनल शतरंजः डी मारत को हराकर अरविंद सयुंक्त बढ़त पर

**नयी दिल्ली।** जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में चल रहे 45 लाख रुपेय पुरुस्कार राशि वाले 20वें दिल्ली इंटरनेशनल ग्रांड मास्टर टूनार्मेंट में आठ राउंड के बाद भारत के ग्रांड मास्टर अरविंद चितांबरम एकल बढ़त में शामिल हो गए है। अरविंद नें आठवे राउंड में उज्बेकिस्तान के ग्रांड मास्टर डी मारत को पराजित करते हुए 7.5 अंक बनाकर रूस के मुरजिन बोलोदर के साथ सयुंक्त बढ़त बना ली है और अगले राउंड में इन दोनों खिलाड़ियों के बीच जब मुकाबला होगा तो जीतने वाला खिलाड़ी खिताब के बेहद करीब पहुंच सकता है। नौवे राउंड में सफेद मोहरो से अरविंद मुरजिन से मुकाबला खेलेंगे। आठवे राउंड के अन्य परिणामो में रूस के मुरजिन नें पोलैंड के माइकल क्रासेंकोव से तो भारत के नीलाश सहा नें जॉर्जिया के लुका पाइचादे से बाजी ड्रॉ खेली जबकि जॉर्जिया के मिखाइल मीखेश्वली नें उज्बेकिस्तान के मुखिद्दीन मदमीनोव को जॉर्जिया के लेवान पंट्सूलिया नें भारत के के रत्नाकरण को रूस के बोरिस शेवचेंको नें भारत के श्रीहरी एल को पराजित किया।

## स्पेन के होटल कर्मी ने मोरक्को फुटबॉल टीम का अपमान किया, हुआ गिरफ्तार

**मैड्रिड।** स्पेन के मैड्रिड में एक होटल के कर्मचारी को मोरक्को की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का नस्लीय आधार पर अपमान करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने स्पेन की कर्मचारी ने सोशल मीडिया पर कथित रूप से अपमानजनक सामग्री पोस्ट की। पोस्ट को देखने वाले होटल के अन्य कर्मचारियों ने उसकी निंदा की।

## भागलपुर में वाहन की टक्कर से मासूम की मौत

**भागलपुर।** भागलपुर में तेज गति से आ रही पिकअप वैन ने बच्चे को कुचला दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा सुलतानगंज थाना क्षेत्र के स्थित मिजार्पुर डमखोलीया गांव एनएच-80 पर हुई। बच्चा बिस्कुट खरीदने दुकान जा रहा था और इसी बीच यह हादसा हुआ। मृतक की पहचान डमखोलीया गांव निवासी मनोज तांती के 7 वर्षीय पुत्र विक्रम कुमार रूप में हुई है। वहीं, घटना के फौरन बाद एनएच पर स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। बच्चे को आनन फनन में रेफरल अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंचे और मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों की मदद से सड़क जाम कर दिया।

## पंखे से लटकता मिला नर्सिंग की छात्रा का शवः

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर जिले के कपूरींग्राम थाना क्षेत्र के सिंघिया खूर्द पंचायत के रतनपुरा गांव में सोमवार रात नर्सिंग की एक छात्रा का शव पंखे से लटकता मिला। घटना सोमवार रात की है। आशंका जाहिर की जा रही है कि प्रेम प्रसंग में उसने सुसाइड किया है। हालांकि पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों ही बिंदुओं पर जांच कर रही है। जांच में पता चला है कि छात्रा के किराए के घर पर उसके गांव का ही एक युवक आता जाता था।छात्रा हथौड़ी थाना क्षेत्र की हथौड़ी कोठी की रहने वाली थी। वह रतनपुरा स्थित नर्सिंग स्कूल में एएनएम की छात्रा थी। वही पर वह एक किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रही थी। छात्रा का नाम देवता कुमारी है।

## मनीष कश्यप को रिमांड पर लेगी तमिलनाडु पुलिस

**पटना।** यूट्यूबर मनीष कश्यप की मुश्किलें बढ़ती दिख रही है। तमिलनाडु पुलिस मनीष को रिमांड पर लेगी। पटना सिविल कोर्ट में आवेदन दिया गया है। तमिलनाडु पुलिस ने 14 दिनों की रिमांड मांगी है। संभावना जताई जा रही है कि तमिलनाडु पुलिस के आवेदन पर सुनवाई हो सकती है। मनीष कश्यप के खिलाफ तमिलनाडु के कृष्णागिरी और बरगुर थाने में केस दर्ज है। मनीष कश्यप पर तमिलनाडु में प्रवासी बिहारी मजदूरों पर हमले का फेक वीडियो बनाने और उसे वायरल करने का आरोप है। पटना में मनीष के खिलाफ आर्थिक अपराध इकाई ने तीन केस किए हैं।

## कोर्ट परिसर में तीन अपराधियों ने मचाया तांडव, हत्या के आरोपी की कर दी गोली मारकर हत्या

**पटना।** बिहार के सहरसा जिला अदालत में अज्ञात हमलावरों के एक समूह ने विचाराधीन कैदी की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के आरोपी प्रभाकर कुमार को जिला अदालत में सुनवाई के लिए लाया गया था, तभी बाइक सवार चार हमलावरों ने उस पर फायरिंग कर दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद हमलावर हवा में हथियार लहराते हुए कोर्ट परिसर से फरार होने में सफल रहे। जिला एसपी लिपि सिंह ने भी मौके का दौरा किया। जांच का नेतृत्व कर रहे एसडीपीओ सदर ने आईएएनएस को बताया कि चार हमलावर अदालत परिसर में आए और विचाराधीन कैदी पर गोलियां चला दीं। अधिकारी ने कहा, हम उनकी पहचान करने के लिए अदालत परिसर के सीसीटीवी फुटेज को स्कैन कर रहे हैं। घटना के बाद न्यायालय परिसर में अफरातफरी मच गई। घटना के बाद क्रिमिनल फरार हो गये। उसके बाद एक को किसी तरह पुलिस ने पकड़ लिया।

## अपराधियों ने डॉक्टर से मांगी दो करोड़ की रंगदारी

**पटना।** बिहार में मोतिहारी शहर के एक नामी डॉक्टर से अज्ञात लोगों ने दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी है। जबरन वसूली करने वालों ने एक पत्र लिखा और फिर इसकी जेरोक्स कॉपी की। इसके बाद इस कॉपी को एक लिफाफे में डालकर संजय कुमार नाम के एक डॉक्टर की मेज पर रख दिया। पीड़ित शहर के छतौनी मोहल्ले में कवि डायग्नोस्टिक सेंटर चला रहा है। बिहार में पिछले कुछ दिनों में रंगदारी के मामले बढ़े हैं। संवेदनशीलता को देखते हुए जिला एसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने घटना की जांच के लिए सदर डीएसपी रंजन कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित की।

# हत्या के मामले में बरी हुए विधायक सत्येंद्र यादव, तारकेश्वर सिंह हत्याकांड में थे आरोपी

एजेंसी

**छपरा।** मांझी के सीपीआई (एमएल) विधायक सत्येंद्र यादव और उनके पांच सहयोगी हत्या के मामले में आरोपी थे कउनको मंगलवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय विशेष न्यायाधीश एमपी एमएलए नवीन नवीन कुमार पांडे के न्यायालय द्वारा संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया गया ककोपा थाना कांड संख्या 54 /2007 के सत्र वाद संख्या 552 ए/ 2007 के तहत अभियुक्त थे।

### 16 साल बाद आया फैसला

मांझी थाना के ही सूचक गणेश सिंह ने अपने पुत्र तारकेश्वर सिंह की हत्या को लेकर के वर्तमान मांझी विधायक सत्येंद्र यादव, सुदामा साह, पूर्व मुखिया दिनेश पंडित, सुनील शाह, रघुवीर पंडित तथा राजेश राम के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी 2 जुलाई 2007 को दर्ज करवाई थी कलगभग 16 साल के बाद इस मुकदमे में आज न्यायालय के द्वारा फैसला सुनाया गया और फैसले में न्यायाधीश ने संदेह का लाभ देते हुए सभी अभियुक्तों को बरी कर दिया।

### कोर्ट परिसर में बड़ी संख्या में पहुंचे थे समर्थक

इसके पहले दोनों पक्षों के बहस को सुनकर न्यायालय द्वारा सजा के बिंदु पर मंगलवार की तारीख निश्चित की गई थी कसुबह से ही छपरा व्यवहार न्यायालय परिसर में इस मुकदमे में क्या सजा सुनाई जाती है। इस बात को लेकर काफी गहमा-गहमी की स्थिति थी कबड़ी संख्या में विधायक के समर्थक न्यायालय परिसर में जमा हो गए थे कन्यायाधीश की ओर से शाम 4 बजे फैसला सुनाया गया। लेकिन, सुबह 10:00 बजे से ही न्यायालय में दोनों पक्षों के लोग न्यायालय परिसर में जमा हो गए थे। वे सजा के बिंदु पर न्यायाधीश क्या फैसला लेते हैं। इसको जानने के लिए उत्सुक थे कअधिवक्ताओं के बीच भी इस मुकदमे को लेकर काफी चर्चा हो रही थी।



### पूर्व विधायक को मिली थी उम्र कैद

कुछ दिनों पहले ही मांझी के पूर्व विधायक और मंत्री रविंद्र मिश्रा को हत्या के एक मामले में न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी कइसीलिए यह कयास लगाया जा रहा था कि इस मामले में भी मांझी विधायक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई जाएगी क लेकिन सारे कयासों को दरकिनार करते हुए न्यायाधीश ने इस मामले में वर्तमान विधायक को बरी कर दिया ।

## दो धमाकों के बाद पहुंची पुलिस एक-एक किलो के 4 जिंदा बम बरामद

**गया।** मंगलवार की अहले सुबह एक स्कूल के पास दो धमाका हुआ। घटना अति नक्सल प्रभावित इमामगंज प्रखंड की है। इमामगंज थाना से 600 मीटर दूर स्थित डीएसपी स्कूल के पास धमाका हुआ। रात करीब दो बजे एक के बाद एक धमाके हुए। आवाज से लोग दल गए। लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से 4 जिंदा बम बरामद किए। एक बम का वजन एक किलो के करीब है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि करीब दो बजे रात में अचानक से डीएसपी स्कूल के पास से एक-एक कर दो बमों के विस्फोट होने की जबर्दस्त आवाज मिली। किसी अनहोनी की आशंका को देख बहुत देर तक लोग घरों के अंदर ही दुबके रहें। घटना की सूचना इमामगंज पुलिस को दी गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस से घटना स्थल से चार बम बरामद कर लिए। चारों बम थोड़ी दूरी पर पड़े हुए थे। बरामद किए गए हर एक बम का वजन करीब एक किलो के करीब है। इधर थानाध्यक्ष उदय शंकर ने बताया कि इस मामले की सूचना मिलने पर पुलिस देर रात ही घटना स्थल पर पहुंची थी। पुलिस ने मौके से चार बम बरामद किए हैं। घटना की छानबीन की जा रही है। यही नहीं घटनास्थल के आसपास का सीसीटीवी फुटेज पता कर घटना के साक्ष्य व सुराग पता किए जा रहे हैं।

### शराब की बरामदगी करने पहुंची पुलिस पर लोगों ने किया पथराव

# एएसआइ समेत पांच पुलिसकर्मी घायल

एजेंसी

**शेखपुरा।** शेखपुरा के महादेव नगर मुहल्ले में बीती रात शराब की बरामदगी करने पहुंची पुलिस टीम पर आसपास के लोगों ने अचानक हमला बोल दिया। जमकर रोड़ेबाजी व मारपीट की। इसमें एक एएसआइ सहित 4 पुलिसकर्मी घायल हो गए। घटना के बाद घायल उत्पाद पुलिस कर्मियों को रातों रात सदर अस्पताल शेखपुरा में भर्ती कराया गया। घायलों में उत्पाद एएसआई 50 वर्षीय अनिल कुमार सिंह, होमगार्ड के जवानों में 27 वर्षीय राजू कुमार, 36 वर्षीय उदय चौहान और 35 वर्षीय शिपुल कुमार शामिल हैं। घटना में घायल एएसआई के दाहिने हाथ की उंगलियों की हड्डियां भी टूट गई। जानकारी देते हुए उत्पाद निरीक्षक प्रकाश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर महादेव नगर मुहल्ले में संचालित एक शराब के अड्डे पर छापामारी कर बड़ी मात्रा में शराब के साथ संतोष राम नामक एक कारोबारी को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया था। गिरफ्तार कारोबारी को छापामार टीम से छुड़ाने के प्रयास में मुहल्ले की महिलाएं और पुरुष बड़ी संख्या में जमा हो गए। इसके बाद पुलिस टीम के ऊपर अचानक हमला बोल दिया। हमला के दौरान रोड़ेबाजी और मारपीट की घटना को अंजाम दिया।उन्होंने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी के साथ साथ हमलावरों के विरुद्ध अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बता दें कि शराब के खिलाफ छापामारी के दौरान पुलिस टीम के हमला कर पुलिस कर्मियों को घायल किए जाने की घटनाएं पूर्व में भी कई बार इस जिले में घट चुकी है।

**➲ एक कारोबारी रंगेहाथ गिरफ्तार**

## 92 कार्टन शराब बरामद

**हाजीपुर (वैशाली)।** वैशाली जिले के पातेपुर के रमौली कब्रिस्तान के पास गुप्त सूचना के आधार पर पातेपुर थाने की पुलिस ने एक कंटेनर में लोड में 92 कार्टून विदेशी शराब जब्त किया गया है, जिसकी कीमत 10 लाख बताई जा रही है। वहीं गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पातेपुर पुलिस ने रमौली कब्रिस्तान के समीप से एक कंटेनर में लोड विदेशी शराब, एक बाइक को जब्त किया है। वहीं मौके से कंटेनर के उप चालक को गिरफ्तार किया है, जबकि कंटेनर का चालक, बाइक चालक सहित धंधेबाज मौके से भागने में सफल रहा। पुलिस गिरफ्तार उप चालक से पुछताछ कर रही है।

## पेज एक का शेष

### अतिक्रमण रोकने को सीमांकन.....

अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि राज्य में जियाडा के बोकारो, आदित्यपुर, रांची और संथाल परगना प्रक्षेत्र में कुल 132 इंडस्ट्रियल एरिया में 3484 इंडस्ट्रियल यूनिट हैं । वहीं, जियाडा के अधीन 9013 एकड़ जमीन है। 8021 एकड़ जमीन इंडस्ट्रियल यूनिट के लिए आवंटित की गयी है। बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना डाडेल, वित्त सचिव अजय कुमार सिंह, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव केके सोन, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, उद्योग सचिव जितेंद्र कुमार सिंह, निदेशक उद्योग घोलप रमेश और जियाडा रांची, बोकारो, आदित्यपुर और संथाल परगना के क्षेत्रीय निदेशक मौजूद थे।

### बैठक में 24 कैदियों की रिहाई पर....

उन्होंने कहा कि समय-समय पर इन कैदियों की प्रॉपर काउंसलिंग भी होनी चाहिए। इसके अलावा इन्हें सरकार की योजनाओं से भी जोड़ा जाये, ताकि वे मुख्यधारा से जुड़े रहे। जरूरतमंद कैदियों के पुनर्वास की भी व्यवस्था होनी चाहिए। बैठक में सीएम की प्रधान सचिव वंदना डाडेल, विभाग के प्रधान सचिव सह विधि परामर्शी नलिन कुमार, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, न्यायिक आयुक्त अरुण कुमार राय और कारा महानिरीक्षक उमा शंकर सिंह मौजूद थे।

### कौशल विकास समेत अन्य घोटाला में...

सरकार में बड़े पोस्ट पर तैनात सीनियर आइएएस अधिकारी से उसका बेहद करीबी रिश्ता है। वह उनके दफ्तर समेत आवास पर अक्सर देखा जाता रहा है। कई आइएएस और आइपीएस अफसर विशाल चौधरी से बराबर मिलते रहे हैं।

**तबादले में विशाल की संलिप्तता पर भी दोबारा पूछताछ :** सूत्रों के अनुसार. ईडी ने पूछताछ के दौरान राजीव अरुण एक्का से अधिकारियों के ट्रांसफर- पोस्टिंग में विशाल चौधरी की संलिप्तता के बारे में भी पूछा। आरोप लगाया गया है कि विशाल चौधरी ने आर्थिक लाभ के बदले अधिकारियों के ट्रांसफर और पोस्टिंग के लिए अपने रसूख का इस्तेमाल किया। आरोप है कि विशाल चौधरी ने गृह विभाग और झारखंड पुलिस आवास निगम के टेंडर और ठेकों का भी प्रबंधन किया। इडी ने राजीव अरूण एक्का से पूछा है कि झारखंड के नौकरशाहों और उनके आसपास रहकर उनका काला धन निवेश करने वाले बड़े दलालों के साथ किन-किन आइएएस और आइपीएस का हाथ है। अफसरों का चहेता विशाल चौधरी ईडी की गिरफ्त में है। पूजा सिंघल के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी के बाद ताबड़तोड़ खुलासे हुए। राजीव अरूण एक्का से सीए सुमन कुमार और मनरेगा घोटाले विशाल चौधरी हाई लेवल अफसरों के बीच खासी पैठ-पहचान रखने की बात कही थी, लेकिन वह दो नंबर के पैसे का भी बड़ा दलाल बताया गया था।

### अतीक अहमद को उम्रकैद की सजा ...

उसकी तबीयत भी बिगड़ गयी। कैदी वैन में ही घंटों पड़ा रहा। डाक्टरो ने जांच कर उसे दवाई दी। वहीं उमेश पाल की मां ने कोर्ट के फैसले के बाद कहा है कि अतीक को सजा-ए-मौत होनी चाहिए। मां ने आंसू पोछते हुए कहा कि उनके एक नहीं, बल्कि 3-3 बेटे मारे गये हैं। वहीं पत्नी ने कहा है कि आतंक का जड़ से खात्मा होना चाहिए। प्रयागराज के नैनी सेंट्रल जेल में सोमवार को अतीक अहमद समेत परिवार के 3 सदस्यों की रात बीती। ऐसा पहली बार हुआ जब अतीक के परिवार के 3 लोग किसी जेल में एक साथ रहे। पिता और चाचा उससे मिलना चाहते थे, पर अनुमति नहीं मिली। अतीक अहमद को फिर गुजरात ले चर्चा है।

स्पीड न्यूज

## आवारा कुत्तों से क्रूरता स्वीकार्य नहीं : कोर्ट

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने कहा कि आवारा कुत्तों से नफरत करना या उनके साथ क्रूर व्यवहार करना सभ्य समाज के व्यक्तियों से स्वीकार्य नहीं है। उच्च न्यायालय ने यह टिप्पणी उस यचिका पर सुनवाई करते हुए की, जिसमें एक महिला ने दावा किया है कि उसे रिहायशी सोसाइटी में आवारा कुत्तों को खाना खिलाने से रोका जा रहा है। अदालत ने सोसाइटी से सौहार्दपूर्ण तरीके से मुद्दे का हल करने को कहा है।

## अन्नाद्रमुक के महासचिव बने पलानीस्वामी

**चेन्नई ।** ई के पलानीस्वामी ने उच्च न्यायालय से हरी झंडी मिलने के बाद मंगलवार को अन्ना द्रमुक के महासचिव पद की कमान संभाली। इसके साथ ही पार्टी पर अब उनका पूरी तरह नियंत्रण हो गया है। मद्रास उच्च न्यायालय ने अन्नाद्रमुक के 11 जुलाई के आम परिषद के प्रस्तावों के खिलाफ पार्टी नेता ओ पनीरसेल्वम और उनके सहायकों की याचिकाएं बुधवार को खारिज कर दीं।

## आइइडी विस्फोट में दो जवान घायल

**कांकेर ।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में मंगलवार सुबह नक्सलियों द्वारा लगाए गए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) में विस्फोट होने से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के दो जवान घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि घटना कांकेर से करीब 120 किलोमीटर दूर कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत चिलपरस गांव में हुई, जब बीएसएफ की एक टीम सड़क सुरक्षा अभियान पर निकली थी।

## ओडिशा में 10 और डिजिटल अदालतें खुली

**कटक।** जिला स्तर पर ऑनलाइन अदालतों से मिले नतीजों से उत्साहित उड़ीसा उच्च न्यायालय ने राज्य में 10 और डिजिटल अदालतें खोली हैं।इसी के साथ राज्य की 30 जिला अदालतों में से 20 में ऑनलाइन अदालतें संचालित होने लगी हैं और हर जिला मुख्यालय में एक ऑनलाइन अदालत संचालित हो रही है।

## रामपुर की अदालत में पेश हुए आजम

**रामपुर ।** सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान मंगलवार को यहां की एक विशेष अदालत में हाजिर होकर पड़ोसी से विवाद से संबंधित एक मामले में अपने बयान दर्ज कराए। पूर्व मंत्री व सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान यहां सांसद-विधायक अदालत में पेश हुये और वर्ष 2019 में अपने एक पड़ोसी द्वारा दर्ज कराए गये विवाद मामले में अपने बयान दर्ज कराये।

## गडकरी को धमकी देने वाला गिरफ्तार

**नागपुर।** नागपुर पुलिस ने कर्नाटक के बेलगावी से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिसने पिछले हफ्ते केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को टेलीफोन पर जान से मारने की धमकी दी थी और 10 करोड़ रुपये की मांग की थी। अधिकारियों ने मंगलवार को यहां यह जानकारी दी। नागपुर पुलिस की एक टीम बेलगावी गई और आरोपी जयेश पुजारी को हिरासत में लिया, जिसे कुछ अन्य अपराधों के मामलों में दोषी ठहराया गया है।

जापान में पांच लाख से अधिक मुर्गे, मुर्गियां मारी जांएगीं

## जापान में पांच लाख से अधिक मुर्गे और मुर्गियां मारी जायेंगी

**टोक्यो ।** जापान के होक्काइडो प्रांत में बर्ड फ्लू के एक नए प्रकोप के खतरे से बचने के लिए पांच लाख से अधिक मुर्गा-मुर्गियां मारी जाएंगी। स्थानीय प्रशासन ने मंगलवार को यह जानकारी दी। प्रशासन ने कहा कि इस प्रांत में स्थित एक पोल्ट्री फार्म में कल मुर्गा-मुर्गियों की मौत दर्ज की गई। जिसका एक त्वरित परीक्षण किया गया, जिसमें इन्फ्लूएंजा टाइप ए की उपस्थिति का पता चला।

# हिंदू पक्ष की सभी याचिकाओं पर 21 अप्रैल को सुनवाई

### ज्ञानवापी मस्जिद परिसर विवाद मामले में सुनवाई के लिए सहमत हुआ सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय वाराणसी की एक अदालत में ज्ञानवापी मस्जिद परिसर विवाद से संबंधित दायर सभी मुकदमों को एक साथ करने के अनुरोध वाली हिंदू पक्ष की याचिका पर 21 अप्रैल को सुनवाई के लिए मंगलवार को सहमत हो गया।

प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा एवं न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला की पीठ ने वकील विष्णु शंकर जैन की दलीलों पर गौर किया कि वाराणसी के जिला न्यायाधीश ने इस विवाद से जुड़े सभी दीवानी मामलों को एक साथ करने की याचिका पर फैसला पांच बार टाल दिया है। पीठ ने कहा कि हम इसे 21 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करेंगे।



सर्वोच्च अदालत ने पिछले साल 11 नवंबर को उस क्षेत्र की सुरक्षा अगले आदेश तक बढ़ा दी थी जहां वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में एक शिवलिंग मिलने का दावा किया गया है। पीठ ने हिंदू पक्षकारों को ज्ञानवापी मस्जिद-श्रृंगार गौरी विवाद में दायर सभी मुकदमों को एक साथ करने के लिए वाराणसी जिला न्यायाधीश के समक्ष आवेदन दायर करने की अनुमति भी दी थी। उच्चतम न्यायालय ने सर्वेक्षण आयुक्त की नियुक्ति पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली अंजुमन इंतजामिया मस्जिद समिति की अपील पर तीन सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश भी हिंदू पक्षकारों को दिया था। पिछले साल 17 मई को उच्चतम न्यायालय ने वाराणसी के जिला मजिस्ट्रेट को ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी परिसर के अंदर के क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए एक अंतरिम आदेश पारित किया था, जहां सर्वेक्षण के दौरान शिवलिंग होने का दावा किया गया था।

# जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनता को बताएं सांसद

### अपने-अपने क्षेत्रों में एक महीने तक विशेष अभियान चलाएं : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा संसदीय दल की बैठक में पार्टी के सभी सांसदों को केंद्र सरकार के 9 साल की उपलब्धियों और चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को देश की जनता तक पहुंचाने के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में एक महीने तक विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया है।

केंद्रीय संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बताया कि बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी सांसदों को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन देते हुए 15 मई से 15 जून तक केंद्र सरकार द्वारा 9 साल के कार्यकाल के दौरान चलाई गई योजनाओं का प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि इस प्रचार-प्रसार का तरीका कुछ भी हो सकता है, चाहे यात्रा के जरिए या लाभार्थी सम्मेलन के जरिए या सेमिनार के जरिए या अन्य कार्यक्रमों के जरिए। इस एक महीने के दौरान सभी सांसदों को अपने-अपने क्षेत्रों में सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात का उदाहरण देते हुए धरती बचाओ, धरती मां पुकार रही है जैसे गैर राजनीतिक कार्यक्रमों से भी सभी सांसदों को जुड़ने का आह्वान किया। मेघवाल ने बताया कि 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस है और 14 अप्रैल को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का जन्मदिन है। पार्टी 6 अप्रैल से लेकर 14 अप्रैल तक के सप्ताह को सामाजिक न्याय सप्ताह के रूप में मनाएगी।

**▸▸ प्रधानमंत्री ने गुजरात की तर्ज पर धरती बचाओ, धरती मां पुकार रही है जैसे गैर राजनीतिक कार्यक्रमों से सभी सांसदों को जुड़ने का किया आह्वान**



संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी सांसदों से नई-नई तकनीक से जुड़ने और अपडेट रहने का आह्वाहन किया। जोशी ने आगे कहा कि अप्रैल में प्रधानमंत्री के मन की बात का सौंवा एपिसोड होने जा रहा है, इसे लेकर भी उन्होंने विशेष कार्यक्रमों का आयोजन करने का आह्वान किया। बैठक में पार्टी को लगातार मिल रही चुनावी जीत का भी जिक्र हुआ। संसद भवन परिसर में हुई भाजपा संसदीय दल की बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हाल ही में तीन पूर्वोत्तर राज्यों - त्रिपुरा, मेघालय और नागालैंड के विधान सभा चुनावों में मिली जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को माला पहना कर उनका अभिनंदन किया। पार्टी के सभी सांसदों ने ताली बजाकर प्रधानमंत्री का अभिनंदन किया। संसदीय दल की तरफ से प्रधानमंत्री का स्वागत करते हुए केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने तीनों राज्यों की जीत और शानदार केंद्रीय बजट के लिए प्रधानमंत्रीको बधाई देते हुए सभी सांसदों की तरफ से उनका अभिनंदन किया और आभार व्यक्त किया।

## केंद्रीय गृह राज्य मंत्री प्रमाणिक पर हमले की जांच करेगी सीबीआइ

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निशीथ प्रमाणिक और उनके काफिले पर कूच बिहार जिले में हुए हमले के आरोपों की जांच सीबीआई से कराने का आदेश दिया है। मुख्य न्यायाधीश प्रकाश श्रीवास्तव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्री पर कथित हमले की सीबीआई जांच का निर्देश दिया। इस मामले में याचिकाकर्ता एवं पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने एक जनहित याचिका में आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद प्रमाणिक जब 25 फरवरी को अपने निर्वाचन क्षेत्र के दौरे पर थे, तब दिनहाटा में उन पर हमला किया गया और उनके काफिले पर पथराव किया गया। शुभेंदु अधिकारी ने इस मामले में सीबीआई जांच की मांग की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि निशीथ प्रमाणिक को उस समय सुरक्षा प्रदान कर रहे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की ओर से शिकायत करने के बावजूद बंगाल पुलिस ने मामला दर्ज करने से इनकार कर दिया था। शुभेंदु अधिकारी ने यह भी आरोप लगाया कि मंत्री की कार पर बम भी फेंके गए थे, जिससे उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई थी। पश्चिम बंगाल के महाधिवक्ता एसएन मुखर्जी ने राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व करते हुए याचिका का विरोध किया और आरोपों का खंडन किया। शुभेंदु अधिकारी ने जनहित याचिका में आरोप लगाया कि यह हमला सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया था।

# आर्थिक प्रगति के लिए बैंकों को सही संतुलन बनाना होगा : मूर्मू

**बैंकों की पहली जिम्मेदारी जनता के धन की रक्षा करना और दूसरा परिसंपत्तियों का सृजन करना**

एजेंसी

**कोलकता।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि आर्थिक प्रगति सुनिश्चित करने के लिए बैंकों को परिसंपत्तियों का सृजन करने और जनता के धन की रक्षा करने के बीच सही संतुलन बनाना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि इस संतुलन के गड़बड़ाने से समस्या खड़ी हो जाएगी जिससे विकास की प्रक्रिया बाधित हो सकती है। मुर्मू ने देश के 18 राज्यों में यूको बैंक की 50 शाखाओं का वर्चुअल तरीके से उद्घाटन किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि बैंकों की पहली जिम्मेदारी जनता के धन की रक्षा करना है। उनका दूसरा अहम पहलू है परिसंपत्तियों का सृजन करना। इस संतुलन को कायम रखना जरूरी है अन्यथा आर्थिक समस्या खड़ी हो जाएगी। कोविड-19 के दौरान वित्तीय प्रौद्योगिकी ने जो भूमिका निभाई उसकी सराहना करते हुए मुर्मू ने कहा कि फिनटेक ने सामाजिक समानता लाने में मदद दी।



**कोलकता हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत करती ममता बनर्जी।**

## बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में वीआइपी भक्तों को लगेगा शुल्क

**देहरादून।** श्री बदरीनाथ- केदारनाथ समिति ने इस वर्ष से बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में श्रद्धालु के रूप में आने वाले सभी वीआईपी से भगवान के विशेष दर्शन और प्रसाद के लिए प्रति व्यक्ति 300 रुपये का शुल्क लेने का निर्णय लिया है।समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने मंगलवार को बताया कि यह निर्णय देश के चार प्रमुख मंदिरों में पूजा और दर्शन आदि व्यवस्थाओं के प्रबंधन का अध्ययन करने गए दलों की रिपोर्ट और उनकी संस्तुतियों के आधार पर लिया गया है। समिति ने पिछले दिनों देश के चार प्रमुख मंदिरों-तिरुपति बालाजी, वैष्णो देवी, श्री महाकालेश्वर व सोमनाथ मंदिरों में पूजा और दर्शन आदि व्यवस्थाओं के प्रबंधन के अध्ययन के लिए चार दल भेजे थे।

# 18 फार्मा कंपनियों के लाइसेंस रद्द

### घटिया दवा बेचने वाली 26 कंपनियों को कारण नोटिस

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** घटिया व नकली दवा निमार्ताओं के खिलाफ सरकार की सख्ती बढ़ती जा रही है और इस पर लगाम के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई के तहत पिछले 15 दिनों में 18 दवा निमार्ता कंपनियों के लाइसेंस रद कर दिए गए और 26 कंपनियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक ये कंपनियां घटिया दवा का निर्माण में लिप्त पाई गई। देश के 20 राज्यों में यह कार्रवाई की गई। सूत्रों के मुताबिक दवा निर्माता कंपनियों के निरीक्षण का काम जारी है। मंत्रालय के मुताबिक ड्रग कंट्रोल जनरल ऑफ इंडिया ने पिछले 15 दिनों 76 दवा निर्माता कंपनियों का निरीक्षण किया। मंत्रालय के मुताबिक इन कंपनियों के खिलाफ खबरों के आधार पर केंद्र व राज्य सरकार की संयुक्त टीम ने औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य नकली व मिलावटी दवा के उत्पादन को रोकने के साथ गुड मैन्यूफैक्चरिंग प्रैक्टिस के पालन को सुनिश्चित करना था। मंत्रालय के मुताबिक औचक निरीक्षण के लिए 203 फार्मा कंपनियों की पहचान की गई और कार्रवाई के पहले चरण में 76 दवा कंपनियों का निरीक्षण किया गया। 18 कंपनियों के लाइसेंस को रद करने के साथ तीन कंपनियों के प्रोडक्ट मंजूरी को भी रद कर दिया गया। जिन 26 कंपनियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, उन्हें निर्धारित समय में जवाब देने के लिए कहा गया है। संतोषप्रद जवाब नहीं होने पर इन कंपनियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# मानहानि मामले में उद्धव आदित्य व राउत को समन

**नयी दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, उनके बेटे आदित्य ठाकरे और राज्यसभा सदस्य संजय राउत को सांसद राहुल रमेश शेवाले की ओर से दायर मानहानि के मुकदमे में मंगलवार को समन जारी किया। राहुल रमेश शेवाले ने उनपर और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने को लेकर उद्धव ठाकरे, आदित्य ठाकरे और संजय राउत के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया है।न्यायमूर्ति प्रतीक जालान ने मानहानि का मुकदमा विचारार्थ स्वीकार कर लिया और इस सिलसिले में उद्धव, आदित्य और राउत को समन जारी किया। इसके अलावा उच्च न्यायालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से कथित मानहानिकारक सामग्री को हटाने की मांग वाली याचिका पर गूगल, ट्विटर, उद्धव, आदित्य और राउत को 30 दिनों के भीतर अपने लिखित बयान दाखिल करने को कहा है।

# बिग बी ने हाथ में पट्टा बांध फैंस का किया अभिवादन

**मुंबई।** मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने 'प्रोजेक्ट के' के सेट पर घायल होने के बाद पहली बार अपने घर के बाहर अपने प्रशंसकों का अभिवादन किया। उन्हें घर में बना पट्टा (होम मेड स्लिंग) पहने देखा गया, उन्होंने अपने प्रशंसकों से मिलने पर नमस्ते किया, कुछ ऐसा जो वह हर हफ्ते धार्मिक रूप से करते थे। अभिनेता ने अपने ब्लॉग पर जैकेट के साथ सफेद कुर्ता पायजामा पहने कई तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने हाथीदांत के रंग का हैंड स्लिंग भी पहना था।

उन्होंने अपने ब्लॉग पर लिखाः और काम जारी है..शुभचिंतकों का आशीर्वाद..मेरा प्यार स्नेह और आभार.वह अब भी आते हैं। हैदराबाद में प्रोजेक्ट के की शूटिंग के दौरान अमिताभ को चोट लग गई थी। अभिनेता ने अपने स्वास्थ्य अपडेट को अपने ब्लॉग पर साझा किया।

हैदराबाद के एआईजी अस्पताल में डॉक्टर से सलाह लेने और सीटी स्कैन कराने के बाद वह मुंबई के लिए रवाना हो गए, जहां वह अपने घर पर आराम कर रहे हैं। 80 वर्षीय अभिनेता को फिल्म के एक एक्शन सीक्वेंस के दौरान उनकी दाहिनी पसली की मांसपेशियों में चोट लग गई थी। उन्होंने लिखा कि इस



घटना के बाद फिल्म की शूटिंग टाल दी गई। प्रोजेक्ट के अश्विनी दत्त द्वारा लिखित और निर्देशित साइंस फिक्शन फिल्म है। तेलुगु और हिंदी में एक साथ शूट किए जा रहे इसमें अमिताभ, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी हैं।

## लव की अरेंज मैरिज में नजर आयेगी सनी सिंह और अवनीत कौर की जोड़ी

**मुंबई ।** सनी सिंह और अवनीत कौर की जोड़ी फिल्म लव की अरेंज मैरिज में नजर आयेगी।लव की अरेंज मैरिज को इशरत खान निर्देशित कर रहे हैं और राज शांडिल्य ने इसे लिखा है। इस फिल्म में सनी सिंह और अवनीत कौर,अन्नू कपूर, सुप्रिया पाठक, राजपाल यादव, सुधीर पांडे और परितोष त्रिपाठी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।सनी सिंह ने बताया कि मैंने अब तक जो भी कॉमेडी फिल्में की हैं उसकी तुलना में राज शांडिल्य की कॉमेडी बहुत ही अलग है ।जिसकी वजह से में इस फिल्म के प्रति आकर्षित हुआ हूं। यह एक प्रफुल्लित करने वाली घरेलू कॉमेडी एंटरटेनर फिल्म है। इस फिल्म को शुरू करने के लिए मैं बेहद उत्साहित हूं। अवनीत कौर ने कहा कि पारिवारिक कॉमेडी एक ऐसा जॉनर है जिसका मैंने हमेशा आनंद उठाया है और मुझे एक ऐसी फिल्म का हिस्सा बनने का मौका मिला है, जिसे निश्चितरूप से हर कोई पसंद करेगा। सुप्रिया मैम, अन्नू सर और राजपाल सर के साथ काम करना मेरे लिए सीखने वाला अनुभव होगा और मैं आपको हंसाने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। फिल्म निर्मातर विनोद भानुशाली ने कहा किलव की अरेंज मैरिज एक आउट एंड आउट कॉमेडी एंटरटेनर फिल्म है।

## वाणिज्य की खबरें

### ईपीएफओ ने कर्मचारी भविष्य निधि पर ब्याज दर 8.15 प्रतिशत किया

**नयी दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने मंगलवार को अपनी बैठक में कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) पर 2022-23 के लिए ब्याज दर मामूली रूप से बढ़ाकर 8.15 प्रतिशत करने का निर्णय लिया। ईपीएफओ अपने छह करोड़ से अधिक अंशधारकों के ईपीएफ पर 2021-22 के लिए ब्याज दर को घटाकर मार्च, 2022 में चार दशक से भी अधिक समय के निचले स्तर 8.10 प्रतिशत पर ले आया था। यह दर 1977-78 के बाद से सबसे कम थी, तब ईपीएफ पर ब्याज दर आठ प्रतिशत हुआ करती थी। 2020-21 में यह दर 8.5 प्रतिशत थी।

### वित्त वर्ष 2023-24 में घरों के दाम पांच प्रतिशत और बढ़ेंगे : रेटिंग्स

**नयी दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष में घरों की कीमतें 8-10 प्रतिशत तक बढ़ी हैं और 2023-24 के दौरान इनमें और पांच प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने मंगलवार को यह अनुमान लगाया है। रेटिंग एजेंसी ने 2023-24 के लिए आवासीय रियल एस्टेट क्षेत्र के परिदृश्य को संशोधित करते हुए सुधार से बदलकर ह्यतटस्थह्न कर दिया। उसने एक बयान में कहा कि ऊंची निर्माण लागत, बढ़ती आवास ऋण दरें और घरेलू तथा वैश्विक स्तर पर मंदी के बावजूद आवासीय रियल एस्टेट बाजार में 2022-23 में तेजी बरकरार रही है (रियल एस्टेट के शीर्ष आठ क्षेत्रों के लिए सालाना आधार पर बिक्री में 15 प्रतिशत की वृद्धि) इसमें कहा गया कि मंदी और मुद्रास्फीति संबंधी दबावों से निकट भविष्य में मांग कुछ हद तक प्रभावित हो सकती है लेकिन ऐसी उम्मीद है कि बाजार दबाव को झेल लेगा। एजेंसी ने कहा कि मांग में वृद्धि भी हो सकती है। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने कहा कि 2022-23 में सालाना आधार पर संपत्ति के दामों में 8-10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, 2023-24 में इसमें और पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी हो सकती है।

### पैन को आधार से जोड़ने की समयसीमा 30 जून तक बढ़ी

**नयी दिल्ली।** सरकार ने पैन को आधार से जोड़ने की समयसीमा तीन महीने बढ़ाकर 30 जून, 2023 कर दी है। एक आधिकारिक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। इससे करदाताओं को इस प्रक्रिया के लिए कुछ और समय मिल सकेगा। पहले इसकी समयसीमा 31 मार्च थी। कोई भी व्यक्ति संबंधित प्राधिकरण को आधार-पैन को जोड़ने के लिए अपनी आधार संख्या की जानकारी दे सकेगा। आयकर अधिनियम, 1961 के तहत किसी भी व्यक्ति जिसे एक जुलाई, 2017 तक पैन आवंटित किया गया है और वह आधार नंबर पाने का पात्र है, उसे संबंधित प्राधिकरण को तय शुल्क के भुगतान के साथ 31 मार्च, 2023 तक अपने आधार नंबर की जानकारी देने की जरूरत होगी। ऐसा करने पर विफल होने पर एक अप्रैल, 2023 से उनपर जुर्माना लग सकता है।

### लॉजिस्टिक लागत को जीडीपी के नौ फीसदी पर लाने का लक्ष्य : गडकरी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को देश में लॉजिस्टिक लागत में कमी लाने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि सरकार का इसे 2024 के अंत तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के मौजूदा 16 प्रतिशत से घटाकर नौ प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य है। उन्होंने यहां उद्योग मंडल एसोचैम के सालाना सत्र में यह भी कहा कि श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर 6.5 किलोमीटर जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन अगले महीने किया जाएगा। साथ ही एशिया की सबसे बड़ी सुरंग जोजिला के 2024 में पूरा होने की उम्मीद है। गडकरी ने कहा कि देश के उद्योग और कारोबार के समक्ष लॉजिस्टिक की ऊंची लागत बड़ी चुनौती है। अभी यह जीडीपी का 16 प्रतिशत है।

बोर्ड परीक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पुस्तकें
प्रकाशित
Jharkhand Board Today CLASS-X 2023
सर्वत्र उपलब्ध
निकटतम पुस्तक विक्रेता से अपनी प्रतियाँ शीघ्र प्राप्त कर लें।
पूर्व में प्रकाशित पुस्तकें-
मिलते-जुलते नामवाली नकली पुस्तकों से सावधान !
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA, RANCHI (JHARKHAND) - 834 001
Phone : (0651) 2217945, 2217497, 9431102920, 9431174445
Visit us at www.vermapress.com, e-mail : vermapress@gmail.com

बिना ऑपरेशन किये 100% गांरटी के साथ
9155997766
बवासीर
हाइड्रोसील, भगन्दर
माँ क्लिनीक
डॉ० डी० बी० बैरागी
रातु रोड, रामबिलास पेट्रोल पम्प के सामने, राँची
फोन - 9470997766, 9155997766
रोज खुला रहता है सुबह 9 बजे से 1 बजे तक और शाम 4 से 7 बजे तक
बीमारी ठीक नहीं होने पे पूरा पैसा वापस

स्पीड न्यूज

### साईबर अपराध के मामले में दो आरोपी को रिमांड पर ले गई मुंबई पुलिस

**रामगढ़।** साईबर अपराध के मामले में मुंबई पुलिस दुमका के रामगढ़ थाना क्षेत्र के दो आरोपी को रिमांग पर मंगलवार को ले गई। आरोपी थाना क्षेत्र के घाघरी गांव निवासी नागेश ठाकुर एवं डाहूजोर गांव निवासी संतोष मंडल है। मामले में मुम्बई के ढाणे कांड संख्या 06/2023 के 7 जनवरी 2023 के धारा 420 भादवी एंव 66,(ए),(5) आईटी एक्ट के रिमांग पर लेने पहुंची। मुम्बई की ढाणे पुलिस इंस्पेक्टर विकास कुमार शिंदे ने बताया कि गिरफ्तार साईबर अपराधियों को न्यायालय से रिमांग पर लेकर मुम्बई के ढाणे के जिला मजिस्ट्रेट के सामने प्रस्तुत किया जायेगा। मुम्बई पुलिस कितने राशि का हेराफेरी के मामले में कुछ भी बताने से इंकार किया है। इसके पूर्व मुम्बई पुलिस रामगढ़ थाना पुलिस के सहयोग से चार साईबर आरोपी को रामगढ़ थाना में लाकर कई घंटों कड़ी पुछताछ के बाद दो युवकों को छोड़ दिया। लेकिन बाकी दो युवकों का साक्ष्य मिलने पर न्यायिक हिरासत के बाद मुंबई ढाणे पुलिस दोनों साईबर अपराधियों को मुंबई ले गई। पुलिस के इस कार्रवाही से क्षेत्र में साईबर अपराधियों के बीच हड़कंप का माहौल है।

### एसकेएमयू का यूजी सेमेस्टर 2 का परीक्षा होगी 15 अप्रैल से

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के यूजी सेमेस्टर 2 परीक्षा कार्यक्रम मंगलवार को जारी हुआ। विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ शंभू कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि यूजी सेमेस्टर 2 के परीक्षा 2022 परीक्षा कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। यूजी सेमेस्टर 2 के परीक्षा 15 अप्रैल से प्रारंभ होगी। परीक्षा 28 अप्रैल तक चलेगी। परीक्षा दो पालियों में होगी।

### एमबीबीएस फर्स्ट प्रोफेशनल का परीक्षा प्रारंभ होगी 11 अप्रैल से

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के एमबीबीएस फर्स्ट प्रोफेशनल सप्लीमेंट्री परीक्षा 2021 का परीक्षा 11 अप्रैल से प्रारंभ होगी। परीक्षा 11 अप्रैल से प्रारंभ होकर 18 अप्रैल तक चलेगी। परीक्षा प्रथम पाली में आयोजित होगी।

### एसकेएमयू के बी भॉक आई टी, बीबीए व बीसीए का परीक्षा कार्यक्रम हुई जारी

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के बी भॉक आई टी सेमेस्टर 6, बीबीए-बीसीए का परीक्षा कार्यक्रम जारी मंगलवार को हुई। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ शंभू कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि बी भॉक आई टी सेमेस्टर 6 की परीक्षा 15 से 24 अप्रैल तक चलेगी। बीबीए-बीसीए सेमेस्टर 2 की परीक्षा 15 से 19 अप्रैल तक चलेगी। बीबीए-बीसीए सेमेस्टर 4 की परीक्षा 15 से 20 अप्रैल तक आयोजित होगी। परीक्षा प्रथम पाली में 10 बजे से आयोजित होगी।

### रामनवमी व रमजान को लेकर पुलिस, प्रशासन का फ्लैग मार्च

**बेरमो /पेटरवार।** रामनवमी पर्व शांतिमय वातावरण में सम्पन्न हो, इसे लेकर प्रशासन ने तेनुघाट मुख्यालय के साड़म में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के दौरान प्रशासन ने लोगों से शांति तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी का त्यौहार मनाने की अपील की। कहा कि यहां के निवासी शांति प्रिय हैं। सदैव आपसी प्रेम व मिल्लत के साथ प्रत्येक त्यौहार मनाते हैं। रामनवमी में भी लोगों से यही उम्मीद है।बताया कि फ्लैग मार्च के दौरान इलाके के लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि प्रशासन रामनवमी कमेटी को प्रशासन पूरा सहयोग करेगी। इससे पूर्व दुर्गा पूजा व रामनवमी पर्व क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर बोकारो के उपायुक्त कुलदीप चौधरी,पुलिस अधीक्षक चंदन झा सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारियों ने बोकारो जिले के साड़म क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान डीसी व एसपी ने साड़म व गोमिया क्षेत्र के रामनवमी अखाड़ा के सदस्यों से मिलकर रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की बात कही। डीसी ने कहा कि रामनवमी पर्व पर पुलिस व प्रशासन सजग रहेगी।

---

नियोजन नीति 60-40 के खिलाफ एसकेएमयू छात्र समन्वय समिति निकालेगी 31 मार्च को मशाल जुलूस

# नियोजन नीति रद्द करने समेत 5 सूत्री मांग को छात्र समन्वय समिति 1 अप्रैल को करेगी बंद का आह्वान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** स्थानीयता नियोजन नीति 60-40 के खिलाफ छात्रों का चरणबद्ध आंदोलन जारी है। नियोजन नीति के खिलाफ सिदो कान्हू मुर्मू छात्र समन्वय समिति का अगामी 31 मार्च को मशाल जुलूस निकाल शहर भ्रमण करेगी। इसकी जानकारी समन्वय समिति के एसपी कॉलेज इकाई ने कॉलेज परिसर में प्रेसवार्ता कर दी। समन्वय समिति के ने बताया कि 31 मार्च को मशाल जुलूस सिदो कान्हू चौक से शुरू होकर पूरे शहर में संवैधानिक तरीके से भ्रमण करेगी। मशाल जुलूस संध्या 4 बजे निकाली जायेगी। मशाल जुलूस वर्तमान हेमंत सरकार के गलत नीतियों के विरोध में निकाला जायेगा। जिसमें संताल परगना प्रमंडल के युवा-युवतियां शामिल होंगे। मशाल जुलूस निकाल विभिन्न संगठनों मोटर वाहन यूनियन, चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, बस मालिको आदि से अगामी 1 अप्रैल को आहूत सांकेतिक बंदी में सहयोग का अपील किया जायेगा। छात्र नेता श्यामदेव ने कहा कि हेमंत सरकार को यह बात समझ में आना चाहिए 1951 के बाद केंद्र के विभिन्न सरकारी उपक्रमों में झारखंड में आए विभिन्न राज्यों के लोग एवं अनके परिवार बस गए है। सवाल उठता है कि झारखंड के स्थानीय खाताधारियों का क्या होगा? इस हालात में क्या हेमंत सोरेन ने झारखंड के आदिवासियों और मूल वासियों के साथ धोखा देने का काम किया है। उन्होंने 1932 के आधार पर स्थानीय नीति बनाने का मांग किया है। छात्र नेता राजीव बास्की ने बताया कि हेमंत सरकार एवं अनके सहयोगी कांग्रेस के द्वारा बनाई गई कई गलत नीतियों के कारण जनमानस की भावनाओं को ठेस पहुंचाया है। छात्र-छात्राओं ने झारखंड के निर्माण को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि झारखंड इसी दिन के लिए बना था कि यहां के युवा रोजगार के लिए दर-दर भटके। उन्हें अपने ही राज्य में हक अधिकार के लिए सड़कों पर उतर कर आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। राजेंद्र मुर्मू ने कहा कि बाहरी लोग जो यहां रोजगार की तलाश में आए। उन्होंने अपना वोटर कार्ड यहां बनवाया और वोट भी देते है। दोहरी नागरिकता वाले लोगों को चिन्हित कर सरकार से कार्रवाई की मांग की। छात्र समन्वय समिति ने खातियान 1932 के आधार पर स्थानीय नीति बनाने, खातियान के आधार पर नियोजन नीति बनाने, रिक्तियों के विरूद्ध आवदेन में सिर्फ भारत के नागरीक न लिख कर के नागरिक एवं झारखंड राज्य का स्थानीय निवासी लिखे जाने, 60-40 का अनुपात रद्द करने एवं सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में सीयूईटी को वापस करने का मांग किया है। मांगें पूरी नहीं होने के स्थिति में छात्र समन्वय समिति ने चरबद्ध आंदोलन करते हुए अनिश्चितकालीन आर्थिक नाकेबंदी करने की चेतावनी दी है। इस अवसर पर छात्र नायकों में शिवलाल मरांडी, वेंसिंट हांसदा, विजय सिंह हांसदा, भीमसेंट सोरेन, सोकोल हेम्ब्रम, जियाधन हांसदा, बिमल टुडू, सुलिश सोरेन, मैनुअल हेम्ब्रम, बबीता मरांडी, अर्चना टुडू, सोनी सोरेन, प्रेमलता टुडू आदि मौजूद थे।



प्रेसवार्ता कर जानकारी देते छात्र समन्वय समिति।

## एनएसएस कर रहा है राष्ट्रीय ज्वलंत विषयों पर सर्वेक्षण: एसकेएमयू समन्वयक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय का राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) लगातार अपने स्वयंसेवकों एवं कार्यक्रम पदाधिकारियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से निर्धारित गतिविधियों को पूरा कर रहा है। एनएसएस में दो प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जा रही है। नियमित क्रियाकलाप और साप्ताहिक विशेष शिविर। नियमित क्रियाकलाप के अन्तर्गत युवा दिवस, पर्यावरण दिवस, सद्भावना दिवस, संविधान दिवस, महापुरुषों की जन्म जयंती, राष्ट्रीय उत्सव आदि महत्वपूर्ण दिवसों पर सामाजिक, सांस्कृतिक व राष्ट्रीय महत्त्व के विषयों को केन्द्र में रखकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। साप्ताहिक विशेष शिविर में सात दिनों तक इकाई द्वारा गोद लिए गए गांव में किसी एक थीम पर कार्यक्रम होता है। वर्तमान में विश्वविद्यालय के अंतर्गत 70 इकाई विभिन्न कॉलेजों, पीजी केन्द्रों, बीएड संस्थानों में सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। जिसमें लगभग 7 हजार स्वयंसेवक अनवरत निर्धारित कार्यक्रमों को सम्पूर्ण पारदर्शिता व शुचिता से पूरा कर रहे हैं। दुमका के एसपी कॉलेज, एसपी महिला कॉलेज, एएन कॉलेज सहित मयूराक्षी ग्रामीण कॉलेज, रानीश्वर में लगातार कार्य हो रहे हैं। इसी प्रकार विश्वविद्यालय के अधिकार क्षेत्र में आने वाले साहिबगंज, पाकुड़, गोड्डा, देवघर और जामताड़ा जिले में अवस्थित कॉलेजों में भी नियमित क्रियाकलाप के साथ विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डॉ धनंजय कुमार मिश्र ने बताया कि वर्ष 2022-23 में अभी तक 51 यूनिट ने साप्ताहिक विशेष शिविर आयोजित किया गया है। इसमें भी दिसंबर माह से अभी तक रिकार्ड 36 यूनिट ने विशेष शिविर आयोजित कर पूरे बिहार-झारखंड क्षेत्र में अव्वल स्थान हासिल किया है। एनएसएस भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय के द्वारा प्राप्त दिशा निदेर्शों पर कार्य करता है। मार्च से आयोजित शिविर में मुख्य कार्य औपचारिक शिक्षा या नियमित रोजगार में नहीं रहने वाले युवाओं का सर्वेक्षण करना है। विश्वविद्यालय समन्वयक डॉ मिश्र ने बताया कि इसके लिए रानीश्वर, धमड़ी, मिहिजाम एवं साहिबगंज के 4 कार्यक्रम पदाधिकारियों को ट्रेनिंग के लिए दिल्ली भेजा गया था। सम्प्रति इसी सर्वेक्षण पर बल दिया जा रहा है। अपने स्वयंसेवकों के कर्तव्यपरायणता से लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा।



एनएसएस समन्वयक डॉ धन्नजय मिश्रा।

## बकाये मजदूरी भुगतान को लेकर श्रमायुक्त कार्यालय पहुंचे ऊर्जा मित्र

**दुमका।** ऊर्जा मित्रों से काम कराकर मजदूरी का भुगतान नहीं होने का मामला अब अपर श्रमायुक्त कार्यालय में पहुंचा। जिला प्रशासन की पहल पर ऊर्जा मित्रों के बकाये मजदूरी भुगतान को लेकर मंगलवार को श्रम अधीक्षक एम डी अकीक के कार्यालय में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ऊर्जा मित्रों के अलावा आउटसोर्सिंग कंपनी वैभव इंफ्रा टेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि मौजूद थे। श्रम अधीक्षक ने सुनवाई के दौरान सभी पक्ष को उपस्थित रहने के लिए नोटिस जारी किया था। सुनवाई के दौरान ऊर्जा मित्रों ने श्रम अधीक्षक को अपनी व्यथा सुनाई। कहा कि बीते सात महीनों से बकाये मजदूरी भुगतान के साथ ही कंपनी द्वारा ईपीएफ और ईएससीआई का बकाया रखा गया है। ऊर्जा मित्रों के मुताबिक करीब 180 ऊर्जा मित्रों को बीते 17 महीनों से ईपीएफ और ईएससीआई नहीं दिया गया है। सात महीने का मजदूरी भुगतान भी बकाया है। नो पे, नो वर्क की मांग पर सभी ऊर्जा मित्र 17 दिनों तक हड़ताल पर रहे बावजूद कंपनी ने कोई पहल नहीं की। थक-हारकर सीएम से लेकर स्थानीय प्रशासन से गुहार लगायी। बिजली विभाग के आश्वासन पर ऊर्जा मित्र 18 मार्च को काम पर भी लौट भी गए। लेकिन कंपनी की ओर से कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई। इधर आउटसोर्सिंग कंपनी वैभव इंफ्रा टेक इंडिया के प्रोजेक्ट मैनेजर विशाल ने कहा कि ऊर्जा मित्रों का महज तीन महीनों का मजदूरी बकाया है। जिसपर कंपनी ने 30 अप्रैल तक का समय मांगा है। एग्रीमेंट में कुछ टेक्निकल इश्यूज की वजह से मजदूरी भुगतान में देर हो रहा है। टेक्निकल इश्यूज को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। श्रम अधीक्षक एम डी अकीक ने कहा कि कंपनी सरकार के स्तर से पेमेंट में हो रही देरी को समस्या बताया है। ऊर्जा मित्रों को रजिस्ट्रेशन के लिए कहा गया है। कंपनी ने बकाये मजदूरी का भुगतान करने के लिए समय मांगा है। अगर तय समय पर भुगतान नहीं होती है तो विभाग आगे की कार्रवाई करेगी।



अपर श्रमायुक्त कार्यालय सुनवाई के लिए पहुंचे बिजली विभाग के ऊर्जा मित्र।

### 1 अप्रैल से सरकारी कार्यालयों में बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य

**रांची।** झारखंड में सरकारी अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए अब एक बार फिर से बायोमेट्रिक से हाजरी बनाना अनिवार्य कर दिया गया है। बायोमेट्रिक से हाजिरी नहीं बनाने पर वेतन कट जाएगा। इस संबंध में कार्मिक विभाग की ओर से आदेश जारी कर किया गया है। एक अप्रैल से सचिवालय और अन्य सभी सरकारी कार्यालयों के लिए यह आदेश जारी किया गया है। बताया गया है कि सरकारी काम में पारदर्शिता और तेजी लाने के लिए यह आदेश जारी किया गया है। कोरोना महामारी से पहले भी यही व्यवस्था लागू की थी। लेकिन कोविड के समय संक्रमण की आशंका से बचने की खातिर ऑनलाइन हाजिरी की व्यवस्था बंद कर दी गई थी। इस दौरान कर्मचारियों ने दैनिक उपस्थिति पंजी से मैनुअल तरीके से हाजिरी लगाई। लेकिन 10 फरवरी 2023 को स्वास्थ्य विभाग की ओर से मंतव्य दिया गया। जिसमें बताया कि अब झारखंड में कोविड केस की संख्या नगण्य है, इसलिए ऑनलाइन हाजिरी की व्यवस्था शुरू की जा सकती है।

## सीडब्ल्यूसी के समक्ष प्रस्तुत किये गये 10 बालक-बालिका

**खबर मन्त्र संवाददाता**

➲ **स्पान्सरशिप से जोड़े जाएंगे 9 बालक, एक पाकुड़ भेजा गया**

**दुमका।** बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के बेंच ऑफ मजिस्ट्रेट के समक्ष मंगलवार को 10 बालक-बालिकाओं को प्रस्तुत किया गया। इनमें से प्रत्येक बच्चे की एक अलग कहानी थी। नौ बालक-बालिकाओं को चाइल्डलाइन दुमका की टीम ने प्रस्तुत किया जबकि एक बालिका को एंटी ह्यूमैन ट्रैफकिंग यूनिट (आहतु) की एसआई श्वेता कुमारी ने समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। 11 वर्षीय यह बालिका दुमका के प्रईवेट बस स्टैंड में मिली थी। जिसे भटकता हुआ देखकर किसी ने नगर थाना पहुंचा दिया था। समिति के चेयरपर्सन डॉ अमरेन्द्र कुमार, सदस्य डा राज कुमार उपाध्याय एवं नूतन बाला ने बालक, बालिकाओं और उनके माता-पिता व अभिभावकों का बयान दर्ज किया। 11 वर्षीय बालिका पाकुड़ जिला के पाकुड़िया थाना क्षेत्र की रहनेवाली थी जो घर से भाग कर दुमका पहुंच गयी थी। समिति ने बालिका एवं उसकी नानी का बयान दर्ज किया और फार्म-19 के तहत उसे इस शर्त के साथ उसकी नानी को सौंप दिया कि एक सप्ताह के अंदर वह बालिका को लेकर पाकुड़ के बाल कल्याण समिति के समक्ष हाजिर होगी। चाइल्डलाइन दुमका के टीम मेंबर निक्कु कुमार, मो इब्नूल हसन और निशा कुमारी ने छह बालकों व तीन बालिकाओं को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। ये बच्चे 08 से 15 आयु वर्ग के थे। इनमें से किसी के पिता की मृत्यु हो चुकी है तो किसी की मां ने दूसरी शादी कर ली है। ऐसे एक बालक को भी प्रस्तुत किया गया जिसके पिता के मृत्यु के बाद मां ने दूसरी शादी कर ली और बच्चों को ससुराल में उनके हाल पर छोड़ दिया। एक मामला ऐसा भी था जिसमें दूधमुंहे बच्चे समेत अपने तीन बच्चों को छोड़ कर मां मायके में रह रही है। बच्चों का पिता हिमाचल प्रदेश में काम करता है और बच्चों की देखभाल उसकी दादी करती है। इन नौ मामलों की सुनवायी के दौरान अधिकतर मामले ऐसे पाये गये जिनमें बच्चों को स्पान्सरशिप योजना से जोड़ कर उन्हें हर माह 2000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जा सकती है ताकि वे अच्छे से पढ़ाई कर सके और उन्हें पोष्टिक भोजन मिल पाये। बच्चों के अभिभावकों को 75000 रुपये से कम का वार्षिक आय प्रमाण पत्र और स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र जमा करने का निर्देश दिया गया ताकि बच्चों को स्पान्सरशिप योजना का लाभ देने के लिए चयन किया जा सके। एक बच्चा ऐसा भी था जिसकी मां उसके आंखों का इलाज नहीं करवा रही थी और न ही कोरोना के बाद से उसका किसी स्कूल में नाम लिखवाया था। बालक का सरकारी अस्पताल में इलाज करवाने और विद्यालय में नामांकन करवा कर उसकी रिपोर्ट देने को कहा गया। वचनबंध लेकर सभी बच्चों को उनके अभिभावकों के साथ घर भेज दिया गया है।

### पीएम मोदी को अपशब्द कहने के मामले में 31 मार्च को होगा फैसला

**दुमका।** जामताड़ा कांग्रेस विधायक डॉ इरफान अंसारी आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में विशेष अदालत एमपी-एमएलए कोर्ट में मंगलवार को पेश हुए। जहां विशेष अदालत एसडीजेएम जितेंद्र राम के न्यायालय में विधायक डॉ अंसारी का बयान दर्ज हुआ। दरअसल मामला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपशब्द कहने से जुड़ा हुआ था। जिसपर उनके विरूद्ध थाना कांड संख्या 917/21 के तहत सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। यह मामला जामताड़ा जिला के नारायणपुर थाना क्षेत्र के लोकनिया का है। जहां डॉ इरफान ने पीएम नरेन्द्र मोदी को मोदी जाति का कहकर संबोधित किया था। मामले में तरुण कुमार गुप्ता द्वारा नारायणपुर थाना में शिकायत दर्ज करायी गयी थी। जिसमे इरफान अंसारी का इस केस में पेश हुए। अपने बचाव में विधायक डॉ इरफान अंसारी अपने आप को बेकसूर बताया। उन्हें नाहक ही फंसाया गया है। इस केस 31 मार्च को फैसला सुनाया जायेगा।

### 46.40 लाख की लागत से निर्मित वार्ड विकास केंद्र का उद्घाटन नप अध्यक्ष ने किया

**दुमका।** नगर परिषद के वार्ड संख्या12 के लोगों को अब नगर परिषद के कार्य से नगर परिषद कार्यालय जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। चुकी वार्ड संख्या 12 में पोस्टमार्टम हाउस के सामने वार्ड विकास केंद्र की स्थापना हुई। लगभग 46.40 लाख की लागत से निर्मित वार्ड विकास केंद्र का उद्घाटन नगर परिषद अध्यक्ष श्वेता झा ने वार्ड 12 के पार्षद सीमा देवी के उपस्थिति में किया। संवेदक मो. गुलजार आलम ने यह भवन बनाया। इसकी जानकारी देते हुए नप अध्यक्ष श्वेता झा ने कहा कि इसके खुलने से वार्ड के लोगों को अब नगर परिषद कार्यालय जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र सहित तमाम कार्य यहां होगा। उन्होंने कहा कि लंबे समय से यहां के लोग इसकी मांग वार्ड विकास केंद्र बन जाने से पूरी हुई। लोगों को सामाजिक कार्य निष्पादित करने में भी आसानी होगी। वार्ड में बहुत से ऐसे लोग हैं। जिन्हें सामाजिक कार्य करने के लिए जगह नहीं है। वैसे लोग इसका उपयोग करेंगे। हमेशा गंदगी से लोगों को गंदगी से भी राहत मिलेगी। इसके बाद वार्ड संख्या 8 और 11 में भी वार्ड विकास केंद्र बनाने की योजना है। लेकिन फिलहाल जमीन का कुछ विवाद चल रहा है। विवाद समाप्त होते ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।



वार्ड विकास केन्द्र का उद्घाटन करते नप अध्यक्ष श्वेता झा।

---

बासुकीनाथ और मंदिरों के गांव मलूटी की सुरक्षा व्यवस्था होगी चाक-चौबंद

# संथालपरगना में आठ नये थाना खोलने का प्रस्ताव भेजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका-देवघर।** संथालपरगना में आठ नये जिले खोलने का प्रस्ताव डीआईजी सुदर्शन प्रसाद मंडल ने रांची मुख्यालय को भेजा है। साथ ही देवघर बाबाधाम में एसएसपी पद सृजित करने की भी मांग की है। देवघर एम्स में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के उद्देश्य से एम्स परिसर के आसपास नया थाना खोलने की कवायद शुरू की गयी है। इसे लेकर संथालपरगना के डीआईजी कार्यालय से एक प्रस्ताव मंगलवार को पुलिस मुख्यालय रांची को भेजा गया है। इसमें मुहर लगते ही यहां की सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत हो जायेगी. असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने में आसानी होगी।

### इन नये थानों के लिए डीआईजी ने भेजा प्रस्ताव



संथालपरगना के डीआईजी ने आठ नये थानों का प्रस्ताव भेजा है। संथालपरगना के डीआईजी सुदर्शन प्रसाद मंडल ने जानकारी दी है कि क्षेत्र के अलग-अलग जिलों के आठ स्थानों पर नए थाने खोलने का प्रस्ताव पुलिस मुख्यालय को भेजा गया है। इसमें मुख्य तौर पर देवघर में तीन थाने का प्रस्ताव भेजा गया है. इसमें एम्स थाना, मुफस्सिल थाना, अंधरीगादर थाना शामिल है। वहीं दुमका में तीन थाने का प्रस्ताव भेजा गया है। तीर्थस्थल बासुकीनाथ के लिए, मंदिरों के गांव मलूटी और एक साईबर थाना। इसके अलावा एक साहिबगंज यातायात थाना और एक गोड्डा रजौन मोड़ के लिए साइबर थाना।

**देवघर में एसएसपी का हो पद सृजित:** डीआईजी सुदर्शन प्रसाद मंडल ने यह भी जानकारी दी कि देवघर में एसएसपी, सिटी एसपी और ग्रामीण एसपी का पद सृजित करने का एक प्रस्ताव भेजा गया है। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य है कि देवघर बाबा बैद्यनाथधाम मन्दिर की व्यवस्था और सुदृढ़ हो सके। बताया कि फिलहाल देवघर में सिर्फ एक एसपी का होना नाकाफी है। ऐसे में यहां भी एसएसपी, सिटी एसपी और ग्रामीण एसपी का पद सृजित होना चाहिए।

### दुमका काफी महत्वपूण

डीआईजी कार्यालय से जिन आठ थानों का प्रस्ताव भेजा गया है, वे सारे महत्वपूर्ण हैं। दुमका में साइबर थाने का खुलना निहायत जरूरी है। गौरतलब है कि साइबर क्राइम के गढ़ के रूप में जाना जाने वाला जिला जामताड़ा। इसकी सीमा दुमका जिले से लगती है। इस कारण से दुमका में भी साइबर अपराधियों की धमक दिखने लगी है। इसका प्रमाण दुमका में साइबर अपराध के दर्ज मामले है। इसमें कईयों की गिरफ्तारी भी हुई है। ऐसे में यह आवश्यक है कि दुमका में भी अलग से साइबर थाना खुले। इस प्रस्ताव काफी महत्वपूर्ण माना जा सकता है।

### उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चैती छठ संपन्न

दुमका। दुमका में चैती छठ पूजा मंगलवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हुआ। छठव्रती और श्रद्धालु अहले सुबह अपने परिजनों के साथ सूप-डाला लेकर बड़ा बांध तालाब के छठ घाट पहुंच गए थे। मंगलवार को ज्यों ही सूर्य देव उदीयमान हुए वैसे ही छठ व्रतियों ने तालाब में खड़ा होकर पूरी आस्था के साथ भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। बड़ा बांध तालाब के एक ओर का घाट पर काफी संख्या में छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई थी। बड़ा बांध चैती छठ पूजा समिति द्वारा छठ व्रतियों की सुविधा के लिए व्यापक प्रबंध किए गए थे। छठ व्रतियों को अर्घ्य देने के लिए दूध के अलावे दतवन, अगरवत्ती, माचिस आदि की नि:शुल्क व्यवस्था की गई थी। समिति एवं विद्यार्थी परिसद् की ओर से श्रद्धालुओं को दूध के आलवे अन्य वस्तुओं का वितरण किया। समिति के द्वारा प्रसाद की व्यवस्था की गई थी, जिसे लेने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। चैती छठ को लेकर घाट परिसर में विशाल जागरण का आयोजन किया गया। इस जागरण कार्यक्रम में कई कलाकारों के द्वारा मनमोहन गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया। जिसे देखते के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। यह कार्यक्रम देर रात तक चला।